ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी 04:48 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
शुक्रवार, 6 जून 2025
वर्ष 35, अंक 131, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये
www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार



नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ मुकदमा दायर 14
दूसरे चार दिवसीय मैच में नजरें केएल राहुल पर 13

## ऊर्जा निगमों में छह माह के लिए हड़ताल पर रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में हड़ताल करने पर एस्मा के तहत होगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत सभी ऊर्जा निगमों में छह माह के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी गई है।

शासन की ओर से गुरुवार को इस सिलसिले में आदेश जारी किए गए। जिसके अनुसार उत्तर प्रदेश आवश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम (एस्मा) के तहत हड़ताल पर रोक लगाई गई है। शासन के अधिकारियों ने बताया कि सभी ऊर्जा निगमों में सभी तरह की सेवाओं पर हड़ताल पर रोक रहेगी। हड़ताल करने पर कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शासन के सूत्रों ने बताया कि निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों के तेज होते आंदोलन को ध्यान में रखकर हड़ताल पर रोक लगाई गई है। वजह यह है कि बिजली कर्मी ऊर्जा निगमों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हो रही बैठकों का बहिष्कार कर रहे हैं। बीते दिन पावर कॉरपोरेशन ने 87 अभियंताओं को आरोप पत्र दिए हैं, जबकि कई अभियंताओं के स्थानांतरण कर दिए गए हैं।

# बेंगलुरु भगदड़ मामले की जांच के लिए आयोग गठित

## बेंगलुरु सिटी के सीपी सहित कई पुलिस अधिकारी निलंबित, आरसीबी, आयोजकों और केएससीए के खिलाफ मामला दर्ज

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ के सिलसिले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने बेंगलुरु के कई आला पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है जिनमें बेंगलुरु सिटी के पुलिस कमिश्नर (सीपी), बेंगलुरु सेंट्रल जोन के डीसीपी, कब्बन पार्क के सहायक पुलिस कमिश्नर (एसीपी) और कब्बन पार्क के इंस्पेक्टर भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने घटना की जांच के लिए आयोग भी गठित किया है जो 30 दिन में जांच रिपोर्ट सौंपेगा। सीआईडी को भी मामले की जांच सौंपी गई है। घटना की मजिस्ट्रेट जांच भी हो रही है जिसका नेतृत्व बेंगलुरु शहरी उपायुक्त जी जगदीश कर रहे हैं। दूसरी ओर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और अन्य के खिलाफ गुरुवार को गैर इरादतन हत्या सहित अन्य आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

चार जून को मची इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि पुलिस के एक निरीक्षक की शिकायत के बाद 4 जून को कब्बन पार्क थाने में कार्यक्रम प्रबंधन कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया। मामला जांच के लिए आपराधिक जांच विभाग को स्थानांतरित कर दिया गया है। मामला बीएनएस की धाराओं 105 (गैर इरादतन हत्या), 115 (जान-बूझकर चोट पहुंचाना), 118 (खतरनाक हथियारों या साधनों का इस्तेमाल करके जान-बूझकर चोट या गंभीर चोट पहुंचाना), 121 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य निर्वहन से रोकने के लिए स्वेच्छा से चोट पहुंचाना या गंभीर चोट पहुंचाना) के साथ अन्य धाराओं में दर्ज किया गया है।

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को यहां क्रिकेट स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से हुई मौतों के मामले में स्थिति रिपोर्ट पेश करने का गुरुवार को निर्देश दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वी. कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति सी एम जोशी की पीठ ने मामले का स्वत: संज्ञान लेने के बाद राज्य को 10 जून तक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

### नई एसओपी तैयार करेगी कर्नाटक सरकार

**बेंगलुरु।** राज्य के गृहमंत्री जी परमेश्वर ने गुरुवार को बताया कि कर्नाटक सरकार बड़े आयोजनों, सभाओं और जश्न के लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करेगी ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके। यह कदम बुधवार को एम चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम के पास मची भगदड़ की घटना के बाद उठाया गया है जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी।

### मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये देगी आरसीबी

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। आरसीबी की ओर से गुरुवार को जारी आधिकारिक बयान में भगदड़ में मारे गए 11 लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की गई है।

## एक नजर

### शनिवार से चलेगी कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर में कटरा से श्रीनगर के बीच वंदे भारत ट्रेन सेवा सात जून से आम लोगों के लिए शुरू हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने इसके लिए अग्रिम बुकिंग गुरुवार शाम से शुरू कर दी। उत्तर रेलवे के अनुसार, कटरा से श्रीनगर के बीच दो वंदे भारत ट्रेन दिन में चार फेरे लगाएंगी। इस ट्रेन में दो श्रेणियां चेयर कार (सीसी) और एक्जिक्यूटिव क्लास (ईसी) हैं और टिकट की दर क्रमश: 715 रुपये और 1,320 रुपये है। यात्रा के दौरान यात्रियों को शाकाहारी भोजन परोसा जाएगा।

### जनगणना में बजट बाधा कभी नहीं रहा

**नई दिल्ली।** जनगणना के लिए बजट में प्रस्तावित धन कम होने की आलोचनाओं को खारिज करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि इस काम में धन की कमी कभी आड़े नहीं आई है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि आगामी जनगणना के बाद लोक सभा की सीटों के परिसीमन को लेकर दक्षिण के राज्यों की चिंताओं को ध्यान में रखा जाएगा। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा जनगणना के लिए बजट कभी बाधा नहीं रहा है, क्योंकि धनराशि का पर्याप्त आवंटन हमेशा सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जाता रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने कई बार स्पष्ट किया है।

# अयोध्या में श्रद्धालुओं पर चलती थीं कभी गोलियां, आज पुष्पवर्षा

## रामकथा पार्क में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, किया पौधरोपण

- अपने जन्मदिन पर रामदरबार की प्राण प्रतिष्ठा में हुए शामिल उतारी आरती

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या



राम दरबार की आरती उतारते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कभी अयोध्या आने वाले रामभक्तों पर गोलियां चला करती थीं। श्रद्धालुओं पर लाठी-डंडे बरसाकर प्रताड़ित किया जाता था। आज श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा होती है। उन्हें आरओ का शुद्ध पानी पीने को मिलता है। अयोध्या आज पूरी दुनिया के सामने ''अतिथि देवो भव:'' की नई परिभाषा गढ़ रही है। ये बातें गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वह राम कथा पार्क में अयोध्या नगर निगम के वर्तमान बोर्ड के दो वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अयोध्या की पहचान विश्व पटल पर बदल रही है। 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा ने 500 साल के लंबे इंतजार को समाप्त किया। यह भारत के पुनर्वैभव की स्थापना का प्रतीक है। अपने 53वें जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री ने सबसे पहले हनुमानगढ़ी और श्रीरामलला मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। बजरंगबली व श्रीराम की आरती उतारी। श्रीराम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए। इसमें माता जानकी के साथ सिंहासन पर विराजमान भगवान श्रीराम, उनके साथ खड़े भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के साथ-साथ बजरंगबली के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक विधि-विधान से संपन्न हुई। सफेद संगरमर से बनी प्रतिमाएं अलग ही शोभा बिखेर रही थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में गंगा दशहरा के पावन पर्व पर अभिजित मुहूर्त में श्रीराम दरबार के साथ मन्दिर परिसर के सभी नवनिर्मित देवालयों में एक साथ सामूहिक मंत्रोच्चार के साथ देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा हुई। मुख्यमंत्री ने रामदरबार का पूजन-अर्चन कर पहली आरती उतारी। साष्टांग प्रणाम किया। इसके बाद सरयू तट पर स्थित चौधरी चरण सिंह पुष्प वाटिका में पीपल, पाकड़, नीम और नौग्रहों के पौधे लगाए। इसके बाद 13वें सरयू जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया।

### सभी डीएम अपने जिले की एक नदी को करें पुनर्जीवित

मुख्यमंत्री ने आंजनेय सेवा संस्थान द्वारा पक्का घाट पर आयोजित 13वें सरयू जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने अयोध्या के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व को रेखांकित करते हुए नदियों के पुनर्जन्म, विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों से कह दिया गया है कि वो अपने-अपने जिले की एक नदी को पुनर्जीवित करें। नदियों में न सीवर डाला जाए, न नाले गिराए जाएं, न मरे हुए जानवर फेंके जाएं। नदियों के किनारे व्यापक रूप से पौधरोपण अभियान चलाया जाए। इस वर्ष 35 करोड़ पौधों का रोपण नदियों के किनारे किया जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर में 32 स्थानों पर एनआईए का छापा

- आतंकवादी साजिश को किया बेनकाब

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर को अस्थिर करने के लिए पाकिस्तान समर्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनके सहयोगियों की आतंकवादी साजिश के खिलाफ गुरुवार को कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि केन्द्र शासित प्रदेश में 32 स्थानों पर छापेमारी की गई। छापे के दौरान प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े प्रमुख आतंकवादियों और उनके मददगारों ओवरग्रांउड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) को निशाना बनाया गया।

जिन स्थानों पर तलाशी ली गई, वे प्रमुख आतंकवादियों और पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों की शाखाओं द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट जम्मू और कश्मीर (यूएलएफजेएंडके), मुजाहिदीन गजवत-उल-हिंद (एमजीएच), जम्मू कश्मीर फ्रीडम फाइटर (जेकेएफएफ), कश्मीर टाइगर, पीएएएफ, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और अल-बद्र जैसे संगठनों से संबद्ध आतंकवादियों के मददगारों के आवासीय परिसर हैं।

# साकेत कोर्ट के लॉकअप में विचाराधीन बंदी की हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

- पेशी पर आए दो अन्य कैदियों ने पीट-पीटकर मार डाला
- मामले की जांच के लिए गठित की गई पुलिस की टीम

दिल्ली की साकेत अदालत में गुरुवार को सुनवाई के लिए लाए गए एक विचाराधीन बंदी की न्यायालय के हवालात में दो अन्य कैदियों ने कथित रूप से पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस मामले को सुरक्षा में बड़ी चूक बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों ने कथित तौर पर लात-घूंसों से बार-बार उस पर हमला किया और उसका सिर दीवार पर दे मारा।

पुलिस ने बताया कि हत्या के प्रयास के एक मामले में मुकदमे का सामना कर रहे अमन (24) को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मामले की जांच के लिए पुलिस द्वारा एक टीम गठित की गई है, जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि हवालात में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे बचाने में देरी क्यों की।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकित चौहान ने एक बयान में कहा कि हवालात में कई विचाराधीन कैदियों की मौजूदगी में अमन पर जितेंद्र उर्फ जित्ते और जयदेव उर्फ बच्चा ने हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि अमन को साकेत अदालत में पेशी के लिए लाया गया था और हवालात के खारजा नंबर- 5 में यह घटना हुई।

प्रारंभिक जांच से ऐसा लगता है कि पूर्व में हुए विवाद के कारण यह हमला किया गया। अमन ने 2024 में जितेंद्र और उसके भाई पर कथित रूप से चाकू से हमला किया था। पुलिस ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि विवाद जारी रहा, जो हिरासत के दौरान और बढ़ गया। उसने बताया कि गोविंदपुरी निवासी अमन को हमले में गंभीर चोटें आईं और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### यह घटना सुरक्षा में बड़ी चूक का नतीजा

पटियाला हाउस कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव अधिवक्ता वीरेंद्र कसाना ने कहा कि यह दिल्ली पुलिस की ओर से एक बड़ी सुरक्षा चूक है। कसाना ने कहा कि यह बहुत गंभीर घटना है और दिल्ली पुलिस की बड़ी सुरक्षा चूक है। सभी पुलिस अधिकारियों को पता होता है कि उन्हें अपराधियों को कब अदालत में पेश करने के लिए लाना है। लेकिन उन्हें एक ही कोठरी में रखना सुरक्षा में बड़ी चूक है।

# ऑटो पर पलटा ट्रक, सात की मौत

रीवा, एजेंसी

- तीन अन्य घायल, मप्र के रीवा जिले में हुआ हादसा
- प्रयागराज से गंगा स्नान कर घर लौट रहे थे सभी लोग



मध्यप्रदेश के रीवा जिले में गुरुवार को एक ऑटो रिक्शा पर ट्रक पलट जाने के कारण सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर अपराह्न करीब 2.30 बजे हुई, जब ऑटोरिक्शा में सवार लोग उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में गंगा नदी में स्नान कर लौट रहे थे।

दुर्घटनास्थल जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर की दूरी पर है। मृतकों में चार बच्चे, दो पुरुष और एक महिला शामिल हैं। इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बचाव अभियान शुरू किया और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विवेक लाल ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-30 से गुजर रहा ट्रक अनियंत्रित होकर एक ऑटोरिक्शा पर पलट गया, जिससे उसमें सवार लोग फंस गए। उन्होंने बताया कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन ने बाद में दम तोड़ दिया। ऑटोरिक्शा में सवार यात्री प्रयागराज में गंगा नदी में स्नान करने के बाद रीवा की सीमा से लगे मऊगंज जिले के नईगढ़ी लौट रहे थे। एएसपी ने बताया कि ट्रक प्रयागराज से रीवा जा रहा था। मृतकों की पहचान रामजीत जायसवाल (38), पिंकी (35), हीरालाल जायसवाल (65), प्रवीण (12), अंबिका (8), मानसी (7) और अरविंद (6) के रूप में हुई है।

# कानपुर देहात में हत्या के दोषी को कोर्ट ने दी मौत की सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- 10 महीने पहले भोगनीपुर क्षेत्र में हुई थी वारदात

**अमृत विचार :** करीब 10 माह पहले एक बच्ची की हत्या में एडीजे कोर्ट-6 ने दोषी को मृत्यु दंड की सजा सुनाई है, जबकि बच्ची के माता-पिता सहित छह लोगों की हत्या के प्रयास में उम्रकैद दी है। 15 लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव की पूजा ने पति की मौत के बाद औरैया जनपद के दिबियापुर थाना क्षेत्र के मुरलीपुरवा निवासी अपनी बहन पूनम के देवर दीपू के साथ वर्ष 2021 में दूसरी शादी कर ली थी। पूजा पिपरी गांव में ही अपने बच्चों दूसरे पति दीपू के साथ रहती थी। दीपू पहले पति के बच्चों से खुन्नस रखता था। 22 जुलाई 2024 की रात दीपू ने पत्नी पूजा, सौतेले पुत्र उमंग, पूजा के देवर महेंद्र, उसकी पत्नी विभा, 6 साल की पुत्री काव्या व 8 साल के पुत्र सूर्यांश पर बांके से हमला किया था, जिसमें काव्या की मौत हो गई थी। भोगनीपुर पुलिस ने विवेचना कर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। एडीजे-6 दुर्गेश ने गुरुवार को दोषी दीपू को हत्या में फांसी और हत्या के प्रयास में आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# प्रदेश में बिछाया जाएगा पुलों का संजाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोक निर्माण विभाग ने बनाई कार्य योजना, बनेंगे 3235 पुल

**अमृत विचार :** प्रदेश के सभी शहरों, तहसीलों, जिलों, ब्लॉक व ग्राम में बेहतर आवागमन के लिए पुलों का जाल बिछेगा। योगी सरकार 28346 करोड़ रुपये खर्च करके कुल 3235 पुल बनाएगी। इसमें 60 मीटर से अधिक लंबे पुलों का निर्माण उ.प्र राज्य सेतु निगम करेगा, जबकि 6 से 60 मीटर तक के पुल लोक निर्माण विभाग बनाएगा।

लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई वार्षिक कार्य योजना 2025-26 के अनुसार जिन बड़े व छोटे पुलों का निर्माण होना है उसमें मुख्यत: तीन योजनाओं का समावेश होगा। इसमें राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), राज्य योजना (ग्रामीण) तथा राज्य योजना (शहरी) प्रमुख हैं। इन तीनों योजनाओं के जरिए प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पुलों के निर्माण के साथ ही कच्चे व लकड़ी के पुल और जीर्ण-शीर्ष अवस्था वाले पुलों का नवनिर्माण व विकास सुनिश्चित होगा।

इसमें विशेष रूप से ऐसे क्षेत्रों में स्थायी पुलों के निर्माण पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है जहां पुल क्षतिग्रस्त हो चुके हैं या फिर ग्रामीण मार्गों पर जनता द्वारा अस्थायी पुलों का निर्माण किया गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण सेतुओं के निर्माण को वरीयता के आधार पर निर्मित किया जाएगा जिससे मार्गों की सुरक्षा के साथ ही यातायात के लिए स्थायी समाधान उपलब्ध हो सकेगा। कार्ययोजना के अनुसार जिन 3235 दीर्घ व लघु पुलों के निर्माण, नवनिर्माण, सुदृढ़ीकरण व विकास किया जाना है, उनमें अधिक आबादी को लाभान्वित करने के लिए विशेष तौर पर वरीयता के आधार पर चिह्नित किया जाएगा।

यहां आवागमन की दूरी को घटाने और यातायात के उचित प्रबंधन के लिए जन प्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर 10 किमी के मानक में शिथिलता दी जा सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों के सार्वजनिक, धार्मिक या पर्यटन महत्व वाले स्थलों पर 10 किमी की शर्त लागू नहीं की जाएगी।

# मैनपुरी में आर्मी के फर्जी ट्रेनिंग कैंप का भंडाफोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मास्टरमाइंड अरविंद पांडेय और उसका सहयोगी गिरफ्तार

**अमृत विचार :** मैनपुरी जिले में फर्जी आर्मी ट्रेनिंग कैंप का राजफाश हुआ है जहां से कई राज्यों के युवाओं को ठगा जा रहा था। उत्तराखंड, तेलंगाना, हरियाणा, राजस्थान, उड़ीसा, कर्नाटक आदि में विज्ञापन जारी कर फर्जी ट्रेनिंग के लिए युवाओं को इन सेंटरों पर बुलाया जाता था।

इस गैंग के मास्टरमाइंड अरविंद पांडेय और उसकी सहयोगी सुमित्रा सेनापति को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें बनाई गई हैं। भारतीय पुलिस प्रोटेक्शन फोर्स (बीपीपीएफ) नाम से संचालित हो रहे इस नकली सैन्य भर्ती केंद्र से सेना जैसी वर्दी, नकली एयर गन, फर्जी दस्तावेज के साथ कई अन्य सामान बरामद हुए हैं। तेलंगाना के करीमनगर जिले के बनटाउन थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर कॉलोनी निवासी अशोक पुत्र राजइया ने किशनी पुलिस से शिकायत की थी। गिरोह के सदस्य सेना में भर्ती का झांसा देकर युवाओं से 2 से 3 लाख रुपये तक वसूली कर रहे थे। अब तक करीब 400 युवाओं से ठगी की जा चुकी है।

## शर्मिष्ठा पनोली को अंतरिम जमानत

- विवादित वीडियो पोस्ट करने पर हुई थी गिरफ्तारी

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सांप्रदायिक टिप्पणियों वाला वीडियो अपलोड करने के आरोप में गिरफ्तार सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर शर्मिष्ठा पनोली को गुरुवार को अंतरिम जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि उसके खिलाफ शिकायत में किसी संज्ञेय अपराध का खुलासा नहीं हुआ है। कानून की छात्रा पनोली (22) को पिछले सप्ताह हरियाणा के गुरुग्राम से कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ कोलकाता के गार्डन रीच थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# भारत में निर्मित किया जाएगा लड़ाकू विमान राफेल का ढांचा

## फ्रांस की दसॉ एविएशन के साथ हुआ टाटा एडवांस सिस्टम का करार

- उत्पादन के लिए हैदराबाद में होगी एक अत्याधुनिक केंद्र की स्थापना

नई दिल्ली, एजेंसी



फ्रांस की विमान निर्माण कंपनी दसॉ एविएशन ने भारत में राफेल लड़ाकू विमान का ढांचा (फ्यूजलाज) बनाने के लिए गुरुवार को टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड से समझौता करने की घोषणा की। दोनों कंपनियों के बीच हुए करार के तहत टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लड़ाकू विमान के प्रमुख ढांचे का उत्पादन करने के लिए हैदराबाद में एक अत्याधुनिक उत्पादन केंद्र की स्थापना करेगी।

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने कहा कि हैदराबाद में स्थापित होने वाल फैक्ट्री में राफेल के पहले ढांचे का निर्माण वर्ष 2028 में होने की संभावना है और उत्पादन केंद्र से प्रति माह दो पूर्ण ढांचों की आपूर्ति होने की उम्मीद है। टीएएसएल ने कहा कि वह हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी, जिसमें पिछले हिस्से का ढांचा, पूरा पिछला भाग, बीच का हिस्सा और अगला हिस्सा शामिल हैं।

टीएएसएल ने कहा कि उसने भारत में राफेल लड़ाकू विमान के ढांचे के निर्माण के लिए दसॉ एविएशन के साथ चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। उसने कहा कि यह देश की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को समर्थन देने की दिशा में एक अहम कदम है। दसॉ एविएशन के चेयरमैन और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा कि पहली बार राफेल के धड़ का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा।

### भारत के एयरोस्पेस क्षेत्र में यह अहम कदम

दसॉ के चेयरमैन ट्रैपियर ने कहा कि यह भारत में हमारी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि भारतीय एयरोस्पेस उद्योग में प्रमुख कंपनियों में से एक टीएएसएल सहित हमारे स्थानीय भागीदारों के विस्तार के कारण, यह आपूर्ति श्रृंखला राफेल के सफल विस्तार में योगदान देगी और हमारे समर्थन से हमारी गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता आवश्यकताओं को पूरा करेगी। टीएएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक सुकरन सिंह ने कहा कि यह साझेदारी भारत के एयरोस्पेस क्षेत्र में एक अहम कदम है।

# योगी ने किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण पर जोर

## मुख्यमंत्री ने आवास पर लगाया बेल का पौधा, विश्व पर्यावरण दिवस को योगी के जन्मदिन ने बनाया और खास



अपने जन्मदिन पर सरकारी आवास पर पौधा रोपित करते मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व पर्यावरण दिवस और अपने जन्मदिन की शुरुआत पूजा-पाठ के बाद पौधरोपण से की। सरकारी आवास पर गुरुवार सुबह बिल्व (बेल) का पौधा लगाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। 'एक्स' पर लिखा कि माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः।

विश्व पर्यावरण दिवस को मुख्यमंत्री योगी के जन्मदिन ने और खास बना दिया। उनके आवास पर मंत्रियों, अधिकारियों समेत तमाम गणमान्य लोगों का सुबह से ही तांता लगा रहा। इस दौरान वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, वन राज्यमंत्री केपी मलिक ने मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं व स्मृति चिह्न भेंट किया। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव (वन/पर्यावरण) अनिल कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक/विभागाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रचार-प्रसार) पीपी सिंह, लखनऊ की मुख्य वन संरक्षक रेनू सिंह आदि की मौजूदगी रही। मुख्यमंत्री योगी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दीं और धरती को हरा भरा रखने की लोगों से अपील की।

### भाजपा ने शुरू किया एक पेड़ मां के नाम अभियान

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने पदाधिकारियों के साथ गुरुवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में पौधरोपण कर एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया। सभी जिला मुख्यालयों पर पौधरोपण करते हुए जिला स्तर पर अभियान भी शुरू हो गया है। 23 जून डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से 5 अगस्त तक बूथ स्तर पर पौधरोपण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान भाजपा अपने हर कार्यक्रम के बाद पौधरोपण करेगी। साथ ही, पार्टी के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल, शक्ति केंद्र, बूथ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा जनप्रतिनिधि वृहद स्तर पर पौधरोपण के कार्यक्रमों से जुड़ेंगे।

# 10 हजार करोड़ के निवेश से बनेगा टेक्सटाइल पार्क

**लखनऊ, अमृत विचार :** लखनऊ-हरदोई सीमा पर प्रस्तावित पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल और परिधान पार्क के विकास के लिए मास्टर डेवलपर के चयन की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। 10 हजार करोड़ के निवेश से स्थापित होने जा रहे इस टेक्सटाइल पार्क से 1 लाख से अधिक रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। पीपीपी मोड पर विकसित होने वाले इस पार्क के लिए केंद्र सरकार दो चरणों में 500 करोड़ देगी। चयनित मास्टर डेवलपर को 50 वर्षों की रियायत अवधि पर परियोजना दी जानी प्रस्तावित है। इसके लिए चयनित भूमि को एसपीवी को 99 वर्ष की लीज पर प्रति वर्ष प्रति एकड़ 1 रुपये की दर से हस्तांतरित किया जा चुका है।

परियोजना पूरी होने पर स्थापित होने वाली इंडस्ट्रियल यूनिट्स को योगी सरकार द्वारा विभिन्न मदों में छूट देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। मास्टर डेवलपर पार्क के लेआउट, सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर का डिजाइन तैयार करेगा। मास्टर डेवलपर ही पूरे टेक्सटाइल पार्क का निर्माण करेगा, जबकि सरकार द्वारा दी गई सहायता राशि के साथ ही निजी निवेश से परियोजना को गति दी जाएगी। निर्माण के बाद मास्टर डेवलपर पार्क का संचालन और प्रबंधन करेगा, जबकि रियायत अवधि समाप्त होने के बाद पार्क का स्वामित्व और संचालन अधिकार राज्य सरकार और एसपीवी को वापस सौंप दिया जाएगा।

**शिवसेना काशी प्रांत कार्यालय का शुभारंभ आज : प्रयागराज :** शिवसेना उप्र इकाई महानगर प्रयागराज कार्यालय का शुभारंभ शुक्रवार की शाम चार बजे ताशकंद मार्ग (निकट शकुंतला हास्पिटल) पर होने जा रहा है। यह कार्यालय काशी प्रांत संगठन का मुख्य कार्यालय होगा। इस आयोजन में प्रदेश संगठन के बडे पदाधिकारी सम्मलित होंगे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

# क्लासीफाइड

## सूचना

मेरे सर्विस रिकार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम खेम राज राजपूत (KHEM RAJ RAJPUT) जन्मतिथि – 10 – 10 – 1959 दर्ज है। जबकि मेरा शुद्ध व सही नाम खेमराज राजपूत (KHEMRAJ RAJPUT) है। इसी तरह मेरी पत्नी का नाम भी बिमाला राजपूत (BIMALA RAJPUT) जन्मतिथि– 01–07–1963 दर्ज है। जबकि शुद्ध व सही नाम बिमला राजपूत (BIMLA RAJPUT) है। **खेमराज राजपूत पुत्र स्व0 श्री बत्तू लाल राजपूत निवासी– गदनपुर पोस्ट– फफूँद तहसील एवं जिला– औरैया (उ0प्र0)**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की ग्राम पंचायत गौसगंज विकास खण्ड कछौना की प्रस्तावित बहुउद्देशिय मत्स्य जीवी सहकारी समिति ली0 ग्राम पचांयत गौसगंज विकास खंड कछौना तहसील सण्डीला जनपद हरदोई के गठन हेतु दिनांक 07/06/2025 व 09/06/2025 व 11/06/2025 को स्थान अरविन्द कुमार के आवास के बाहरी प्रांगण मे कटरा गौसगंज मे खुली बैठक का आयोजन किया जा रहा है ग्राम पंचायत मे आने वाले सभी मजरो के ग्राम वासियों से विनती है की खुली बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

**निवेदक**
**प्रस्तावित बहुउद्देशिय मत्स्य जीवी सहाकारी सीमित लि0**
**ग्राम पंचायत गौसगंज, विकासखंड कछौना, जनपद- हरदोई**

## सूचना

मेरी पुत्री का खाता उप डाकघर मगरवारा, उन्नाव में 'सुकन्या समृद्धि योजना' के अंतर्गत अविका गौतम नाम से संचालित है, जबकि अन्य समस्त शैक्षिक व सरकारी अभिलेख अविका सिंह नाम से हैं। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मेरी पुत्री को अविका सिंह नाम से ही जाना व पहचाना जाए। **ज्योति पत्नी अरविंद कुमार, निवासी ग्राम दुर्गनखेड़ा, मजरा मसवासी, थाना कोतवाली सदर, जिला उन्नाव।**

## सूचना

सूचित हो कि मैं **लिशा अजमानी पुत्रीअमर जीत सिंह अजमानी निवासी मकान सं0–288/ए, निकट गौरी फाटक, धर्मशाला रोड हरदोई उ0प्र0–241001** मेरे आधार कार्ड सं0 2332 5631 0122 में मेरा नाम लिशा (LISHA) अंकित है और पिता के नाम में सरनेम अजमानी अंकित है। अतः मेरे आधार कार्ड में अंकित अपने नाम में संशोधन कराकर लिशा के स्थान पर लिशा अजमानी (LISHA AJMANI) अंकित किया जाय तथा भविष्य में मुझे लिशा अजमानी (LISHA AJMANI) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

## सूचना

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम अनिकेत दूबे, पिता का नाम हनुमन्त लाल दूबे व माता का नाम राजकुमारी दूबे अंकित हो गया है। जबकि वास्तविक रूप से मेरा नाम अभिषेक कुमार गुप्ता, पिता का नाम हनुमन्त लाल व माता का नाम राजकुमारी है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाय।


# मुख्यमंत्री को जन्मदिन पर बधाई देने को लगा रहा तांता

- योगी ने यूपी के विकास के लिए अथक काम किया : मोदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 53वें जन्मदिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत केंद्रीय मंत्री, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल और प्रदेश सरकार के शीर्ष पदाधिकारियों समेत देश-विदेश से गुरुवार को शुभकामनाओं का तांता लगा रहा। सोशल मीडिया पर योगी आदित्यनाथ, लोकप्रिय मुख्यमंत्री और हिंदू हृदय सम्राट जैसे ट्रेंड्स दिनभर छाए रहे। मुख्यमंत्री ने सभी का शुभकामनाओं के लिए आभार जताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में यूपी के विकास के लिए अथक काम किया है, जिससे राज्य के लोगों की जीवन गुणवत्ता में सुधार हुआ है। गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समेत विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों व पार्टी नेताओं ने ने योगी की उपलब्धियां गिनाते हुए बधाई दी। जन्मदिन को सोशल मीडिया यूजर्स और कार्यकर्ताओं ने एक उत्सव के रूप में मनाया। हैशटैग, लोकप्रिय मुख्यमंत्री, हिंदू हृदय सम्राट जैसे ट्रेंड्स पूरे दिन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, एक्स, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर ट्रेंड करते रहे।

# आईजीआरएस के निस्तारण में लापरवाही 16 लेखपाल निलंबित

**प्रयागराज।** डीएम रवीन्द्र कुमार मांदड ने आईजीआरएस निस्तारण में लापरवाही को गंभीरता से लिया है। उन्होंने जिले के 16 लेखपालों को निलंबित कर दिया है। जिले की हर तहसील से दो - दो लेखपालों को निलंबित कर दिया गया है। सदर तहसील से कैलाश किशोर, राकेश कुमार पाल, हंडिया से नमुज्जमा उस्मानी, गिरिजा शंकर, फूलपुर तहसील से मसऊद अहमद, वीरेंद्र कुमार को, सोरांव से सत्येंद्र भोतिया, अनुराग कुमार, करछना से इकराम उल्ला, बैजनाथ तिवारी, बारा से मो. आरिफ, ज्योत्सना सिंह, मेजा से रमाशंकर व सूर्य प्रकाश और कोरांव से शिव कुमार वैश्य और अतुल तिवारी को निलंबित कर दिया गया है।

# शिक्षकों के अंतरजनपदीय तबादले को आवेदन नौ से

- 14 जून को ऑनलाइन सत्यापन एवं डाटा किया जाएगा लॉक

**प्रयागराज, अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षक, शिक्षिकाओं के अंतर जनपदीय स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन नौ जून से 12 जून तक आनलाइन होंगे। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने गुरुवार को इस संबंध में प्रदेश के सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किए।

कई साल बाद होने जा रहे ओपेन स्थानांतरण के लिए छह से सात जून तक आरटीई मानकों के आधार पर छात्र-शिक्षक अनुपात की गणना करते हुए शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की आवश्यकता वाले एवं आवश्यकता से अधिक शिक्षक वाले जिलों को चिन्हित करते हुए सूची ऑनलाइन प्रदर्शित की जाएगी। सचिव बेसिक शिक्षा परिषद सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि शिक्षक - शिक्षिकाएं नौ से 13 जून तक ऑनलाइन आवेदन की छायाप्रति संबंधित बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करेंगे।

सचिव बेसिक शिक्षा परिषद सुरेन्द्र तिवारी ने बताया कि बीएसए के स्तर से 14 जून को ऑनलाइन सत्यापन एवं डाटा लॉक किया जाएगा। एनआईसी लखनऊ द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर के माध्यम से 16 जून को स्थानांतरण करते हुए सूची जारी की जाएगी। अंतर जनपदीय स्थानांतरण के लिए सेवा अवधि की बाध्यता नहीं है।

# क्रय केंद्रों पर पड़ा है 300 मीट्रिक टन गेहूं

**प्रयागराज।** जिले में गेहूं खरीद का सरकारी लक्ष्य तो पूरा हो चुका है लेकिन अब तक क्रय केंद्रों पर 300 मीट्रिक टन गेहूं पड़ा हुआ है। इसे गोदामों में अभी तक नहीं भेजा जा सका है। सीडीओ व क्षेत्रीय विपण अधिकारी हर्षिका सिंह ने जब बैठक की तो इसकी जानकारी हुई। प्रतापगढ़ और कौशाम्बी में अब तक 800 - 800 मीट्रिक टन गेहूं क्रय केंद्रों पर पड़ा हुआ है जबकि प्रयागराज में 300 मीट्रिक टन गेहूं केंद्रों पर पड़ा है। सीडीओ ने जिलों के डिप्टी आरएमओ को फोन कर तत्काल इसे गोदामों तक पहुंचवाने के लिए निर्देश दिया गया है।

# पर्यावरण सुरक्षा को लेकर भाजपा के पास विजन नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की विकास के लिए न तो कोई योजना है और नहीं जनजीवन की सुरक्षा के लिए कोई विजन है। पर्यावरण की समस्या वर्तमान की ज्वलंत समस्या है। वनसंपदा नष्ट होती जा रही है, नदियां सूख रही हैं, तालाब मिटते जा रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग से धरती पर जिंदगी खतरे में है। सपा प्रमुख ने गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर जारी बयान में कहा कि नदियां जीवन देती है, किसी का जीवन लेती नहीं है। भाजपा सरकार गंगा-जमुना या गोमती पर सिर्फ सियासत करती है। नदी की सफाई की जगह केवल फंड का सफाया करना उसका ध्येय है। नदियों के नाम पर ठगने में भी भाजपा माहिर है। नमामि गंगे योजना में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। करोड़ों रुपये का बजट बह गया फिर भी मां गंगा साफ नहीं हुईं। नमामि गंगे योजना जुमला बनकर न जाने कहां चली गयी है।

# प्लास्टिक के प्रयोग से बचें: जेडी आरएन विश्वकर्मा

- पर्यावरण दिवस के अवसर पर केपी इंटर कॉलेज में रोपे गए पौधे

**प्रयागराज, अमृत विचार।** केपी इंटर कॉलेज में समर कैंप के प्रतिभागी छात्र, छात्राओं द्वारा आज विश्व पर्यावरण दिवस समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि जेडी आरएन विश्वकर्मा ने कालेज स्थित मुंशी काली प्रसाद उद्यान में पौधरोपण कर किया। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हमें पर्यावरण संरक्षण के महत्व की याद दिलाता है। यह दिन प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को समझने और प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर ध्यान देने का अवसर है। स वर्ष की थीम है कि'प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना। जेडी ने छात्र, छात्राओं से कहा कि वह संकल्प ले की भारत को प्लास्टिक मुक्त बनाए जाने के लिए जन जागरण अभियान का हिस्सा बनेंगे।


## पूर्वोत्तर रेलवे


### ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना। **एडमिन यूनिट/जोन :** लखनऊ-पू०उ०रे० -मण्डल-वाणिज्य/ पू०उ०रे०, **नीलामी सूची सं०/लॉट सं० :** LJN-ADVT-07-25, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि :** 02-06-2025 समयः 13.10 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) :** 18-06-2025 समयः 13:00 बजे, **नीलामी बन्द करने की तिथि व समय :** 18-06-2025 समयः 13:50 बजे, **नीलामी का प्रकार :** Close Ended, **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,
मुजाधि/वा०- 58 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# अनामिका ने 14 हजार फीट से फहराया ऑपरेशन सिंदूर का झंडा




**प्रयागराज, अमृत विचार।** देशभर में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जहां जश्न मनाया जा रहा है, वहीं प्रयागराज की स्काई डाइवर अनामिका शर्मा ने विदेश की धरती पर "आपरेशन सिंदूर" का झंडा लेकर 14000 फीट की ऊंचाई से छलांग लगाई है।

प्रयागराज की बेटी और देश की सबसे कम उम्र की स्काई डाइवर अनामिका शर्मा ने अपने अलग अंदाज में सेना और देश के लोगों का मनोबल बढ़ाने का कार्य किया है। अनामिका शर्मा ने विदेश की धरती थाइलैंड के बैंकाक में आपरेशन सिंदूर के समर्थन में, "आपरेशन सिंदूर" का झंडा लेकर आसमान से 14,000 फीट से छलांग लगाई है। यह कारनामा अनामिका शर्मा ने गुरुवार को भारतीय समय के अनुसार पूर्वाह्न 11 बजे के करीब किया है। अनामिका शर्मा भारत की अकेली महिला स्काई डाइविंग प्रशिक्षक के स्काई डाइवर का खिताब अपने नाम दर्ज कराने वाली हैं। अनामिका शर्मा उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की निवासी है और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्य शैली से बहुत प्रभावित रहती हैं। यूएसपीए यानि यूनाइटेड स्टेट पैराशूट एसोसिएशन का सी कैटेगरी का स्काई डाइविंग लाइसेंस प्राप्त कर चुकीं अनामिका ने इसके पहले रोडियो स्काई डाइव जंप कर इतिहास रचा था।


ता0 पेशी– 16.06.2025
एच0सी0जे0 फार्म नं0–33 भाग–7
**हेतु संदर्भित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बाराबंकी**
वाद संख्या 2364, सन 2024 ई, धारा 30, राजस्व संहिता 2006
**श्रीमती इंद्रावती** ... वादिनी
**बनाम**
**उत्तर प्रदेश सरकार एवं अन्य विपक्षीगण** ... प्रतिवादी

1. बाबूराम पुत्र रामआसरे ग्राम अतरौली मजरे सूर्यपुर खपरैला, तहसील नवाबगंज जनपद बाराबंकी। 2. विकास कुमार पुत्र रामपाल निवासी ग्राम अतरौली मजरे सूर्यपुर, खपरैला तहसील नवाबगंज जनपद– बाराबंकी।3– कुलदीप कुमार पुत्र रामआसरे निवासी ग्राम बघौरा परगना नवाबगंज तहसील नवाबगंज जनपद बाराबंकी। 4. नन्हकऊ पुत्र परमेश्वर। 5. दिलीप कुमार पुत्र नन्हकऊ। 6. सन्दीप कुमार पुत्र नन्हकऊ। 7. कुलदीप कुमार पुत्र नन्हकऊ। 8. मंजू पुत्री नन्हकऊ। 9. संजू पुत्री नन्हकऊ। विपक्षी सं0– 4 ता 9 समस्त उम्र बालिग निवासीगण– ग्राम बघौरा परगना प्रतापगंज तहसील नवाबगंज जनपद बाराबंकी।, 10. संकर्षण लाल पुत्र राम रेखा प्रसाद निवासी मकान सं0 सी–6/128 विपुल खण्ड गोमती नगर, परगना व तहसील व जिला लखनऊ।

चूंकि उपरिनामांकित वादिनी को इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि ..... अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन ... ई0 के .... दिवस को ... .. बजे पूर्वाहन में स्वयं या सम्यकरूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज ..... ई0 के ... .. के दिवस को निकाली गई।

न्यायालय अपर जिलाधिकारी
जनपद–बाराबंकी

## कार्यालय उपजिलाधिकारी लालगंज जनपद रायबरेली

पत्रांक /रा0नि0(का0)–आवंटन/2025–2026 दिनॉंक मई 2025

शासनादेश संख्या 1750/1–2–2013–96(रिट)/13 दिनॉंक 09 जुलाई 2013, शासनादेश संख्या डब्लू/60/1–2–2013–96(रिट)/13 दिनॉंक 27 मई 2013 एवं शासनादेश संख्या डब्लू–370/1–2–13–96(रिट)/13 दिनॉंक 27 मई 2013 के द्वारा सिविल मिस रिट याचिका संख्या 18838/2012 प्रमोद कहार व अन्य में बनाम राज्य सरकार व अन्य में पारित मा0 न्यायालय के आदेश दिनॉंक 16.04.2012 एवं रिट याचिका संख्या 23932/2001 राजकुमार बनाम उ0प्र0 सरकार व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनॉंक 14.05.2011 व सिविल मिस रिट पिटीशन संख्या 39590/2014 श्रीमती कौशिल्या देवी बनाम उ0प्र0 सरकार व अन्य, सिविल मिस रिट पिटीशन संख्या 41064/2014 शंकर बनाम उ0प्र0 राज्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिकाओ में पारित आदेश दिनॉंक 08.01.2015 व उ0प्र0 राजस्व संहिता नियमावली–2016 के अधिसूचना दिनॉंक 10.02.2016 के अनुसार नीलामी हेतु नियत तालाबो का विवरण निर्धारित प्रारूप पर निम्नवत है:–

नीलामी की तिथि
विकास खण्ड–खीरो– 18.06.2025
विकास खण्ड–लालगंज–19.06.2025
विकास खण्ड–सरेनी– 20.06.2025
नीलामी का स्थान व समय– तहसील सभागार कक्ष लालगंज जनपद रायबरेली (प्रातः 11.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक।
नीलामी अधिकारी–तहसीलदार लालगंज ,रायबरेली
आरक्षित बोली– लगान का 10 प्रतिशत।

| कम | ग्राम का नाम जहॉं तालाब स्थित है। | विकास खण्ड | गाटा संख्या | क्षेत्रफल (हे0) में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जगतपुर रामगढी | खीरों | 753 | 1.305 |
| 2 | | | 752ख | 0.645 |
| 3 | चिखडी | खीरों | 434 | 0.607 |
| 4 | दुकनहा | खीरों | 443ख | 0.506 |
| 5 | | | 276 | 0.253 |
| 6 | ऐंधी | खीरों | 1 | 0.412 |
| 7 | चंदौली | खीरों | 319 | 0.276 |
| 8 | रमुवापुरदुबाई | खीरों | 745मि0 | 0.680 |
| 9 | | | 771 | 0.360 |
| 10 | | | 772ख | 1.081 |
| 11 | | | 772क | 0.253 |
| 12 | मिश्रखेडा | खीरों | 259 | 0.322 |
| 13 | खाण्डेपुर | खीरों | 251 | 0.417 |
| 14 | किसुनखेडा | खीरों | 4 | 0.272 |
| 15 | | | 7 | 0.238 |
| 16 | खानपुर खुष्टी | खीरों | 174 | 0.541 |
| 17 | धुराई | खीरों | 106मि0 | 0.506 |
| 18 | | | 1540मि0 | 0.253 |
| 19 | अतरहर | खीरों | 52 | 1.013 |
| 20 | | | 1006 | 0.572 |
| 21 | | | 801ख | 0.316 |
| 22 | हरीपुर मिर्दहा | खीरों | 325ख | 4.641 |
| 23 | खीरो | खीरों | 985 | 0.354 |
| 24 | निहस्था | खीरों | 1025मि0 | 0.589 |
| 25 | | | 401 | 1.798 |
| 26 | पाहो | खीरों | 109 | 0.443 |
| 27 | | | 674 | 0.273 |
| 28 | | | 688छ | 0.379 |
| 29 | | | 770 | 0.313 |
| 30 | | | 1004 | 0.228 |
| 31 | | | 1006 | 0.234 |
| 32 | | | 1717 | 1.296 |
| 33 | | | 1730ख | 0.379 |
| 34 | | | 420 | 0.266 |
| 35 | | | 2055 | 0..277 |
| 36 | | | 1623ग | 0.768 |
| 37 | डुमटहर | खीरों | 685 | 0.585 |
| 38 | | | 156 | 0.512 |
| 39 | लोदीपुर | खीरों | 243 | 1.247 |
| 40 | | | 253 | 1.825 |
| 41 | जेरी | खीरों | 306 | 0.929 |
| 42 | | | 352 | 0.341 |
| 43 | | | 539 | 0.756 |
| 44 | | | 1085 | 0.443 |
| 45 | देवली | खीरों | 106 | 0.253 |
| 46 | लच्छीपुर | खीरों | 1270 | 0.215 |
| 47 | जमुवांवा | लालगंज | 799मि0 | 1.000 |
| 48 | | | 989 | 0.455 |
| 49 | | | 410 | 0.237 |
| 50 | मुस्तफाबाद बेलहनी | लालगंज | 86 | 0.921 |
| 51 | सोण्डासी | लालगंज | 347 | 0.465 |
| 52 | | | 1487 | 0.942 |
| 53 | | | 845 | 0.708 |
| 54 | | | 760 | 0.284 |
| 55 | उतरागौरी | लालगंज | 428ग | 0.354 |
| 56 | | | 528च | 0.873 |
| 57 | अम्बारा पश्चिम | लालगंज | 370मि0 | 0.802 |
| 58 | चॉदाटीकर | लालगंज | 545 | 0.405 |
| 59 | | | 747मि0 | 0.759 |
| 60 | चिलौला | लालगंज | 1654 | 0.281 |
| 61 | धनाभाद | लालगंज | 728मि0 | 1.121 |
| 62 | | | 631मि0 | 1.884 |
| 63 | | | 533मि0 | 0.253 |
| 64 | युसुफपुर | लालगंज | 487ग | 1.610 |
| 65 | हरीपुर | लालगंज | 310 | 0.509 |
| 66 | दयालपुर | लालगंज | 90 | 0.411 |
| 67 | मदुरी | लालगंज | 301 | 0.486 |
| 68 | | | 266 | 0.253 |
| 69 | मटेहना | लालगंज | 77 | 0.911 |
| 70 | सैम्बसी | लालगंज | 18 | 0.304 |
| 71 | | | 21 | 0.228 |
| 72 | | | 191ख | 0.253 |
| 73 | उदवामउ | लालगंज | 312ख | 0.316 |
| 74 | आनापुर | लालगंज | 240 | 0.517 |
| 75 | जगतपुर भिचकौरा | लालगंज | 484 | 0.667 |
| 76 | आलमपुर बाटाए | लालगंज | 495ख | 0.072 |
| 77 | | | 496 | 0.164 |
| 78 | चहोतर | सरेनी | 34 | 0.556 |
| 79 | रासीगॉव | सरेनी | 271 | 0.334 |
| 80 | पल्टीखेडा | सरेनी | 281 | 0.373 |
| 81 | बैरूवा मु0 | सरेनी | 59 | 0.519 |
| 82 | हैबतपुरखुर्द | सरेनी | 175ख | 0.380 |
| 83 | खेमानखेडा | सरेनी | 75 | 0.234 |
| 84 | | | 83 | 0.580 |
| 85 | रामपुरकलां मु0 | सरेनी | 575 मि0 | 0.506 |
| 86 | हैबतपुरकलां | सरेनी | 57 | 0.506 |
| 87 | हिलौली | सरेनी | 101मि0 | 0.506 |
| 88 | तेजगॉव | सरेनी | 1049क | 0.843 |
| 89 | सरायखाण्डे | सरेनी | 356ख | 1.000 |
| 90 | | | 428 | 0.461 |
| 91 | गोंडा | सरेनी | 266मि0 | 0.455 |
| 92 | दुधवन | सरेनी | 424 | 0.354 |
| 93 | गजपतिखेडा | सरेनी | 212मि0 | 0.601 |
| 94 | मुरारमउ | सरेनी | 4क | 0.809 |
| 95 | हरीपुर मु0 | सरेनी | 269 | 0.557 |
| 96 | हमीरगॉव | सरेनी | 590 | 0.382 |
| 97 | भोजपुर | सरेनी | 299ख | 0.506 |
| 98 | खौंद | सरेनी | 243 | 0.405 |
| 99 | झूलपुर | सरेनी | 146 | 0.425 |
| 100 | रामगॉव | सरेनी | 139मि0 | 0.269 |
| 101 | दरियापुर | सरेनी | 245मि0 | 0.413 |
| 102 | लखनगांव | सरेनी | 67कमि | 0.506 |
| 103 | | | 14गमि | 0.615 |
| 104 | चकगौर | सरेनी | 36मि0 | 0.344 |
| | कुल 104 गाटा | | | 61.779 |

1. नीलामी प्रकिया में बोली बोलने की पात्रता एंव. शर्ते शासनादेश (यथा संशोधित संख्या–3726/1–2–95 10–2–17.10.1995 के अनुरूप होगी, जो तहसील मुख्यालय एंव राजस्व परिषद के वेबसाइट bor.up.nic.in पर उपलब्ध है। शासनादेश की प्रति रजिस्ट्रार कानूनगो लालगंज रायबरेली के कार्यालय में उपलब्ध है। जो देखी जा सकती है। इसमें दिये गये प्राविधानों के अनुसार ही नीलामी की कार्यवाही की जायेगी।
2. उ०प्र० राजस्व सहिंता 2016 की अधिसूचना दिनांक 10.02.2016 की धारा 61 (ख) के अनुसार पट्टा नीलामी में 5 एकड़ छोटे तालाबों के लिए नियत वार्षिक मानक धनराशि मु० 2,000/– प्रति एकड़ व 5 एकड़ से अधिक बड़े तालाबों के लिए मु० 4000/– प्रति एकड़ धनराशि निर्धारित की गयी है तथा तालाबों की नीलामी 10 वर्ष के लिये की जायेगी।
3. मा० उच्च न्यायालय द्वारा सिविल मिस० पिटीशन सं. 29590/2014 श्रीमती कौशिल्या देवी बनाम उ०प्र० राज्य व अन्य एंव सिविल मिस० पिटीशन, सं0 41064/2014 शंकर बनाम उ०प्र० राज्य व अन्य में पारित आदेश के अनुपालन में मत्स्य पालन पट्टे की नीलामी में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को नवीनतम आय.जाति एंव निवास प्रमाण पत्र. जो (विज्ञापन की तिथि से 6 माह से पुराना न हो) अपने प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किया जायेगा। 4. पट्टे की शतों एंव नीलामी से सम्बन्धित किसी अन्य जानकारी हेतु रजिस्टर कानूनगो कार्यालय तहसील लालगंज रायबरेली से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
4. नीलामी में बोली बोलने, वाले इच्छुक व्यक्तियों को जमानत धनराशि बोली बोलने से पूर्व जमा करनी होगा तथा नीलामी सम्पन्न होने के पश्चात नीलाभग्रहीता को सर्वोच्च बोली की धनराशि जों तय होगी उसका एक वर्ष का लगान तत्काल जमा करना होगा तथा शेष धनराशि प्रतिवर्ष लगान के रूप में जमा करनी होगी। ऐसा न करने पर जमानत के तौर पर जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
5. नीलामी स्वीकृत अथवा अरवीकृत करने का अधिकार एंव अन्तिम निर्णय अधोहस्ताक्षरी में निहित है।

**UP-234655 दिनांक 05.06.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**उपजिलाधिकारी**
**लालगंज, रायबरेली**

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" भी है।
हर समझदार गृहणी की पसंद
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले भर में रोपे गये पौधे, जिलाधिकारी आवास पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित

जागरूकता

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को जिले भर में पौधरोपण कर पर्यावरण के संरक्षण पर जोर दिया गया। मुख्य कार्यक्रम वन विभाग के सहयोग से जिलाधिकारी आवास पर हुआ। जहां वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में अभियान की शुरुआत की गई।

गुरुवार को जिलाधिकारी आवास पर प्रभागीय वनाधिकारी आकाशदीप बधावन की मौजूदगी में डीएम शशांक त्रिपाठी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। बिना इनके जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। महामारी काल में इनकी महत्ता साबित भी हो चुकी है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने भी पौधरोपण किया। उन्होंने सभी से पौधे लगाने की अपील की। विश्व पर्यावरण दिवस पर तहसील रामसनेहीघाट परिसर में राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने पौधरोपण किया। उन्होंने अधिवक्ताओं से मुलाकात कर पर्यावरण संरक्षण के लिये पौधा रोपित करने का आग्रह किया। इस मौके पर एसडीएम अनुराग सिंह, बीडीओ डॉ विनय कुमार मिश्रा, अजय सिंह, रेंजर विशाल गुप्ता, बीट अधिकारी ऋषभ कुमार शर्मा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष नीरज सिंह, विवेक तिवारी, अजय सिंह, श्रीकान्त तिवारी मौजूद रहे। वहीं सतरिख स्थित टीआरसी लॉ कॉलेज में मुख्य अतिथि पर्यावरण प्रहरी धर्मेन्द्र कुमार शुक्ला की उपस्थिति में प्रबंधक डा. सुजीत चतुर्वेदी एवं प्राचार्य डा. अश्वनी कुमार गुप्ता व विधि छात्र-छात्राओं द्वारा पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम की थीम इंड प्लास्टिक पॉल्यूशन रहा। सभी ने प्लास्टिक उत्पादों को इस्तेमाल न करने का संकल्प लिया।

हैदरगढ़ के गोतौना ग्राम स्थित पंचायत भवन परिसर में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, बीडीओ संजीव कुमार गुप्ता ने पौधरोपण किया। रामनगर में नगर पंचायत चेयरमैन रामशरण पाठक ने रामनगर-सहादतगंज मार्ग पर स्थित मोक्ष धाम परिसर में पौधे लगाये। वहीं देवा रेंज के अंतर्गत ग्राम जमुआसी स्थित प्रसिद्ध अनंता धाम मंदिर परिसर में त्रिवेणी वृक्ष की स्थापना की गई, जिसमें पीपल, बरगद एवं नीम के पौधे संयुक्त रूप से एक ही स्थान पर रोपित किए गए। क्षेत्रीय वन अधिकारी मयंक सिंह के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने भाग लिया। इसके अलावा पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय मैनाहार में मिशन हरियाली टीम द्वारा पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरणप्रेमी विजय प्रताप सिंह ने बच्चों को पौधे वितरित किए और उन्हें पेड़-पौधों के संरक्षण का संदेश दिया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक विवेक कुमार वर्मा ने उपस्थित बच्चों को पॉलिथीन मुक्त भारत की दिशा में कार्य करने की प्रेरणा दी।


अपने आवास पर पौधरोपण करते डीएम शशांक त्रिपाठी। अमृत विचार


तहसील रामसनेहीघाट परिसर में पौधा लगाते राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा।


मोक्ष धाम परिसर में पौधा लगाते चेयरमैन रामशरण पाठक।


कंपोजिट विद्यालय मैनाहार में पौधरोपण करती मिशन हरियाली की टीम।


टीआरसी लॉ कॉलेज में पौधा लगाते प्रबंधक।

### प्रकृति से छेड़छाड़ के चलते बिगड़ा ऋतुओं का संतुलन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर शान्ति पुरम सेवा समिति ने संगोष्ठी आयोजित की। अध्यक्ष सुरेश चंद्र बैसवार के शान्तिपुरम स्थित आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेंद्र वर्मा ने की। प्राचार्य डॉ. नन्हे सिंह ने संचालन किया। डॉ वीरेंद्र श्रीवास्तव ने पर्यावरण की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ छेड़छाड़ के कारण मौसम और ऋतुओं का संतुलन बिगड़ गया है। जीवन की रक्षा के लिए पर्यावरण का संरक्षण आवश्यक है। योगेंद्र वर्मा ने धार्मिक परंपराओं का जिक्र करते हुए कहा कि पहले नीम और पीपल के पेड़ों की पूजा होती थी। इन पौधों को नुकसान पहुंचाना पाप माना जाता था। धार्मिक मान्यताओं के कमजोर होने से ये जीवनदायी वृक्ष कम होते जा रहे हैं। कार्यक्रम में राम बालक मिश्र, नींबू लाल गुप्ता, राधेश दीक्षित और दिनेश सिंह ने काव्य प्रस्तुति दी। व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू ने हास्य कविताओं से श्रोताओं का मनोरंजन किया। समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद्र बैसवार ने सकारात्मक सोच पर जोर दिया। कार्यक्रम में सोमनाथ सिंह, प्रदीप वर्मा, हरे लाल वर्मा समेत कई गणमान्य लोगों ने जल और पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार रखे। वहीं बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छंदवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा नि:शुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कर जल एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर गोष्ठी की गई। संस्थाध्यक्ष व स्कूल प्रबंधक रत्नेश कुमार ने सभी को पौधे लगाने और उनके संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

## एक नजर

### रहस्यमय परिस्थितियों में किशोरी लापता

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जैदपुर क्षेत्र में एक 17 वर्षीया किशोरी रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई है। एक गांव की रहने वाली महिला ने तहरीर देकर बताया कि वह 3 जून को घर से बाहर गई थीं। जब वह शाम करीब 6 बजे घर लौटी तो देखा कि उनकी पुत्री घर पर नहीं थी। बेटी के पास मोबाइल फोन भी है, जिस पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन कभी फोन व्यस्त मिला और कभी स्विच ऑफ बताया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवती लापता

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** एक गांव निवासी पिता ने अपनी 25 वर्षीया मानसिक रूप से बीमार पुत्री के लापता होने का नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। उसने आरोप लगाया कि गांव का ही आमीन उर्फ गुड्डू उसे भगा ले गया है। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### चोरी के जेवरात के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सुबेहा पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी के जेवरात व नकदी बरामद की है। पुलिस ने राजकुमार रावत को बंदीपुरवा अण्डरपास से गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से चोरी के जेवरात व 5 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। आरोपी हिस्ट्रीशीटर अपराधी है।

### तमंचा और स्मैक के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सफदरगंज पुलिस ने अमन उर्फ चमन को सफदरगंज–जैदपुर रोड के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक तमंचा, जिन्दा कारतूस बरामद किया। रामनगर पुलिस ने धर्मेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 50 ग्राम स्मैक बरामद की। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने अखिलेश कुमार कश्यप को गिरफ्तार कर उसके पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

### वापस मिला खोया मोबाइल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रामनगर पुलिस ने खोया मोबाइल बरामद कर आवेदक के भाई को सुपुर्द कर दिया। कानपुर निवासी प्रवेश मोबाइल फोन गुम हो जाने के सम्बन्ध में पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी थी।

# फाइनेंस कंपनी के एजेंट को लूटने वाले चार शातिर गिरफ्तार

कार्रवाई

संवाददाता, मसौली, बाराबंकी

**अमृत विचार :** छह दिन पूर्व फाइनेंस कंपनी के एजेंट से हुई लूट का खुलासा करने का दावा मसौली पुलिस ने किया है। पुलिस ने चार शातिरों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक बाइक, तमंचा व नकदी बरामद की है।

थाना मसौली पुलिस टीम ने मैनुअल इंटेलीजेन्स के आधार पर गुरुवार को लूट से संबंधित 4 अन्तर्जनपदीय अपराधियों प्रियांशु यादव निवासी ग्राम शिवरी थाना इटौंजा लखनऊ, अनुज सिंह निवासी ग्राम सुलेमाबाद थाना घुंघटेर, विकास सिंह निवासी ग्राम मवईकला थाना महिंगवा लखनऊ, व कमलनयन गौतम निवासी महरखा थाना अलीनगर, चन्दौली को केसरीपुर चौराहा से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से लूट की घटना में प्रयोग की गई एक बाइक, एक बैग व 9,800 रुपये नकद बरामद किये गये।

प्रियांशु यादव के कब्जे से एक देशी तमंचा भी मिला। पूछताछ से पता चला कि इन लोगों द्वारा थाना मसौली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नहामऊ से बीती 29 मई को राह चलते फ्यूजन फाइनेन्स कम्पनी के एजेन्ट से लूट की थी।

# सीसीटीवी फुटेज की मदद से पकड़ा गया टप्पेबाज

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बुधवार शाम बेटी के लिए जेवर खरीदने आए पिता की बाइक से टप्पेबाज ने 1.20 लाख के जेवर पार कर दिये थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से टप्पेबाज को गिरफ्तार कर लिया। मोहम्मदपुर खाला के लोहारपुर के राजाराम ने बेलहरा में बेटी के लिए जेवर खरीदे थे। उसने बाइक की डिक्की में जेवर रख दिये थे। राजाराम एक दुकान से सामान खरीदने लगा, तभी डिक्की में रखा जेवर लेकर एक युवक भाग गया। फुटेज के आधार पर पुलिस ने टप्पेबाज को दबोचकर जेवर बरामद कर लिये। आरोपी मरौचा थाना रामपुर मथुरा सीतापुर निवासी करन चौहान है।

# गैस की अवैध रीफिलिंग के दौरान धमाके से वैन में लगी आग

**उसिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र में गुरुवार शाम मारुति वैन में गैस की अवैध री फिलिंग के दौरान तेज धमाका हुआ और आग लग गयी। चपेट में वैन व आसपास के तीन घर आ गए। हादसे में वाहन के अलावा घरों में रखा सामान जलकर खाक हो गया।

सतनामपुरवा मजरे कोटवाधाम में गुरुवार शाम एक मारुति वैन में अवैध रूप से एलपीजी की री फिलिंग की जा रही थी। इस दौरान धमाका हुआ और वैन में आग लग गई। आग आसपास के तीन घरों तक फैल गई। पीड़ित महिला राजरानी ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि वह कुछ भी बचा नहीं पाए। उनके घर में रखी बाइक, साइकिल, तख्त, खटिया, अनाज, कपड़े और नकदी जलकर राख हो गई। संतोष के घर में तख्त और कपड़े जल गए। रामसनेही के घर में भी सामान जलकर खाक हो गया। फायर ब्रिगेड के प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया।


आग से जलकर नष्ट हुई वैन।

# सहकर्मी से झगड़े के बाद नपं सफाईकर्मी लापता

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** टिकैतनगर नगर पंचायत में एक सप्ताह पूर्व सहकर्मी से कहासुनी, हाथापाई के बाद ड्यूटी गया सफाईकर्मी लापता हो गया। मां ने अनहोनी की आशंका जताते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई है।

थाना टिकैतनगर के बेलखरा का रहने वाला रवि कुमार (35) 15 वर्षों से नगर पंचायत में सफाईकर्मी के रूप में कार्यरत है। रवि गत 29 मई से लापता है। परिजनों के अनुसार 28 मई को ड्यूटी के दौरान उसकी सहकर्मी सत्यम से कहासुनी और हाथापाई हुई थी। इसके अगले दिन वह काम पर गया, लेकिन घर नहीं लौटा। उसकी मां नूरजहां पत्नी शम्भू ने टिकैतनगर थाने में तहरीर देकर बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई है। दूसरी घटना असंद्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत जलालपुर गांव की है। 13 वर्षीय अंशु यादव पुत्र आनंद कुमार यादव गत 3 जून की सुबह नित्यक्रिया के लिए घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने थानाध्यक्ष असन्द्रा को तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मेंथा टंकी फटने से दो झुलसे, एक रेफर

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बुधवार देर रात पेराई के दौरान मेथा टंकी फट गई जिससे दो युवक गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें सीएचसी ले जाया गया लेकिन एक की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर किया गया है।

घटना फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिलौली में बुधवार की देर रात हुई। अनूप कुमार की मेंथा टंकी पर बुधवार रात पेराई का काम चल रहा था। इस दौरान पुष्पेंद्र (30) व नजबुल हसन (45) टंकी में भार झोंक रहे थे। तभी टंकी फट गई जिससे दोनों झुलस गए। दोनों को सीएचसी ले जाया गया। जहां से पुष्पेंद्र को लखनऊ रेफर कर दिया गया है जबकि नजबुल का इलाज सीएचसी पर चल रहा है।

# कार्यकर्ता कांग्रेस की रीढ़ : पुनिया

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कांग्रेस के संगठन सृजन कार्यक्रम में पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। वर्तमान में जब देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है, तब कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। जिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेशीय कोऑर्डिनेटर ममता चौधरी ने महिला सशक्तिकरण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी को संगठन से जोड़े बिना जमीनी बदलाव संभव नहीं है। नगर कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर दिनेश सिंह ने संगठन सृजन अभियान को पार्टी के संघर्ष की बुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि इस अभियान से राहुल गांधी के सपनों को साकार करने वाली एक नई कांग्रेस का गठन होगा। फ्रंटल संगठनों के कोऑर्डिनेटर अतुल सिंह ने सोशल मीडिया की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवा और सोशल मीडिया आज की राजनीति के प्रभावशाली माध्यम हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने की, जबकि संचालन राम हरख रावत ने किया। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा की गई।



संगठन सृजन कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व सांसद डा. पीएल पुनिया।

नाट्य मंचन | लखनऊ पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में कलाकारों ने दिखायी प्रतिभा

# मायाराम की माया ने दर्शकों को गुदगुदाया

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश ललित कला संगीत अकादमी के तत्वावधान में एक नाटक का मंचन हुआ। लखनऊ पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में बुधवार को 'मायाराम की माया' नाटक ने दर्शकों को ठहाके मारने को मजबूर कर दिया।

जयवर्धन द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन मनीष मेहरा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत उत्तर प्रदेश संगीत कला अकादमी की सदस्य सरोज रावत, स्कूल की प्रधानाचार्य रितु सिंह समेत कई गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। नाटक में राजनीतिक व्यवस्था और मानवीय दोगलेपन को हास्य-व्यंग्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। नाटक की कहानी ब्रह्मलोक से शुरू होती है। ब्रह्मा जी अपने बनाए मनुष्यों की करतूतों से परेशान हैं। चित्रगुप्त भी चिंतित हैं क्योंकि उनके खाते में बाढ़, भूकंप और सड़क हादसों में मरने वालों की कोई एंट्री नहीं है। कहानी में मायाराम नाम का एक ग्रामीण है जो अपने गांव वालों को धोखा देकर अपनी जरूरतें पूरी करता है। अकादमी की 30 दिवसीय कार्यशाला में प्रशिक्षित स्थानीय बच्चों ने शानदार अभिनय किया। उनके संवाद और हाव-भाव ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बॉलीवुड अभिनेता शरद राज सिंह ने मंच संचालन किया।


नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

# दुर्घटना बहुल क्षेत्रों में लगाएं संकेतक : डीएम

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट परिसर में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने दुर्घटना बहुल क्षेत्रों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिह्नित कर संकेतक लगाने का निर्देश दिया। इन स्थानों में असेनी मोड़, दारापुर मोड़, सफेदाबाद, रसौली मोड़, सफदरगंज मोड़, दादरा मोड़, लक्षबर बजहा मोड़, प्रतापगंज मोड़ और बभौरा मोड़ शामिल हैं। केवाड़ी मोड़ से सफेदाबाद तक लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए केवाड़ी मोड़ कट को बंद करने के निर्देश दिए गए। एनएचआई को रात्रि में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। डीएम ने ट्रकों, बसों और अन्य चार पहिया वाहनों की गति नियंत्रित करने पर जोर दिया। तेज गति से चलने वाले वाहनों का चालान करने के निर्देश दिए। उन्होंने पिछले वर्ष की तुलना में दुर्घटनाओं में कमी लाने का लक्ष्य रखा। बैठक में एडीएम अरुण कुमार सिंह, सभी एसडीएम, सीओ सुमित त्रिपाठी, एआरटीओ अंकिता शुक्ला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और सड़क सुरक्षा समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### प्रमुख सचिव ने किया ग्राम पंचायत सफदरगंज का दौरा


अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण करते प्रमुख सचिव (पंचायती राज) अनिल कुमार।

**बाराबंकी : अमृत विचार :** प्रमुख सचिव (पंचायतीराज) अनिल कुमार ने मसौली विकास खंड के ग्राम पंचायत सफदरगंज का दौरा किया। उन्होंने गुरुवार को पंचायत भवन, आरआरसी सेंटर, सेग्रीगेशन शेड और अन्त्येष्टि स्थल का निरीक्षण किया। पंचायत भवन में प्रमुख सचिव ने पंचायत सहायक से भुगतान संबंधी जानकारी ली। उन्होंने कार्य प्रबंधन और आम नागरिकों को दी जा रही मूलभूत सुविधाओं के बारे में भी पूछताछ की। आरआरसी सेंटर में ग्राम सचिव ने नाडेप और कूड़ा प्रबंधन की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान डीडी पंचायत अयोध्या मंडल अरविंद कुमार, डीपीआरओ नीतेश भोंडेले और एडीपीआरओ राम आसरे मौजूद थे। इनके अलावा बीडीओ, डीसी एसबीएम, एडीओ पंचायत, ग्राम प्रधान और सचिव भी उपस्थित रहे।

### जनपद न्यायाधीश ने लगाए आम, बरगद समेत कई पौधे



विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करतीं जनपद न्यायाधीश। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद न्यायालय परिसर और न्यायाधीश आवास में आंवला, आम, बरगद सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रण विजय सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्रीकृष्ण चंद्र सिंह और अंजनी कुमार सिंह सहित अन्य न्यायिक कर्मचारियों ने भी पौधरोपण किया। बाद में जनपद न्यायाधीश और एडीजे ने जिला कारागार में भी पौधे लगाए। इस मौके पर जेल अधीक्षक कुंदन कुमार, जेलर जितेंद्र प्रताप तिवारी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सीएचसी पर उमड़ रही मरीजों की भीड़


बनीकोडर सीएचसी में मरीज को देखते चिकित्सक। अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनीकोडर में मरीजों की संख्या में तेजी से वृद्धि देखी जा रही है। अस्पताल में प्रतिदिन 400 से 500 मरीज उपचार के लिए पंजीकरण करा रहे हैं। इनमें से आधे से अधिक मरीज फिजिशियन से इलाज कराना चाहते हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने ओपीडी में तीन फिजिशियन डॉक्टरों की तैनाती की है। डॉ. रईस के अनुसार, मौसम में नरमी के बावजूद लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

### तालाब निर्माण कार्य मनरेगा की मंशा को कर रहा साकार


तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण करतीं बीडीओ डॉ. नेहा शर्मा। अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास खंड देवा की ग्राम पंचायत कुसुम्भा में मनरेगा के तहत मरघटिया तालाब का निर्माण कार्य चल रहा है। गुरुवार को बीडीओ डॉ. नेहा शर्मा ने निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता को उत्कृष्ट बताया। डॉ. शर्मा ने कहा कि यह कार्य न केवल मनरेगा की मंशा को साकार कर रहा है, बल्कि गांव के जलसंचय, पर्यावरण और पशुधन के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने पंचायत सचिव यशवंत सिंह की कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने तालाब को बरसात से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान फूलमती, तकनीकी सहायक और रोजगार सेवक मौजूद थे। बीडीओ ने मनरेगा से विकसित खेल मैदान का भी निरीक्षण किया।

### टोल फ्री नंबर 1962 बना पशुपालकों का सहारा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पशुपालकों के लिए मोबाइल वेटनरी यूनिट वरदान साबित हो रही है। टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करते ही प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम आधुनिक वेटनरी एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंचती है। डॉ. अमित के अनुसार, यह सरकारी सेवा हर पशुपालक के दरवाजे तक पहुंच रही है। टीम न केवल बीमार पशुओं का इलाज करती है, बल्कि स्वास्थ्य शिविर भी लगाती है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अतुल कुमार अवस्थी ने बताया कि यह सेवा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बना रही है।

### सावनी के फूलों ने बढ़ायी रामसनेहीघाट की सुंदरता

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर पंचायत रामसनेहीघाट की सड़कों पर सावनी के फूल खिल गए हैं। पिछले साल राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा की पहल पर नगर की मुख्य सड़कों के दोनों ओर सावनी समेत कई प्रजातियों के पौधे लगाए गए थे। इन फूलों से न केवल नगर की सुंदरता बढ़ी है, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ मिल रहा है। नगरवासियों का कहना है कि इस पहल से शहर प्रदूषण मुक्त हो रहा है। नगर पंचायत प्रशासन ने बताया कि आने वाले समय में और प्रजातियों के फूल लगाए जाएंगे। इससे रामसनेहीघाट को हरा-भरा और सुंदर बनाया जाएगा।


खिले हुए सावनी के फूल।

### आंगनबाड़ी केंद्रों को मिले स्वास्थ्य जांच उपकरण


उपकरण देते ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ। अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** गुरुवार को देवा ब्लॉक में आंगनबाड़ी केंद्रों को स्वास्थ्य जांच के लिए विभिन्न उपकरण दिए गए। ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र यादव और बीडीओ डॉ. नेहा शर्मा ने उपकरणों का वितरण किया। वितरण में 74 आंगनबाड़ी केंद्रों को बेबी वेट मशीन दी गई। 146 केंद्रों को वयस्क वजन मशीन मिली।

## एक नजर

### हादसे में युवक की मौत एक की हालत गंभीर

**सदरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** सदरपुर इलाके में दो सड़क हादसे हुए। इनमें एक युवक की मौत हो गई और एक घायल हो गया ।थनैत मजरा बनीगवां निवासी अंकेश वर्मा (25) बाइक से महमूदाबाद जा रहा था। लखनीपुर मोड़ के पास वह ट्रैक्टर- ट्राली की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में युवक ने दम तोड़ दिया। दूसरी दुर्घटना गोड़ैचा- महमूदाबाद मार्ग पर बाबा कुटी चौराहे के निकट हुई। यहां दो बाइकों की टक्कर में धरमपुर निवासी अब्दुल्ला ख़ान (20) घायल हो गया।

### महमूदाबाद में विजलेंस टीम की छापेमारी

**सीतापुर, अमृत विचार :** लखनऊ से आई बिजली विभाग की विजलेंस टीम ने महमूदाबाद में छापेमारी की। टीम को सूचना मिली थी कि घर के भीतर अण्डरग्राउण्ड वायरिंग डालकर बिना मीटर विद्युत उपयोग की जा रही है। निसार अहमद के साथ जेई अमित वर्मा नई बाजार में रामचंद्र वर्मा के घर छापेमारी की। एसडीओ पवन मिश्र ने बताया कि रामचंद्र पर 2.52 लाख बकाया है। छह साल पूर्व कनेक्शन काट दिया गया था। तबसे आरोपी बिना कनेक्शन विद्युत उपयोग कर रहा था। उसके खिलाफ केस दर्ज कराया गया है।

### हेड जेल वार्डर पर गिर सकती है गाज

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिला जेल में निरुद्ध बंदी रामदास की मौत के मामले में हेड जेल वार्डर पर गाज गिर सकती है। सदरपुर के भलवाही मजरा रसूलाबाद निवासी रामदास (52) ने तहमद के सहारे बैरक के बाहर लटककर आत्महत्या कर ली थी। कारागार अधीक्षक की ओर से हेड जेल वार्डर पर कार्रवाई की अनुशंसा की गई है।

### जंगली जानवर ने गाय पर किया हमला

**पहला, सीतापुर, अमृत विचार :** हुसैनपुर में देर रात एक गाय पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। राधा रमण तिवारी की गाय पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। ग्रामीण सरवन कुमार तिवारी और राधा रमण तिवारी ने दावा किया है कि उन्होंने खेतों में एक तेंदुए जैसा जानवर देखा है। वन दरोगा अरविंद यादव ने बताया कि क्षेत्र में कांबिंग की जा रही है।

### पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार :** पर्यावरण दिवस पर बरेठी में अंबेडकर अमृत सरोवर परिसर में पौधरोपण आयोजित किया गया। बीडीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव और एडीओ पंचायत ब्रह्म नारायण शर्मा ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### ईओ ने दिलायी पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ

**खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** पालिका परिसर में ईओ प्रेम शंकर गुप्ता ने स्वच्छता कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इसके बाद खैराबाद थाना परिसर में पौधरोपण किया गया। इसमें अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता, थाना प्रभारी अनिल सिंह आदि मौजूद थे। सीएचसी खैराबाद में भी कार्यक्रम आयोजित हुआ।

### पकड़े गए 7 वांछित

**सीतापुर, अमृत विचार :** विभिन्न थानों की पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया। महोली पुलिस ने वांछित मनोज कुमार को, कोतवाली देहात पुलिस ने वांछित शिवम सिंह, महमूदाबाद पुलिस ने वारंटी जियाउद्दीन, रामपुर कलां पुलिस ने दिलीप उर्फ आनंद, टोर्री व हरेश को, कोतवाली नगर पुलिस ने सुमित शर्मा को गिरफ्तार किया।

### ससुर पर मारपीट का आरोप

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कबूलपुर मजरे बहुता गांव कीएक विवाहिता ने ससुर पर मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने ससुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मोदी सरकार ने तोड़ी आतंकवाद की कमर

## भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यशाला को प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा ने किया संबोधित

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** भाजपा के तत्वावधान में केंद्र सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल और उपलब्धियों पर आधारित एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला की मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा रहीं, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने की।



कार्यक्रम के दौरान पुष्प गुच्छ प्रदान कर मुख्य अतिथि का स्वागत करते जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

मुख्य अतिथि अर्चना मिश्रा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में देश आतंकवाद के साये में था, लेकिन आज मोदी सरकार के सशक्त नेतृत्व में सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे निर्णायक कदमों ने आतंकवाद की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, सड़क एवं इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण, काशी कॉरिडोर और धारा 370 जैसे निर्णय लेकर भारत के विकास को मजबूत बनाया। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने विकास की उपलब्धियों को गिनाया। नैमिष रत्न तिवारी ने किया। इस अवसर पर सुधाकर शुक्ला, नीरज वर्मा झल्लर, रमेश भार्गव, दीपू, विश्राम सागर राठौर, सुधीर सिंह, लोकेश मिश्रा, रामस्वरूप भार्गव, संजय मिश्रा, कंचन प्रभा पांडे, जया सिंह, करुणा शंकर त्रिपाठी, कौशलेंद्र सिंह, अनुज शुक्ला, अमित दीक्षित, रामजीवन, सुनील मिश्रा आदि मौजूद थे।

## युवक के पास मिली पाकिस्तानी करेंसी

**सीतापुर, अमृत विचार :** बिसवां सर्किल के एक व्यक्ति के पास पाकिस्तानी करेंसी मिलने से हड़कंप मच गया। सकरन पुलिस ने युवक को पकड़ा तो पता चला युवक सऊदी अरब जा चुका है। वहीं से वो एक नोट लेकर घर लौटा था। सकरन थानाक्षेत्र का एक गांव वासी सऊदी अरब से पिछले दिनों काम करके लौटा था। बताते हैं कि आने के बाद उसके बैग से पाकिस्तान की करेंसी मिल गई। निगाह पड़ते ही ग्रामीणों में खलबली मच गई। ऐसे में डायल 112 पर एक ग्रामीण ने सूचना दी। युवक को थाने लाया गया। जांच के दौरान पता चला कि युवक सऊदी अरब से लौटा था। थानाध्यक्ष नवनीत मिश्रा ने बताया कि मजदूर घर लौटा था। उसके बैग से पाकिस्तानी नोट मिला है। जांच में कोई संदिग्ध तथ्य नहीं मिला है।

## ओपीडी से लेकर पर्चा काउंटर तक लगी भीड़

**सीतापुर, अमृत विचार:** शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में तेज बुखार के मरीज बढ़े हैं। ऐसे में जिला अस्पताल में ओपीडी, पर्चा काउण्टर और पैथालॉजी में मरीजों की संख्या अधिक मिली। गुरुवार सुबह से ही मरीजों के साथ तीमारदार की भीड़ बढ़ी हुई थी।

प्रातः 9:30 बजे तक पर्चा काउण्टर पर 3280 पर्चों का रजिस्ट्रेशन हो चुका था। रामकोट से आईं बिंदेश्वरी ने बताया कि पूरा परिवार बुखार से पीड़ित है। जगदीश ने बताया कि गांव में बड़ी संख्या में बुखार और उल्दी-दस्त के मरीज हैं। मुंशीगंज की शशिलता, पुराना शहर के शेरू, कल्लू और उनका परिवार भी संक्रमण की चपेट में था। सीएमएस डॉ. इन्द्र सिंह का कहना है कि बदलते मौसम का असर स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। ऑक्सीजन प्लांट को और अधिक बेहतर बनाया जा रहा है। सभी 19 ब्लॉक में डीएम अभिषेक आनंद के निर्देश पर एक निगरानी टीम बनाई गई है। इसमें आशा वर्कर के अतिरिक्त ब्लॉक के कई कर्मचारियों को सम्मिलित किया गया है। टीम को गांव गांव जाकर जानकारी करनी है कि किस गांव में कौन परिवार बुखार और संक्रमण में ग्रसित हैं। सूचना के बाद स्वास्थ्य टीम पहुंचकर परीक्षण और दवाओं का वितरण करेगी।

## धोखाधड़ी कर बैंक से निकाले 57 हजार

**सांडा/सीतापुर, अमृत विचार :** धोखाधड़ी कर बैंक से 57 हजार रुपए को निकालने का मामला सामने आया है। ऐसे में पीड़िता किसान संघ के साथ बैंक परिसर में धरने पर बैठी। बोहरा निवासी अंजू देवी ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा सांडा के बैंक कर्मियों पर 57 हजार रुपए धोखाधड़ी कर निकालने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया 27 मार्च को 49 हजार व 28 मार्च 2025 को 8 हजार रुपए उसके खाते से आहरित दिखायी जा रही है। जबकि पीड़िता ने धनराशि बैंक से नहीं निकाली। बैंककर्मियों से शिकायत की तो सुनवाई नहीं की गई। न्याय न मिलने पर पीड़िता ने गुरुवार को बैंक परिसर में भारतीय किसान यूनियन जनमंच के बैनर तले धरने पर बैठ गई।

## वीजा और हवाई जहाज का टिकट निकला फर्जी

संवाददाता बिसवां, सीतापुर

**अमृत विचार:** नौकरी दिलाने के लिए एक ग्रामीण ने मोटी रकम दी। बदले में उसे वीजा और हवाई जहाज का टिकट मिला। यात्रा करने के लिए ग्रामीण हवाई अड्डे पर पहुंचा तो पता चला कि वीजा ही नहीं हवाई जहाज का टिकट भी फर्जी है। ऐसे में बिसवां कोतवाली में केस दर्ज हुआ है।

पिसावां के गुरसण्डा निवासी राशिद के अनुसार, उसे कुछ समय पहले बिसवां के अकबापुर निवासी अशरफ मिले। इन्होंने राशिद को सऊदी अरब में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। ग्रामीण ने इसके बदले उसे कागजात और पैसे दिए। कई महीने चक्कर लगाने के बाद उसे अशरफ ने वीजा और हवाई जहाज का टिकट थमा दिया। जब सऊदी अरब जाने की नौबत आई और वो तैयार करके निकला तो पता चला कि वीजा ही नहीं हवाई जहाज का टिकट भी फर्जी है। ऐसे में राशिद ने अशरफ पुत्र शराफत के धोखाधड़ी आदि का आरोप लगाकर बिसवां कोतवाली में केस दर्ज कराया। कोतवाली प्रभारी टीपी सिंह का कहना है कि आरोपों के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

## वार्षिकोत्सव का भंडारे के साथ समापन

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** गायत्री शक्ति पीठ का 27वां वार्षिक उत्सव समारोह गंगा दशहरा के अवसर पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम 29 मई को शुरू हुआ था। 5 जून को सायंकाल दीप यज्ञ के साथ समारोह का समापन किया गया। भंडारे में देर रात तक भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक, समाजसेवी कमलेश पांडेय और लक्ष्मी नारायण सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी हरिशंकर शुक्ल ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। समारोह में गायत्री परिवार की वरिष्ठ कार्यकर्ता सोनी गुप्ता, राजेश्वरी शुक्ला, मंजूलता, निधि शुक्ला आदि थे।

## हादसों में तीन की मौत, छह घायल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नैनामऊ निवासी रमेश चन्द्र गौतम (70) अपने पुत्र सूर्य प्रकाश के साथ बुधवार शाम मसौली थाना क्षेत्र स्थित पेट्रोल पंप डीजल लेने गए थे। शाम करीब सात बजे दोनों सड़क पार करने के लिए बाइक समेत खड़े थे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। इलाज के लिए सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया गया, जहां से रमेश चन्द्र को हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। जैदपुर थाना क्षेत्र के भरथई गांव की सत्यवती (60) अपने पौत्र अक्षय के साथ गुरुवार दोपहर बाइक से सिद्धौर से लौट रही थीं। असंद्रा के हाजीपुर गांव के पास बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने सत्यवती को मृत घोषित कर दिया। लोनीकटरा थाना क्षेत्र के मंगलपुर निवासी सर्वेश (55) गुरुवार सुबह तेजवापुर से लौट रहे थे। सरैया गांव के पास तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल सर्वेश को पहले सीएचसी त्रिवेदीगंज और फिर जिला अस्पताल रेफर किया गया। मसौली थाना क्षेत्र के नयागांव के निकट गुरुवार को एक अज्ञात डंपर ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में नैनामऊ निवासी अतीक अंसारी की पत्नी साहिन, चार वर्षीय पुत्र मायरा और रिक्शा चालक आकाश द्विवेदी घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**28 दिन से घायल युवक ने तोड़ा दम :** सफदरगंज के रसौली गांव निवासी मेराज कुरैशी (44) की इलाज के दौरान मौत हो गई। 6 मई को पल्हरी टैम्पो स्टैंड पर सड़क पार करते समय ट्रक की टक्कर से घायल मेराज को लोहिया अस्पताल लखनऊ में भर्ती कराया गया था। 22 मई को उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी, लेकिन बुधवार सुबह तबीयत बिगड़ने पर उसे दोबारा लोहिया अस्पताल लखनऊ रेफर किया गया। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

## लोकतंत्र सेनानी को राज्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने लोकतंत्र सेनानी कात्यायनी प्रसाद मिश्र को श्रद्धांजलि दी। मंत्री ने पिपरिहा गांव स्थित उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष राकेश सिंह, दरियाबाद ब्लॉक प्रमुख आकाश पांडेय और जिला पंचायत सदस्य अभिषेक वर्मा उपस्थित थे। इसके अलावा परमेंद्र विक्रम सिंह, पूर्व प्रमुख दिनेश सिंह और कांग्रेस नेता वीरेंद्र प्रताप सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। स्व. मिश्र के परिजन सुशील कुमार, विनोद कुमार और विनय कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

## चोरी के दो दोषियों को 7-7 साल की सजा

**अदालत से**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** न्यायालय ने चोरी के प्रकरण में 2 अभियुक्तों को 7 -7 वर्ष का कठोर कारावास व 50-50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

थाना सतरिख पर चोरी की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकदमें से सम्बन्धित अभियुक्त प्रदीप राजपूत निवासी तकरोही गोमतीनगर लखनऊ व दीपक रावत उर्फ दीपू निवासी सरायमिही थाना सतरिख को विभिन्न धाराओं में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश (ईसी एक्ट) द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 7-7 वर्ष कठोर कारावास व अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। एक सितम्बर 2018 को थाना सतरिख पर वादी उपनिरीक्षक शफात उल्ला खां थाना सतरिख द्वारा दोनों के विरुद्ध मोटरसाइकिल चोरी व 5 मोटरसाइकिल बरामदगी के सम्बन्ध में सूचना दी गयी थी।

तत्कालीन विवेचक एसआई धर्मेन्द्र प्रताप सिंह थाना सतरिख द्वारा साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्ण कर अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।

## राम जानकी मंदिर में मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** बरैय्या गांव के राम जानकी मंदिर में स्थापना दिवस और बाल स्वरूप भगवान श्री राम की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर गुरुवार को शोभायात्रा निकाली गई। यज्ञाचार्य त्रिपुरारी बाजपेई के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। शोभायात्रा राम जानकी मंदिर से शुरू होकर बाबपुरवा ठाकुरद्वारा मंदिर तक गई। दोपहर में भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंदिर पुजारी उमाशंकर मिश्रा, जगदीश वर्मा, अजय वर्मा, अरविंद कुमार वर्मा, सर्वोदय सिंह, विकास सिंह, अंकित सिंह और विदित कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे। बेल चौराहे स्थित हनुमान मंदिर में भी भंडारे का आयोजन किया गया।

## युवक का मोबाइल छीनने वाले दो शातिर गिरफ्तार

संवाददाता, सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार :** वैवाहिक समारोह में ससुराल गए एक युवक का मोबाइल फोन छीनने की घटना में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के सहारे दो युवकों को दबोच लिया। पुलिस ने इनके पास से छीने गए चार मोबाइल व नकदी बरामद की है।

फतेहपुर के अल्लापुर निवासी शिवमोहन रावत मंगलवार शाम मोहम्मदपुर खाला के अमेरा गांव स्थित अपनी ससुराल में आयोजित वैवाहिक समारोह में आया था। सड़क किनारे खड़े होकर बात करते समय दो युवक उससे मोबाइल छीनकर भाग निकले। इसकी सूचना शिवमोहन ने मोहम्मदपुर खाला थाना में दी। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर थाना पुलिस ने पास की दुकान पर लगे सीसीटीवी फुटेज से युवकों की पहचान कर ली। गुरुवार को पुलिस ने दोनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोरों में अमेरा गांव निवासी मोबिन व फजेहतापुर निवासी रहमान मुसीर है। पुलिस ने दोनों का मेडिकल परीक्षण करवाकर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने इनके पास से चार मोबाइल फोन, व 2 हजार रुपये नकद बरामद किए। चोरों ने बताया कि वह लोग राह चलते राहगीरों को बातों में उलझाकर मोबाइल छीन कर बेच देते हैं।

## चित्रकला और प्रश्नोत्तरी स्पर्धा के मेधावी सम्मानित

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** दरियाबाद में विश्व पर्यावरण दिवस पर हर्षवर्धन गुरुकुल एकेडमी में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रयास जल जीवन सेवा समिति की ओर से जल संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

चित्रकला में दीपशिखा सिंह ने प्रथम, प्रिंस द्वितीय, अंतिमा तृतीय और नितिन चतुर्थ स्थान पर रहे। पर्यावरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुतुबुद्दीन को प्रथम स्थान मिला। शिवकेश द्वितीय, शिवांशी यादव तृतीय और शिवांशी वर्मा चतुर्थ स्थान पर रहीं। यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया। इनमें शिवकेश, कुतुबुद्दीन, गौरी यादव, मुकेश वर्मा, सरोज और शिवदेवी शामिल रहे। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय के प्रवक्ता अनमोल मिश्रा और संस्था के संस्थापक अजय कृष्ण गुप्ता ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। मुख्य अतिथि अनमोल मिश्रा ने कहा कि पेड़ों के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में हर्षवर्धन गुरुकुल एकेडमी के प्रबंधक पंकज मिश्रा, प्रयास जल जीवन सेवा समिति के सदस्य और न्यू स्टैंडर्ड कोचिंग के अध्यापक पवन यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**कार्रवाई** दो विक्रेताओं के लाइसेंस निलम्बित, तीन को कारण बताओ नोटिस

## 79 बीज बिक्री केन्द्रों पर छापा, 62 नमूने लिये

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को बीज बिक्री केंद्रों पर बड़े पैमाने पर छापेमारी की गई। कृषि विभाग की टीमों ने जिले की सभी तहसीलों में 79 बीज बिक्री केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान 62 बीज के नमूने लिए गए। जांच में गंभीर अनियमितताएं मिलने पर दो विक्रेताओं का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। फतेहपुर में मेसर्स सोनी खाद भंडार शेखपुर के मालिक के प्रतिष्ठान छोड़कर भाग जाने और मेसर्स माही बीज भंडार के बंद मिलने पर यह कार्रवाई की गई।



एक बीज बिक्री केंद्र का निरीक्षण करते कृषि अधिकारी राजित राम।

तीन अन्य दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। तहसीलवार जांच में उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार ने नवाबगंज में 7, जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने फतेहपुर में 26 दुकानों पर छापेमारी की। वहीं अन्य अधिकारियों ने रामनगर में 15, सिरौलीगौसपुर में 3, रामसनेहीघाट में 17 और हैदरगढ़ में 11 दुकानों की जांच की। रामनगर में न्यू आदर्श बीज भंडार बंद मिलने पर नोटिस दिया गया। हैदरगढ़ में शुभम बीज भंडार-सेमरावां और मेसर्स किसान कृषि सेवा केंद्र-नवाबपुर सिद्धौर को अभिलेख न दिखाने पर नोटिस जारी किया गया। जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने किसानों से बीज खरीदते समय कैश मेमो लेने की अपील की है। साथ ही विक्रेताओं को नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए।

## सार-संक्षेप

### नैमिषारण्य के राजघाट पर चला वृहद सफाई अभियान



नैमिषारण्य के राजघाट में स्वच्छता अभियान चलाते लोग। अमृत विचार

**नैमिषारण्य सीतापुर, अमृत विचार :** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर नैमिषारण्य स्थित गोमती नदी के राजघाट पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य धार्मिक स्थलों की सफाई सुनिश्चित करते हुए श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना रहा। अभियान में उपायुक्त श्रम एवं रोजगार चन्दनदेव, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता विशाल पोरवाल, खंड विकास अधिकारी अवध प्रताप सिंह, लोकभारती संस्था के प्रतिनिधि कमलेश सिंह एवं उनकी टीम, तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने घाट की साफ-सफाई, कूड़ा-कचरा हटाने और तट की स्वच्छता बनाए रखने में योगदान दिया।

### मूर्ति स्थापना पर निकाली गई शोभायात्रा

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार :** नहरवल में सुरेश बाजपेई द्वारा निर्मित राधा कृष्ण मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के समापन दिवस पर विधायक ज्ञान तिवारी ने पूजन किया। इसके बाद मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। मंदिर में स्थापित होने वाली राधा कृष्ण, गणेश जी, हनुमान जी की प्रतिमा को एक ट्रैक्टर ट्राली में सजा कर रखा गया। में बहादुरगंज कस्बा होते निकट स्थित मां कालिका देवी मंदिर पहुंची। विधि विधान से पूजन किया गया। बाद में नवनिर्मित मंदिर में राधा कृष्ण, गणेश जी, हनुमान जी की प्रतिमा विधि विधान द्वारा स्थापित की गई। सुरेश बाजपेई ने बताया कि सात दिवसीय कथा के बाद हवन पूजन व भंडारा किया गया। इस अवसर पर विधायक ज्ञान तिवारी,अखिलेश बाजपेई ,अजय बाजपेई, विजय, छोटकन्नू, नरेंद्र सिंह, रमन श्रीवास्तव, राजीतराम मिश्रा, रामसहारे चौहान, आनंद तिवारी आदि मौजूद रहे।

### सिख धर्म के अनुयायियों ने वितरित किया शरबत

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार :** रामपुर मथुरा निरीक्षण भवन के पास सिख धर्म के पांचवें गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर सिख यूथ क्लब रामपुर मथुरा द्वारा छबील (ठंडा मीठा जल) व चने का स्टॉल लगाकर वितरण किया गया। इस मौके पर सरदार रघुवीर सिंह, बलिया बाबा, परमजीत सिंह, शेरा, देव, अमृत, रूप सिंह, करन सिंह, सोनू सिंह, गुरजीत व प्रदीप सिंह आदि ने सहयोग किया।

### वैदिक मंत्रों के साथ शिव मंदिर में हुई पूजा-अर्चना

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** म लच्छन नगर स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा पर आचार्यों ने पूजा-अर्चना की। इस मौके पर शिव बारात भी निकाली गई। इस मौके पर श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास पंडित सूरज त्रिवेदी ने भगवान भोलेनाथ द्वारा माता पार्वती को अमर कथा सुनाये जाने की कथा का वर्णन किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान विवेक शुक्ला, यजमान सुशीलशुक्ला, विनोद शुक्ला, अशोक शुक्ला,सोनू शुक्ला, ज्ञानेश, सोनू, चंदन, अंकुर, मोहित, अमन, रजनेश, महेश, बिंद्रा, शशिकांत, आशुतोष आदि उपस्थित थे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर बच्चों ने सीखा प्रकृति का पाठ



पौधरोपण करते डीआईओएस।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** समग्र शिक्षा अभियान के तहत चल रहे समर कैंप-2025 में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों को समूहों में बांटकर स्थानीय पर्यटन और प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी और जिला समन्वयक अखिलेन्द्र सिंह की मौजूदगी में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाया गया। शिक्षकों और विशेषज्ञों ने पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता पर छात्रों से संवाद किया। विद्यार्थियों से कम से कम एक पौधा अपने परिवार के किसी सदस्य के नाम पर लगाने का आग्रह किया गया।

### लाइब्रेरी की स्थापना कर सरकार की मंशा को बढ़ाया आगे

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कमेला गांव में गुरुवार को ज्ञान गांव लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया। हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत ने लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। कमेला की प्रधान और पंचायत सचिव चंद्रभानु पांडे के प्रयासों से यह परियोजना साकार हुई। विधायक दिनेश रावत ने कहा कि यह पहल सरकार की मंशा के अनुरूप है।

### दूसरे दिन भी जारी रहा अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री राम सेवा समिति के बैनर तले जल जीवन मिशन के अंतर्गत हो रहे मानक विहीन कार्यों के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। इस संबंध में जल निगम के अधिशाषी अभियंता अमित कुमार ने बताया कि प्रकरण की जांच कराई जा रही है। जो भी दोषी मिलेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विभाग के अवर अभियंता ने धरनाकारियों से मुलाकात की है, शीघ्र प्रदर्शन समाप्त कराने का प्रयास है।

### चार दिन से अंधेरे में घोसिनपुरवा गांव

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** घोसिनपुरवा गांव में बिजली की स्थिति गंभीर हो गई है। एक महीने में पांचवीं बार ट्रांसफार्मर जल गया है। सूरतगंज उपकेंद्र से गांव में बिजली आपूर्ति होती है। ट्रांसफार्मर की क्षमता 16 केवी है, जबकि वर्तमान लोड 25 केवी तक पहुंच गया है। अत्यधिक लोड के कारण ट्रांसफार्मर बार-बार जल रहा है। इससे पिछले चार दिनों से गांव के लोग बिना बिजली के रह रहे हैं। अवर अभियंता शैलेंद्र कुमार यादव के अनुसार, नए ट्रांसफार्मर की मांग भेजी जा चुकी है। उन्होंने जल्द ही ट्रांसफार्मर बदलने का आश्वासन दिया है।

### मां गायत्री मंदिर में पंचामृत अभिषेक आयोजित

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री शक्ति धाम महादेव तालाब पर गंगा दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में मां गायत्री का पंचामृत अभिषेक किया गया। कार्यक्रम में कन्या भोज और भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजेश पाठक, मुकेश अग्रवाल, विनोद निगम और भजन गायक आकाश गुप्ता मौजूद रहे। इसके अलावा अमित पाठक, पंडित प्रखर कुमार शर्मा, सुमित पाठक, अनिल अग्रवाल, यश, दीपक और शिवांश आदि मौजूद रहे।

### विधायक निधि से 700 मीटर इंटरलॉकिंग का काम शुरू

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत गौरा सैलक के मजरा छतवारा में आजादी के बाद पहली बार रास्तों का विकास हो रहा है। लगभग 700 लोगों की आबादी वाले इस गांव में 45 लाख रुपये की लागत से 700 मीटर इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य चल रहा है। इस परियोजना में मनरेगा योजना के तहत 30 लाख रुपये की लागत से 500 मीटर इंटरलॉकिंग का काम किया जा रहा है। साथ ही विधायक निधि से 15 लाख रुपये की लागत से 230 मीटर इंटरलॉकिंग का निर्माण होगा। बीडीओ संतोष सिंह ने बताया कि आजादी के बाद से गांव में रास्तों का कोई विकास नहीं हुआ था। अब मनरेगा और विधायक निधि की मदद से इंटरलॉकिंग का काम कराया जा रहा है। इस निर्माण कार्य से ग्रामवासियों को आवागमन में सुविधा होगी।

### एक ही रात दो स्थानों पर चोरों ने साफ किया हाथ

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एक ही रात चोरों ने दो स्थानों पर हाथ साफ किया। पहली घटना जैदपुर के सोहिलपुर की है। यहां के निवासी राममनोहर की ट्रैक्टर ट्राली गांव के बाहर खड़ी थी। रात में चोर ट्राली लेकर फरार हो गए। दूसरी घटना कोतवाली नगर अंतर्गत दक्षिण टोला, बंकी क्षेत्र की है। मन्नी पत्नी असमत अली शादी के कार्ड बांटने बाहर गई थीं। रात में लौटने पर देखा कि उनके घर में रखा बक्सा टूटा पड़ा है। उसमें रखा सोने का मंगलसूत्र, पायल और 8000 नकद गायब थे। दोनों घटनाओं की सूचना थाना जैदपुर में दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्रतिबंधित पेड़ काटने पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** वन रेंज देवा क्षेत्र में बिना अनुमति प्रतिबंधित पेड़ काटने के मामले में वन विभाग ने एक अभियुक्त के खिलाफ केस दर्ज किया है। वन क्षेत्राधिकारी मयंक सिंह ने बताया कि देवा रेंज के अंतर्गत ग्राम कामीपुर थाना कुर्सी क्षेत्र में गूलर प्रजाति के एक निजी वृक्ष का अवैध कटान का मामला सामने आया है। वन विभाग की टीम ने आरोपी केशन के विरुद्ध वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

# पर्यावरण दिवस : एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मंत्री ने रोपे पौधे

## कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु व डीएम ने कैंची पुल के निकट सरायन नदी के किनारे लगाए कई पौधे

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान पौधरोपण के साथ नदी, नाले और तालाबों की साफ-सफाई की गई। कई स्थानों पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में मंत्री,जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी और आमजन भी सम्मिलित हुए।

**मंत्रियों ने नदी किनारे रोपे पौधे :** महाकुंभ 2025 की स्मृति में पौध रोपण एवं सरायन नदी सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु और जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने नगर क्षेत्र स्थित कैंची पुल के निकट सरायन नदी के किनारे पवित्र त्रिवेणी पीपल, नीम, बरगद के पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वन एवं वन्यजीव विभाग की ओर से आयोजित हुआ। इस अवसर पर सरांयन नदी सफाई अभियान की भी शुरुआत की गई। राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि वृक्षारोपण जैसे अभियानों के माध्यम से भविष्य की पीढ़ियों को एक स्वच्छ और हरित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने इस अवसर पर सरांयन नदी की सफाई और नगर को प्लास्टिक मुक्त करने का संकल्प दिलाया।

**संकल्प**

- पर्यावरण संदेश के साथ ली संरक्षण की शपथ
- पौधरोपण के साथ हुई विषयपरक चर्चा
- शपथ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जुटे पर्यावरण प्रेमी



सरायन नदी के तट पर पौधरोपण करते कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही और नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु। अमृत विचार

## नैमिषारण्य से उठी प्लास्टिक हटाओ देश बचाओ की आवाज़

**नैमिषारण्य (सीतापुर), अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को नैमिषारण्य के पवित्र देव देवेश्वर घाट पर वन विभाग द्वारा एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ जन-जागरूकता फैलाना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना था। वन क्षेत्राधिकारी सिकंदर सिंह ने उपस्थित लोगों को प्लास्टिक के दुष्परिणामों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक पर्यावरण के लिए एक स्थायी खतरा है और इससे बचने के लिए हमें अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव लाने होंगे। इस दौरान घाट पर फैली गंदगी और प्लास्टिक कचरे को स्वच्छता अभियान चलाकर हटाया गया। आमजन से अपील की गई कि वे प्लास्टिक का उपयोग न करें और अपने आस-पास के पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखें। इस अवसर पर श्री त्रिपुर सुंदरी संस्कृत विद्यापीठ के विद्यार्थियों के साथ वृक्षारोपण किया गया और उन्हें पौधे वितरित किए गए। क्षेत्रीय वन दारोगा डिंपल शर्मा व अनिल यादव समेत अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी भी इस अभियान में शामिल रहे।



देव देवेश्वर घाट पर सफाई कर जागरूकता का संदेश देती वन विभाग की टीम।

## एक नजर

### वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीतापुर,अमृत विचार :** जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार ने बताया कि उत्तर प्रदेश माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण नियमावली-2014 के अंतर्गत गठित भरण-पोषण अधिकरणों में कार्यरत सुलह अधिकारियों का कार्यकाल शीघ्र समाप्त होने जा रहा है। यह अधिकारी उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में कार्य करते हैं और वरिष्ठ नागरिकों की भरण-पोषण संबंधी समस्याओं के निस्तारण में सहायक भूमिका निभाते हैं। कार्यकाल समाप्त होने के कारण समाज कल्याण विभाग ने नए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक व्यक्ति समय से पूर्व संबंधित कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।

### रामकोट थाने का वीडियो वायरल, सिपाही निलंबित

**सीतापुर,अमृत विचार :** रामकोट थाने से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें तत्कालीन दरोगा समय सिंह और सिपाही हृदेश कुमार अवैध खनन के पैसों के बंटवारे को लेकर बहस करते दिख रहे हैं। यह वीडियो करीब तीन माह पुराना है। दरोगा की तैनाती फिलहाल रायबरेली में है, जबकि सिपाही का तबादला दो महीने पहले सदरपुर थाने हुआ था, लेकिन वह अब भी रामकोट में ड्यूटी कर रहा था। मामला संज्ञान में आते ही एसपी ने सिपाही को निलंबित कर दिया। दरोगा के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए रायबरेली पुलिस को पत्र भेजा गया है। जांच सीओ सदर को सौंपी गई है।

### दोषी को 3 वर्ष की सजा

**सीतापुर,अमृत विचार :** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत प्रभावी अभियोजन के चलते ग्राम खड़सार थाना रामपुर कलां के दोषी पुनित उर्फ पुन्नु को 3 वर्ष के कारावास एवं 10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

### दो अभियुक्तों को मिली सजा

**सीतापुर,अमृत विचार :** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत थाना खैराबाद पर विवेचना एवं प्रभावी अभियोजन के फलस्वरूप अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी), न्यू कोर्ट द्वारा मुकदमे में दोष सिद्ध दो आरोपियों हरिराम, छोटकन्ने को कठोर दंड सुनाया गया है। साथ ही 5 वर्ष का कारावास व 5 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह सजा एक पुराने हत्या के मामले में सुनाई गई है, जिसमें अभियुक्तगण ने एक विवाद के दौरान गंभीर चोटें पहुंचाकर व्यक्ति की जान ले ली थी।

### चेकिंग में पकड़ा गया शातिर

**सीतापुर,अमृत विचार :** चेकिंग के दौरान तालगांव पुलिस ने महबूब आलम उर्फ बाला निवासी ग्राम तवाव का पुरवा, थाना तंबौर को शाहाबाद-मोहम्मदीपुर मोड़ के निकट वहद ग्राम शेरपुर से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा एवं 12 बोर और कारतूसें बरामद हुई हैं। क्षेत्राधिकारी लहरपुर सुशील यादव के अनुसार, महबूब आलम शातिर और अभ्यस्त अपराधी है, जिसके विरुद्ध पूर्व में चोरी, नकबजनी, अवैध शस्त्र रखाव जैसे गंभीर अपराधों में एक दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं।

### हादसे में बुजुर्ग ने तोड़ा दम

**सीतापुर,अमृत विचार :** पिसावां इलाके पट्टीपुरवा निवासी 60 वर्षीय कैलाश यादव मोटर साइकिल से अपने मित्र श्यामसुंदर की बेटी के विवाह में शामिल होने मुल्लाभीरी गांव जा रहे थे। अमजदपुरवा के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गए। गंभीर हालत में बुजुर्ग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने कैलाश यादव को मृत घोषित कर दिया।

### धमकाने का वीडियो वायरल

**सीतापुर,अमृत विचार :** थानगांव थाना क्षेत्र के राजापुर इसरौली गांव के एक युवक का तमंचा लहराते हुए वीडियो वायरल हुआ है। गांव की प्रेमा देवी ने बताया है कि विपक्षी बिमल, रामतीरथ और रामस्वरूप जबरन खेत जोत लिया। जब महिला का परिवार रोकने लगा तो उस पर हमला कर दिया गया। वारदात के दौरान ही आरोपी ने कट्टा लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# डीएम ने अकोइया में टोही निर्माण कार्य की नब्ज

**निरीक्षण**

- खैराबाद की अकोइया ग्राम सभा में निर्माणीधीन है टंकी का हाल
- 274 लाख की लागत से बनाई जा रही है पानी की टंकी

कार्यालय संवाददाता,सीतापुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने गुरुवार को खैराबाद विकास खंड के अंतर्गत ग्राम अकोइया में निर्माणाधीन अकोइया पाइप पेयजल योजना का स्थलीय निरीक्षण किया। यह परियोजना एलएंडटी लिमिटेड के माध्यम से लगभग 274 लाख रुपये की लागत से क्रियान्वित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना के कार्यों को शीघ्रता और गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराते हुए ग्रामवासियों को समुचित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अकोइया के मजरे खमरिया और नंदापुरवा तक पाइपलाइन विस्तार की व्यवस्था को भी जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। डीएम ने यह भी कहा कि सड़क पुनर्स्थापना (रोड रिस्टोरेशन) का कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए तथा टंकी का गुणवत्ता परीक्षण (टेस्ट ट्रायल) कराकर ही जलापूर्ति प्रारंभ की जाए। इसके साथ ही गांव में हैंडपंपों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने और पेयजल परियोजना के माध्यम से शीघ्र जलापूर्ति हेतु भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी नवीन खंडेलवाल, एसडीएम सदर अभिनव कुमार, डीसी मनरेगा चंदन देव पांडेय, खंड विकास अधिकारी खैराबाद सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



अकोइया में पानी की टंकी के निर्माण कार्य का जायजा लेते डीएम अभिषेक आनंद।



पौधरोपण करते जिलाधिकारी।

### डीएम ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

डीएम ने अकोइया स्थित गंगा गोकर्ण अमृत वाटिका में पौधरोपण किया। इस दौरान अधीनस्थों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर वाटिका के समीप निर्मित तालाब एवं एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का भी निरीक्षण किया।

# शांति व सौहार्द बनाए रखें : डीएम

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** जनपद में आगामी पर्व-त्योहारों के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने उपस्थित धर्मगुरुओं से संवाद करते हुए कहा कि सभी धार्मिक कार्यक्रम पूर्व परंपरा के अनुसार ही संपन्न हों, किसी नई परंपरा को बिना अनुमति प्रारंभ न किया जाए। उन्होंने सभी नागरिकों से आपसी भाईचारा बनाए रखने, धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने एवं भ्रामक सूचनाओं से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर जिला प्रशासन की निगरानी जारी है और आपत्तिजनक या भड़काऊ सामग्री प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। आपात स्थिति में तत्काल पुलिस या प्रशासन को सूचना देने का आग्रह किया गया।

**पुलिस 24 घंटे सतर्क,अफवाह फैलाने पर सख्त कार्रवाई : एसपी**

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था की समीक्षा की जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस बल सतर्क है। संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी गई है और धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून तोड़ने या धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को कदापि बख्शा नहीं जाएगा।



पीस कमेटी की बैठक में डीएम अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल।

## कोर्ट परिसर में लगी हरियाली की पौध




पौधरोपण करते न्यायाधीश। अमृत विचार

**सीतापुर,अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सक्सेना के निर्देशानुसार एवं अपर जिला जज/सचिव नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी जनपद न्यायाधीश/अपर जिला जज प्रथम ज्ञान प्रकाश- तृतीय, अपर जिला जज (पॉक्सो कोर्ट) एवं नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत भगीरथ वर्मा, अपर जिला जज, कोर्ट संख्या-09 शैलेन्द्र वर्मा सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त स्टाफ द्वारा पौधरोपण किया गया। उधर, बार एसोसिएशन अध्यक्ष विजय अवस्थी ने सदस्यों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। अधिवक्ताओं को जागरूक भी किया गया।

## क्षमता से कम ट्रांसफार्मर दे रहे हैं दंश

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार:** क्षेत्र में आये दिन टूटते व जलते केबिल व जल रहे ट्रांसफार्मर के चलते नगर वासियों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। नगर क्षेत्र के विभिन्न फीडरों पर अत्यधिक लोड एंव विद्युत आपूर्ति के लिए लगाए गए ट्रांसफार्मरों की क्षमता कम होने के कारण ट्रांसफार्मर आए दिन जल जाते हैं। सबसे अधिक परेशानी रात में होने वाली फाल्ट के निस्तारण को लेकर होती है जिसको लेकर पूरे मोहल्ले की लाइट काट दी जाती है। मुशीर अहमद, मेराज खां, श्याम लाल, सरफुद्दीन, रियाज, रोशन लाल, निक्की, संतोष शर्मा, रईस खां, रमेश सिंह आदि ने मांग की है कि जिस क्षेत्र में फाल्ट की समस्या है, उस स्थान की ही लाइट काटी जाए बाकी उपभोक्ताओं को लाइट सुचारू रूप से उपलब्ध कराई जाई।

**तारों के मकड़जाल से बढ़े फाल्ट :** रामपुर मथुरा विकास क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। जिससे पंखे व अन्य बिजली संयंत्र सही काम नहीं करतेद्ध बिजली के खम्भों पर तारों का मकड़जाल फैला हुआ है। जिससे अक्सर फाल्ट की वजह से सप्लाई बीच-बीच में बाधित हो जाती है।



बिना दस्तानों के लाइन में फाल्ट ढूंढता लाइनमैन। अमृत विचार

# अभद्र टिप्पणियों के विरोध में सौंपा ज्ञापन

संवाददाता,मिश्रिख (सीतापुर)

**अमृत विचार :** महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में संघ की कार्यकत्रियों ने उपजिलाधिकारी मिश्रिख को सम्बोधित एक ज्ञापन मिश्रिख नायब तहसीलदार रामसूरत यादव को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने आरोप लगाया कि एक नेता द्वारा आंगनबाड़ी चयन प्रक्रिया को लेकर लगातार अभद्र और अपमानजनक टिप्पणियाँ की जा रही हैं। महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष नीतू सिंह ने कहा कि जिला चयन समिति द्वारा पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत चयन किया गया है, लेकिन एक नेता द्वारा की जा रही निराधार टिप्पणियां न केवल चयनित बहनों को मानसिक रूप से आहत कर रही हैं, बल्कि विभाग की छवि को भी धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे नवनियुक्त कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। संघ ने मांग की है कि यदि एक सप्ताह के भीतर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाएं अनिश्चितकालीन धरना देने को बाध्य होंगी। ज्ञापन के दौरान नीतू सिंह, रामश्री राठौर, नीता सिंह सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।



धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन देतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। अमृत विचार

- महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने कार्रवाई न होने पर दी धरने की चेतावनी

## सार-संक्षेप

### बहराइच जाने की राह हो जाएगी आसान : राही



नवनिर्मित पुल निर्माण के दौरान उपस्थित कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही।

- कारागार राज्य मंत्री ने नवनिर्मित नहर पुल का किया भूमि पूजन

**संवाददाता लहरपुर,सीतापुर,अमृत विचार :** भदफर जाने वाले मार्ग पर शारदा नहर पर नवनिर्मित होने वाले नहर पुल का राज्य कारागार मंत्री सुरेश राही ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया। राज्य कारागार मंत्री सुरेश राही ने ग्राम पोगलीं पुर शारदा सहायक नहर पर नवनिर्मित होने वाले पुल का भूमि पूजन किया। शारदा नहर पुल पुराना जर्जर और संकरा होने से यात्रियों को आने-जाने में भारी असुविधा हो रही थी, जिसके चलते राज्य कारागार मंत्री सुरेश राही द्वारा नये बनने वाले पुल के लिए विधि विधान से पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन किया गया। उन्होंने बताया कि यह पुल बन जाने से लहरपुर से बहराइच जाने वाले वाहन आसानी से गुजर सकेंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख कमलेश वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खान, सचिन मिश्रा जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामप्रताप सिंह, लव कुश शुक्ला,अधिशासी अभियंता प्रमोद कुमार, सहायक अभियंता रामनरेश वर्मा, सहायक अभियंता अनूप कुमार राजवंशी,अवर अभियंता आशीष सिंह, अवर अभियंता महेंद्र प्रतापगौतम, अवर अभियंता सतीश चंद्र, विभागीय अधिकारी व ग्रामीण जय सिंह उत्तम शर्मा प्रधान अमरीश वर्मा सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### लहरपुर में निकाली गई जागरूकता रैली




रैली निकालते चिकित्सक व ग्रामीण। अमृत विचार

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आशा बहुओं द्वारा अस्पताल परिसर में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से जागरुक करते हुए परिसर में अशोक, पकरिया, बेल अमरुद, सहजन सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। इस मौके पर डॉ गोविंद गुप्ता, डॉ प्रणव, फार्मासिस्ट दिनेश चंद्र गुप्ता, सुबोध शुक्ल, बीसीपीएम मनोज वर्मा मौजूद थे। इसी क्रम में एक महाविद्यालय में वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह व उनकी टीम के द्वारा मोहगनी, नीम, आम अमरुद, कनक चंपा सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य विपिन वर्मा, उपवन क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार, प्रधान विवेक शुक्ला उर्फ पोनू, सत्तार, प्रबंधक सलाउद्दीन, वन दरोगा राजकुमार सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे। इस क्रम में ब्लॉक कमांडर पीआरडी जवान अशर्फीलाल द्वारा क्षेत्र के ग्राम पिन्डुरिया में विभिन्न प्रजातियों के वृक्षों का रोपण किया गया।

### सीएम के जन्मदिन पर लगा रक्तदान शिविर



लहरपुर में रक्तदान करते पूर्व विधायक। अमृत विचार

**संवाददाता,लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** सरस्वती शिशु मंदिर में गौ रक्षा पीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ के 53 वें जन्म दिवस पर विश्व हिंदू महासंघ की स्थानीय ईकाई द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष अनुराग मिश्रा ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के निर्देश में पूरे प्रदेश में 5 जून को सैनिकों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। लहरपुर में आयोजित शिविर में 19 रक्तदानियों ने रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। इस अवसर पर निवर्तमान विधायक सुनील वर्मा ने भी रक्तदान किया। रक्तदानियों में विशाल कपूर, डॉ. सौरभ मल्होत्रा, डॉ. हर्षपुरी, विश्व हिंदू महासंघ के जिला उपाध्यक्ष मनीष मल्होत्रा, विश्व हिंदू महासंघ के नगर अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा, सलिल मिश्रा, निखिल मल्होत्रा, अनुज मल्होत्रा, अतुलित पुरी, उमंग शुक्ला, शैलेंद्र पुरी, राजुल मल्होत्रा, सुरेंद्र कुमार जैन, विजय सिंह, शिव शंकर मिश्रा, अमर वर्मा ने रक्तदान किया।

### प्लॉस्टिक प्रदूषण और मानव जीवन पर प्रभाव पर हुई चर्चा



कार्यशाला के दौरान संबोधित करते विशेषज्ञ जलवायु परिवर्तन एवं मानव।

**सीतापुर, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में नेशनल प्रोग्राम फॉर क्लाइमेट चेंज एंड ह्यूमन हेल्थ के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता डॉ. दीपेन्द्र ने की। कार्यक्रम का मुख्य विषय प्लास्टिक प्रदूषण और उसका मानव जीवन पर प्रभाव रहा। डॉ. दीपेन्द्र ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए बताया कि यह कार्यशाला वर्ष में छह बार आयोजित की जाती है और हर बार अलग विषय पर चर्चा होती है। कार्यशाला का उद्देश्य प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग और उससे उत्पन्न स्वास्थ्य संकटों पर प्रकाश डालना रहा। इस अवसर पर कैलाश नाथ मिश्रा, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी, और अनिल कुमार श्रीवास्तव, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, हरगांव ने भी वक्तव्य देते हुए प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में जिले के विभिन्न ब्लॉकों से आए अधीक्षकगण, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, और अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

**लापरवाही** — नालियां हुईं चोक, लोगों ने सफाईकर्मी न आने का लगाया आरोप

# मोहल्लों में फैली गंदगी से संक्रमण का खतरा

मछरेहटा-सीतापुर

**अमृत विचार :** बढ़ते संक्रमण के बीच गांव और कस्बों में साफ-सफाई की आवश्यकता है। ऐसे में मछरेहटा कस्बा वासियों ने साफ-सफाई पर सवाल खड़े किये हैं। ब्लॉक की बड़ी ग्राम पंचायत होने के साथ ही मछरेहटा कस्बा क्षेत्र का प्रमुख बाजार और व्यापारिक स्थान है। यहां घनी आबादी और ब्लाक मुख्यालय भी है। कस्बे के मुहल्ला दखिनारा, रामलोटन बाजार, नयी बस्ती में सड़क और गलियों मे गंदगी का अंबार लगा है। रामलोटन बाजार के आसपास कूड़ा-करकट से नालियां जाम हो गई हैं और चारों ओर पानी बहता दिखाई देता है। मोहल्ले के रहने वाले पप्पू, राजू, अनिल, रामू आदि का दावा है कि सफाईकर्मी महीने दो महीने में कभी-कभार आता है और इधर - उधर झाड़ू मारकर चला जाता है। बाजार में लगा हुआ हैंडपंप भी खराब पड़ा है। जिससे राहगीरों को पानी की बहुत दिक्कत होती है। दखिनारा मोहल्ले में भी साफ-सफाई न होने से लोग परेशान हैं। आने वाले बरसात के मौसम तक यदि नालियों की सफाई नहीं हुई तो लोगो का निकलना मुश्किल होगा, साथ ही संक्रामक बीमारियों के फैलने का भी खतरा है।

**शिकायतों के बावजूद जलभराव की मुसीबत हावी :** मोहल्ला नई बस्ती निवासी रिंकू, सुनील, अमित, फरीद, राजू, राजिया, शाहिद, लापता प्रसाद ने बताया कि सबसे बड़ी समस्या रास्ते के जलभराव की है। मिश्रिख-मछरेहटा रोड से जो रास्ता नयी बस्ती की ओर जाता है वहां काफी जलभराव है। बारिश के मौसम में तो निकलना दूभर हो जाता है।



बाजार में खराब पड़ा हैंडपंप।



कूड़े के ढेर से चोक पड़ीं नालियां।

> मिश्रिख रोड पर तकिया बाजार से नालियों की सफाई का काम शुरू कर दिया गया है और बरसात आने से पहले अभियान चलाकर पूरे कस्बे को गंदगी मुक्त करने का प्रयास किया जायेगा।
>
> -संदीप कुमार, एडीओ पंचायत।

# मुख्य मार्ग पर भरा गंदा पानी संक्रमण व हादसों का खतरा

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार:** ग्राम नेवादा में ग्रामीणों द्वारा जल निकासी के लिए बनाया गया नाला पटने से लहरपुर-सीतापुर मुख्य मार्ग पर पानी भर रहा है। गंदे पानी की चपेट में आने से राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। लहरपुर- सीतापुर मार्ग पर ग्राम गणेशपुर नेवादा में गांव का गंदा पानी निकालने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क के दोनों किनारों पर नाले का निर्माण कराया गया था। लेकिन घरों से निकलने वाला पानी सड़क पर हादसों का दावत देने के साथ संक्रमण को बढ़ावा दे रहा है। ग्रामीण समीउल्लाह, मेहरुद्दीन, इस्माइल, मुजीम, जुबेर, इस्लाम आदि ने बताया कि जल निकासी मार्ग अवरुद्ध होने से परेशानी बढ़ी है।

अवर अभियंता पीडब्लूडी बाबूराम ने बताया कि नाले को अवरुद्ध करने की सूचना पर ग्रामीणों को नाले को खोलने के लिए चेतावनी दी गई है, शीघ्र ही नाले से अतिक्रमण हटवा कर पानी का सुचारू रूप से प्रवाह करा दिया जाएगा।



मुख्य मार्ग पर भरा गंदा पानी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# 'एक पेड़ मां के लिए' अभियान से दिया हरियाली का संदेश

## विश्व पर्यावरण दिवसः जिले में जगह-जगह आयोजित किए गए कार्यक्रम, लोगों से की कम से कम एक पौधा लगाने की अपील



पौधरोपण करते सीएमओ डॉ. अशुमान सिंह। अमृत विचार



सिंहपुर में पौधरोपण करते लोग।



मुसाफिरखाना में पौधारोपण करते केके सिंह। अमृत विचार



पौधरोपण करते भाजपा नेता दिनेश तिवारी।

**संवाददाता, अमेठी**

**अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को जिले में जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान गोष्ठियों और पौधरोपण के जरिए लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में हुए कार्यक्रम की शुरुआत सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह द्वारा पौधरोपण करके की गई। उन्होंने 'एक पेड़ मां के लिए' अभियान के अंतर्गत पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। सीएमओ ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं, खासकर अपनी मां के नाम पर, ताकि पर्यावरण के साथ भावनात्मक जुड़ाव भी स्थापित हो सके।

सिंहपुर प्रतिनिधि के अनुसार, राजापुर हलीम में पूर्व ब्लॉक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी अमित सिंह व अन्य अधिकारियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पीपल, बरगद, नीम के पौधे लगाए। तिलोई रेंजर ज़हीर मिर्जा ने पाकड़ का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। ब्लॉक मुख्यालय सिंहपुर में ब्लॉक प्रमुख अंकित पासी और बीडीओ कमलेश यादव ने पौधरोपण किया। स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर व विभिन्न विद्यालयों में भी पौधे लगाए गए। मुसाफिरखाना प्रतिनिधि के अनुसार, सिविल कोर्ट मुसाफिरखाना में सिविल जज दीपांशी चौधरी ने न्यायालय परिसर में 4 छायादार व फलदार पौधे लगाए। इस अवसर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष के.के. सिंह, सचिव अंजनी मिश्रा आदि मौजूद रहे। ब्लॉक परिसर में बीडीओ विनय वर्मा की अगुवाई में 10 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में एडीओ पंचायत साधू सरन, एपीओ आशुतोष मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### हरित प्रदेश-समृद्ध प्रदेश का संकल्प दोहराया

**अमेठी, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस एवं विश्व पर्यावरण दिवस पर बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी अमेठी कार्यालय पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक कालिका प्रसाद मिश्रा थे। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं ब्राह्मण स्वाभिमान एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने भी पौधरोपण कर जहां पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उत्तर प्रदेश के सतत विकास की मंगलकामना की।

# ब्लैकमेलिंग से तंग जीजा और साली ने की थी युवक की हत्या

**संवाददाता, संग्रामपुर अमेठी**



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**खुलासा**

- जीजा-साली के अवैध संबंधों का बनाया था वीडियो
- युवती पर डाल रहा था शारीरिक संबंध बनाने का दबाव

**अमृत विचार।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र से पुन्नपुर गांव के मजरे पूरे रामा चौहान निवासी सागर की हत्या की जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, वे चौंकाने वाले हैं। तथ्यों के आधार पर पुलिस ने पड़ोस में रह रही एक युवती को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका जीजा फरार है।

पुलिस के अनुसार, सागर ने अपने पड़ोस में रह रहे एक वेदप्रकाश और उसकी साली कुमकुम के बीच चल रहे अवैध संबंधों का आपत्तिजनक वीडियो बना लिया था। इसी वीडियो के दम पर वह युवती पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। पुलिस के मुताबिक, इसी ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर कुमकुम और उसके जीजा वेद प्रकाश ने मिलकर साजिश के तहत सागर की हत्या कर दी। घटनाक्रम के अनुसार, मंगलवार की रात सागर छत के रास्ते पड़ोसी कुमकुम के घर पहुंचा था। वहां पहले से घात लगाए बैठे कुमकुम के जीजा वेद प्रकाश ने सागर के सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया, जिससे वह जमीन पर गिर गया। इसके बाद दोनों ने मिलकर उसका मुंह दबाया और गले पर एक के बाद एक कई वार किए, जिससे उसकी मौत हो गई। शव को छिपाने के लिए उसका सिर और गर्दन पॉलिथीन से बांध दी गई और हाथ-पैर रस्सियों से कसकर बांध दिए गए। इसके बाद शव को पड़ोस की पशुशाला में ले जाकर छिपा दिया। कोतवाल बृजेश सिंह ने बताया कि युवती कुमकुम को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे जेल भेज दिया गया है। जीजा वेद प्रकाश की तलाश में पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई है। सागर के मोबाइल से मिले वीडियो और चैटिंग के आधार पर मामले की पुष्टि हुई।

### साक्ष्य मिटाने की कोशिश

हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने की कोशिश भी की गई। युवती ने घर में फैले खून के निशानों को गोबर से लीप दिया। जीजा वेद प्रकाश कुल्हाड़ी को छिपाने के बहाने घर से निकल गया और अब तक फरार है।

# मीडिया की स्वतंत्रता अक्षुण्ण रहनी चाहिए



कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रेस स्थायी समिति की हुई बैठक।

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रेस स्थायी समिति की बैठक हुई। इसमें पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला सूचना अधिकारी शिवदर्शन यादव आदि उपस्थित रहे। इस दौरान डीएम ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है और इसकी स्वतंत्रता अक्षुण्ण बनी रहनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि पत्रकारों और जिला प्रशासन के बीच सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक संबंध बनाए रखने के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार पत्रकार स्थायी समिति का गठन किया गया है। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि वे उत्तरदायित्वपूर्ण एवं संतुलित रिपोर्टिंग करें। बैठक में पत्रकार सदस्यों द्वारा फर्जी पत्रकारों और यूट्यूबरों पर नियंत्रण, प्रेस क्लब के लिए भूमि उपलब्ध कराना, बाबूगंज टोल प्लाजा पर पत्रकारों को छूट तथा पत्रकार उत्पीड़न पर रोक लगाने जैसी मांगें रखी गईं। इन पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिला सूचना अधिकारी एवं प्रेस स्थायी समिति के संयोजक शिव दर्शन यादव ने बताया कि समिति का उद्देश्य पत्रकारों की पत्रकारिता संबंधी समस्याओं का समाधान जिला स्तर पर सुनिश्चित करना है। बैठक में योगेंद्र श्रीवास्तव, नीरज सिंह, अनिल भदौरिया तथा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# बाइकों में टक्कर, एक की मौत, दो घायल

**तिलोई अमेठी।** कोतवाली मोहनगंज क्षेत्र के अन्तर्गत रायबरेली- फैजाबाद मार्ग पर स्थित अलाईपुर चौराहे पर गुरुवार सुबह 6 बजे दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत हो गयी और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मोहनगंज थानाक्षेत्र के अलाईपुर चौराहे पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में आदर्श बाजपेई उर्फ सूरज, रायबरेली जिले के थाना मिल एरिया अंतर्गत रतापुर निवासी अभिषेक कुमार तथा रायबरेली के डलमऊ थानाक्षेत्र के मुराईबाग नेवाजगंज निवासी अमन कुमार घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल तिलोई पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने आदर्श बाजपेई को मृत घोषित कर दिया और अमन व अभिषेक को भर्ती कर लिया। दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए एम्स अस्पताल रायबरेली को रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी किसी पक्ष से कोई प्रार्थनापत्र नहीं प्राप्त हुआ है।

# ई-रिक्शा पलटने से अधेड़ की मौत, मचा कोहराम

**संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली**

**अमृत विचार।** टीनशेड लेकर जा रहा ई रिक्शा थाना क्षेत्र के पहुरावां गांव के पुल के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके नीचे दबने से ई रिक्शा पर बैठा एक अधेड़ गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों द्वारा आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक पहुरावां मजरे बहादुर नगर थाना शिवगढ़ के रहने वाले रामबिहारी (42) पुत्र रेवती पासी टीन शेड लेकर जा रहे तभी ई-रिक्शा के पलटने से वे उसके नीचे दबकर गम्भीर रूप से घायल हो गये। चीख पुकार पर इकट्ठा हुए लोगों ने किसी तरह ई रिक्शा के नीचे से निकालकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया, जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। थाना प्रभारी विंध्य विनय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**जगतपुर, रायबरेली।** नीलगाय से टकरा कर घायल हुए अधेड़ की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

जगतपुर कस्बे के व्यवसायी राजेश त्रिवेदी के पुत्र लगभग 10 दिन पूर्व ऊंचाहार की तरफ से बाइक से अपने घर जगतपुर जा रहे थे। तभी चेन्नई टोल टैक्स के पास नीलगाय उनकी बाइक में टकरा गई थी जिससे वह घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा घायल सौरभ त्रिवेदी (42) को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया था। गुरूवार को लखनऊ में उपचार के दौरान अधेड़ की मौत हो गई। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है।

# चला अभियान, 63 वारंटी हुए गिरफ्तार

- न्यायालय के आदेश पर पुलिस विभाग ने दिखाई तेजी

**संवाददाता, रायबरेली**



महराजगंज पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए वांरटी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले भर में 24 घण्टे तक वारंटी अभियान चलाया गया। समस्त थानों की पुलिस टीम की मदद से जिले भर में 63 वारंटियों को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया है। न्यायालय ने पुलिस अधीक्षक को तलब करके कुल 120 वारंटियों की धरपकड़ का आदेश दिया था। इसमें एक वारंटी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है।

बृहस्पतिवार को न्यायालय के आदेश के बाद जिले की पुलिसिंग हरकत में आ गयी। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देश पर जिले भर में 24 घण्टे तक वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए गए अभियान में जिले के समस्त थानों की पुलिस टीम की मेहनत से 63 वारंटियों को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया। इनमें कई अपराधी ऐसे हैं जिन पर अलग-अलग थानों पर कई मुकदमे हैं।

### अभियान में अव्वल रही महराजगंज पुलिस

बृहस्पतिवार को चलाये गए अभियान में सबसे अधिक महराजगंज पुलिस ने दस वारंटियों को पकड़कर न्यायालय में पेश किया है। इन्हीं के साथ-साथ अन्य थानों हरचंदपुर, कोतवाली नगर, ऊंचाहार, सलोन थाने की फोर्स का भी कार्य सराहनीय रहा है। इस अभियान में तीन थाने फिसड्डी साबित हुए हैं। लालगंज, खीरों और गदागंज की पुलिस ने 24 घण्टे में सिर्फ एक-एक वारंटियों को पकड़ा है।

# नगर विकास सचिव ने कूलिंग प्वाइंट पेयजल और विद्युत व्यवस्था जांची

**संवाददाता, रायबरेली**



गोल चौराहे के पास स्थित कूलिंग प्वाइंट का निरीक्षण करते नगर विकास सचिव।

**अमृत विचार।** नगर विकास सचिव अनुज कुमार झा ने गुरूवार को आगामी त्योहारों एवं दिवस गंगा दशहरा, ईदुलअजहा, विश्व पर्यावरण दिवस तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दृष्टिगत नगरी निकायों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पालिका क्षेत्र का निरीक्षण कर कार्यों का जायजा लिया। निर्देश दिया की साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखा जाए। बरसात के मौसम में नाले और नालियों की नियमित रूप से साफ सफाई कराई जाए जिससे कि जल भराव की समस्या न होने पाए। नगर विकास सचिव ने गोल चौराहा स्थित नगर पालिका द्वारा स्थापित कूलिंग प्वाइंट का भी निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने कूलिंग पॉइंट, पेयजल, विद्युत आदि की व्यवस्था देखी। उसके बाद जैतुपुर स्थित सीएनडी प्लांट का दौरा किया। नगर विकास सचिव ने प्लांट परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण भी किया। इसके अलावा उन्होंने सिद्धार्थ विहार स्थित बड़े नाले की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निर्देश दिया कि नाला सफाई के दौरान मानको का पालन किया जाए, सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाए। नगर सचिव ने पीडब्ल्यूडी स्थित गेस्ट हाउस में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा, अपर जिलाधिकारी सिद्धार्थ, ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह के साथ बैठकर कार्यों की समीक्षा की और उन्हें दिशा निर्देश दिया की प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों को धरातल पर लागू कराया जाए।

# कैंसर के प्रति महिलाओं को किया जागरूक

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स मुंशीगंज प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने निःशुल्क गर्भाशय ग्रीवा एवं स्तन कैंसर जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

महिलाओं को होने वाले गर्भाशय ग्रीवा एवं स्तन कैंसर के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने गर्भाशय ग्रीवा और स्तन कैंसर की जांच कराई। प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना वर्मा ने गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से निपटने में निवारक स्वास्थ्य सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने नियमित जांच, एचपीवी टीकाकरण और प्रारंभिक चेतावनी संकेतों के बारे में जागरुकता की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. पारुल सिन्हा ने भारत में, विशेष रूप से ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की महामारी विज्ञान और बोझ पर प्रकाश डाला। इस मौके पर संकाय सदस्य, नर्सिंग स्टाफ व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# दोषी को सात साल कठोर कारावास

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** कोर्ट ने भदोखर थाना क्षेत्र से जुड़े आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में दोषसिद्ध होने पर एक आरोपी को सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 12 हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है। वहीं पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में दो आरोपियों को बरी कर दिया। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायालय स्थित एफटीसी संख्या तीन के अपर सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार वर्मा ने सुनाया।

अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले एडीजीसी (क्रिमिनल) अवधेश कुमार पांडेय के मुताबिक मामले की रिपोर्ट भदोखर थाना क्षेत्र के सांडबरा निवासी संतोष ने दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार गांव के अविनाश उर्फ मिंटू, उसके भाई अरविंद व भाभी डालू ने वादी की बेटी का उपहास उड़ाया। इससे आहत होकर वादी की बेटी ने 30 अप्रैल 2022 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने विवेचना के बाद अविनाश उर्फ मिंटू, अरविंद व डालू उर्फ श्रुति के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। कोर्ट ने अविनाश को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने व धमकाने का दोषी पाए जाने पर कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में आरोपी अरविंद व डालू उर्फ श्रुति को बरी कर दिया।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**शिवगढ़, रायबरेली।** थाना के क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। किशोरी की मां के मुताबिक, वह और उसकी बेटी शिवशंकर उर्फ साजन के साथ निमंत्रण में गई थी। देर रात शिवशंकर ने उसे घर में छोड़ दिया लेकिन उसकी नाबालिग बेटी को लेकर कहीं चला गया। आरोप लगाया कि युवक ने किशोरी के साथ तीन दिन तक दुष्कर्म किया। मंगलवार को मां ने शिवगढ़ थाने में अपनी बेटी के साथ पहुंच कर शिवशंकर के खिलाफ लिखित तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी विंध्य विनय ने बताया कि मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### 24 लाख गायत्री महामंत्र जाप का लिया संकल्प



अपने परिवार के साथ हवन-पूजन करते गायत्री परिवार के सदस्य।

**अमेठी, अमृत विचार।** गंगा दशहरा एवं गायत्री जयंती पर गुरुवार को गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। सुबह से ही शक्तिपीठ पहुंचे सैकड़ों की संख्या में गायत्री परिवार के सदस्यों ने परिवार के साथ हवन-पूजन में भाग लिया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम में लोगों ने 'हम बदलेंगे, युग बदलेगा' मूल मंत्र को आत्मसात किया और आगामी 11 जुलाई से 24 लाख गायत्री महामंत्र के जाप का संकल्प लिया। इसके साथ ही 24 पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ, 50 प्रज्ञा अभियान पाक्षिक के नियमित पाठकों का निर्माण और प्रतिदिन 2 घंटे समयदान का प्रण भी लिया गया। गायत्री शक्तिपीठ अमेठी के जिला समन्वयक डॉ. त्रिवेणी सिंह ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य आत्मिक चेतना का जागरण एवं समाज में नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना है। हवन-पूजन के पश्चात कन्या भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में अशोक कुमार बरनवाल, सरिता सिंह, संतोष कुमार, चंद्रभान मिश्रा, गिरीशचंद्र पांडेय, डॉ. विजयलक्ष्मी सिंह, लाल अशोक चंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, डॉ. आर. पी. सिंह, चिरौंजी लाल उपस्थित रहे। हवन पूजन का संचालन यज्ञाचार्य इंद्र देव शर्मा ने किया।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मनाया गया जन्मदिन



मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाते भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला।

**अमेठी अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 53 वां जन्मदिन गुरुवार को जनपद में धूमधाम से मनाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने मां कालिकन धाम पहुंचकर पूजा अर्चना की एवं योगी जी के दीर्घायु जीवन की कामना की। प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह कहा कि योगी आदित्यनाथ के व्यक्तित्व में सन्त और जननेता के गुणों का अद्भुत समन्वय है। कालिकन धाम पर संग्रामपुर के मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ला पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रकेश यादव उपस्थित रहे। भाजपा कार्यालय पर जिला पंचायत सदस्य अभिषेक चंद्र कौशिक संतोष द्विवेदी पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय सिंह गौर मंडल अध्यक्ष गौरीगंज सूर्य नारायण तिवारी पूर्व जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा अरुण मिश्रा राजा उपस्थित रहे।

### शिविर में 72 दिव्यांग लाभार्थी चिह्नित किए गए

**अमेठी अमृत विचार।** विकास खण्ड अमेठी परिसर में शुक्रवार को दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से दिव्यांग चिह्नांकन शिविर का आयोजन हुआ। इसमें कुल 73 दिव्यांगजन कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों के लिए उपस्थित हुए, जिनमें से 72 को विभिन्न श्रेणियों में चिह्नित किया गया। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नरेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि चिन्हित किए गए दिव्यांगों में 25 को ट्राईसाइकिल, 8 को बैसाखी, 1 को कान की मशीन, 1 को व्हीलचेयर, 2 को स्मार्ट केन, 15 को दिव्यांग पेंशन और 21 को यूडीआईडी कार्ड के लिए चिह्नित किया गया है।

### गोष्ठी में जैविक खेती, पशुपालन पर दिया गया जोर

**फुरसतगंज अमेठी, अमृत विचार।** बहादुरपुर ब्लॉक सभागार में विकसित संकल्प कृषि अभियान के तहत एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश सिंह, विशिष्ट अतिथि सराय महेश के प्रधान प्रतिनिधि आदित्य पाण्डेय और मुबारकपुर मुखेतियाँ के ग्राम प्रधान प्रदीप सिंह शामिल हुए। अध्यक्षता बीडीओ विजयन्त कुमार सिंह ने की। गोष्ठी में जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार और कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा, जगदीशपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. लाल पंकज सिंह ने धान की नर्सरी, पशुपालन, मत्स्य पालन, जैविक खेती और महिलाओं द्वारा घरेलू उत्पाद जैसे अचार-मुरब्बा व मोटे अनाज की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। कृषि बीज भंडार प्रभारी अनिल कुमार ने किसानों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी।

### भाकियू ने चकबंदी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**जगदीशपुर अमेठी अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को जगदीशपुर के चकबंदी कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, दलालों के माध्यम से होने वाले कार्यों तथा भ्रष्ट अधिकारियों को हटाने की मांग को लेकर नारेबाजी की और 'भ्रष्टाचार मुर्दाबाद' के नारे लगाए। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष रामदीन मौर्य, चंद्रभान दूबे, तहसील अध्यक्ष अहमद हुसैन, अनवार अहमद, शमसीर, समसाद, जगरूप, रामकुमार, तस्सवर और जिला प्रभारी इनामउल्ला आदि मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक ने किया पेट्रोल पंप का उद्घाटन



पेट्रोल पंप का उद्घाटन करते पूर्व विधायक धीरेंद्र सिंह, मौजूद पेट्रोल पंप संचालक विजय सिंह।

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** गुरूवार को पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने बृजेंद्र फ्यूल्स सराय बैरिया खेड़ा का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि विजय प्रताप सिंह ने अपने पिता के नाम का पेट्रोल पंप खोलकर उनके नाम को रोशन कर दिया है। उनकी पहल अनुकरणीय है। इस पंप के खुलने से क्षेत्र के लोगों को अब डीजल व पेट्रोल के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इस मौके पर पूर्व विधायक अशोक सिंह, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रोफेसर अविनाश सिंह, भैरों सिंह, आनेंद्र सिंह, शैलेंद्र अग्निहोत्री, राम प्रताप सिंह, अवनीश प्रताप सिंह, निरंजन राय, गोविंद सिंह, राम विलास सिंह आदि लोग थे।

### पूर्व विधायक ने की जल्द खुलासा करने की मांग

महराजगंज, रायबरेली। बीते मंगलवार को हलोर गांव निवासी तेज बहादुर वर्मा को उनके ही कपूरपुर गांव स्थित नलकूप पर अज्ञात हमलावरों ने फावड़े से हत्या कर दी। तेज बहादुर वर्मा की हत्या के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई और परिवार में मातम सा छा गया। मृतक तेज बहादुर की पत्नी रीता देवी और बेटा व बेटी का रो-रो कर बुरा हाल है। हत्या के तीसरे दिन गुरूवार को बछरावां विधानसभा के पूर्व विधायक रामलाल अकेला पीड़ित परिजनों को सांत्वना देने उनके घर हलोर पहुंचे। इस दौरान पूर्व विधायक ने उप जिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव से पीड़ित परिवार को किसान बीमा सहायता एवं क्षेत्राधिकारी महराजगंज प्रदीप कुमार से मामले का जल्द से जल्द खुलासा कर अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की। इस मौके पर पूर्व प्रधान संत कुमार चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

### गायत्री शक्तिपीठ में यज्ञ के साथ हुए विविध संस्कार

रायबरेली, अमृत विचार। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गुरूवार को गायत्री शक्ति पीठ पर गायत्री जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान पंच कुंडीय यज्ञ का आयोजन हुआ, जिसको गायत्री परिवार की ब्रह्मवादिनी बहनों मीना सिंह, डॉ. सुधा तिवारी, पूनम शर्मा द्वारा संगीतमय भजनों के साथ बडे ही प्रेरणाप्रद ढ़ग से संचालित किया गया। इस कार्यक्रम में संजीव पांडे का भी योगदान रहा। गायत्री जयंती के अवसर पर यज्ञ शाला में पांच उप नयन संस्कार, तीन विवाह संस्कार तथा विद्यारंभ, अन्नप्राशन संस्कार आदि आचार्य लक्ष्मेश्वर मिश्रा द्वारा आध्यात्मिक वैज्ञानिक विश्लेषण के साथ संपन्न कराये गये। इस अवसर पर भंडारे को भी आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। संचालन गिरीश श्रीवास्तव, कमल बाजपेयी तथा अशोक तिवारी आदि के द्वारा किया गया। इस मौके पर अनिल श्रीवास्तव, आरसी श्रीवास्तव, वीबी सिंह, हरी कान्त शर्मा, हनुमत वीर पांडेय, बलवंत त्रिवेदी, जयशंकर सिंह, मंजू सिंह, शशी तिवारी, रेनू त्रिपाठी, सरोज सिंह, रेखा सिंहा आदि लोग मौजूद रहे

### श्रीराम की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

**रायबरेली, अमृत विचार।** आस्तिक देव मंदिर लालूपुर खास गंगागंज में चौथे दिन भी श्रीराम कथा में आचार्य कृष्ण कुमार शास्त्री ने राम वन गमन ताड़का वध की कथा सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। चतुर्थ दिवस की कथा में कृष्ण कुमार शास्त्री ने भगवान श्री रामचन्द्र जी के जन्म के पश्चात विश्वामित्र का आगमन राजा दशरथ के दरबार में हुआ। विश्वामित्र ने राजा दशरथ से अपनी यज्ञ की रक्षा के लिए राम-लक्ष्मण को साथ भेजने की मांग की। वशिष्ट के समझाने पर राजा दशरथ राम-लक्ष्मण को मुनि विश्वामित्र के साथ भेजने के लिए तैयार हो गए। रास्ते में ताड़का नामक राक्षसी ने आक्रमण किया तो राम ने बिना फर वाले तीर से ताड़का का वध कर दिया। इसके बाद रास्ते में अहिल्या का उद्धार के साथ-साथ पड़ने वाली निर्जला एकादशी के अद्भुत प्रभाव व महत्व के विषय में विशिष्ट चर्चा की। उपस्थित जन समुदाय भगवान श्रीराम की सरस कथा को सुनकर बहुत ही भाव विभोर हुए।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पंच त्वाऽनुगमिष्यन्ति यत्र यत्र गमिष्यसि ।
मित्राण्यमित्रा मध्यस्था उपजीव्योपजीविनः ॥

पाँच लोग छाया की तरह सदा आपके पीछे लगे रहते हैं। ये पाँच लोग हैं – मित्र, शत्रु, उदासीन, शरण देने वाले और शरणार्थी।

## संपादकीय

# सतर्कता व तैयारी जरूरी

कोरोना वायरस का संक्रमण लगातार फैलता जा रहा है। संक्रमण में लगातार वृद्धि को नए वेरिएंट के प्रसार से जोड़ा जा रहा है, जिसमें एलएफ.7, एक्सएफजी, जेएन.1 और हाल ही में पहचाने गए एनबी.1.8.1 सबवेरिएंट शामिल हैं। देश में गुरुवार को कुल सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4866 तक पहुंच गई। संक्रमण से सात और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 51 पहुंच गई है। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के कुल 1245 मामले सामने आए हैं। देश में कुल सक्रिय मामलों में सबसे अधिक 1487 केरल के हैं और दिल्ली में 562 दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र में 526, गुजरात में 508, पश्चिम बंगाल में 538, कर्नाटक में 436, तमिलनाडु में 213, उत्तर प्रदेश में 198, राजस्थान में 103, हरियाणा में 63 और आंध्र प्रदेश में 50 सक्रिय मामले हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे चिंतित होने की जरूरत नहीं है लेकिन सतर्कता बरतना बहुत जरूरी है। भारत में 70 फीसदी से अधिक आबादी में कोरोना का टीकाकरण हो चुका है, लिहाजा विशेषज्ञों का मानना है कि कोरोना का मौजूदा वेरिएंट 'मौसमी फ्लू' से कुछ ही ज्यादा है। भारत में सिर्फ कोरोना का ही संकट नहीं है, लेकिन एच5एन1, डेंगू, चिकनगुनिया, निपाह, जीका आदि खतरनाक वायरसों की घर-घर चर्चा है। ये संक्रमण भी फैलते हैं और मौतें भी होती हैं। अभी तक जो मौतें हुई हैं, वे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, निमोनिया, गुर्दे की पुरानी बीमारी, एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम आदि पहले से ही मौजूद बीमारियों के कारण हुई हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि कोरोना संक्रमण का असर कितना था।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील की है और कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं है। कोरोना इस बार खतरा साबित न हो, लेकिन हम नहीं जानते कि कब, कहां और कौन-सा वायरस फैल सकता है। बहरहाल केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर इससे निपटने के लिए आवश्यक प्रबंध कर लेने चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने कहा है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के महामारी समझौते के हस्ताक्षरकर्ता भारत को सुनिश्चित करना चाहिए कि देश भर में पर्याप्त टीकों और जांच किट का भंडार बनाया और वितरित किया जाए। जिन राज्यों में संक्रमण तेजी से फैल रहा है, वे बेहतर संसाधनों और स्वास्थ्य ढांचे वाले राज्य हैं, लिहाजा उनकी जिम्मेदारी अधिक है कि संक्रमण का न्यूनतम विस्तार होना चाहिए। ऐसे में घबराहट और चिंता करने की बजाय सावधानी और एहतियाती दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।

# सामरिक जरूरतें और विरल धातुओं की कमी



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**विरल एलिमेंट्स और धातु दुनिया के ज्यादातर देशों में नहीं हैं, लेकिन चीन में इनके उत्पादन की वार्षिक मात्रा सर्वाधिक 1,86,000 टन है और यह वैश्विक उत्पादन का 86 प्रतिशत है। उत्पादन के हिसाब से इसके बाद क्रमश : वियतनाम, ब्राजील, रूस और फिर भारत का दर्ज़ा है।**

एक खबर के मुताबिक महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के मामले में हम ही नहीं बल्कि अमरीका तक चीन पर बहुत हद तक निर्भर है। यह तो सिर्फ सोलर एनर्जी के लिए पेनल्स बनाने में इस्तेमाल होने वाले एक-दो विरल केमिकल एलिमेंट की ही बात है। विरल धातुओं और अधातुओं के खरीद-फरोख्त के लिए सबसे बड़ी मार्किट शंघाई मेटल मार्किट है। मेटल इंडस्ट्री की सबसे बड़ा डाटा इसी मार्किट के पास है और दाम निश्चित नहीं होते। यह एक स्ट्रेटेजिक मार्किट है।

सभी प्रकार के उन्नत सिस्टम्स में जिनमें हाई-टेक इक्विपमेंट, एनर्जी प्लांट्स के कंट्रोलर, युद्धक वायुयान और इनके कंपोनेंट्स, बैटल टैंक्स, मिसाइल्स, पनडुब्बियों की बॉडी और हुल से लेकर उन्नत इलेक्ट्रॉनिक या ऑप्टो-एलेक्ट्रोनिकी में विरल एलिमेंट्स का प्रयोग होता है। भारत को भी कम से कम 2900 टन विरल धातु हर वर्ष चाहिए। दुनिया के वे देश जैसेकि ब्राजील और दक्षिण अमरीकी महाद्वीप के देश जिनमें विरल धातुओं का विशाल भंडार है, इन्हें बेच कर अरबों रुपये की कमाई करते हैं।

विरल एलिमेंट्स और धातु दुनिया के ज्यादातर देशों में नहीं हैं, लेकिन चीन में इनके उत्पादन की वार्षिक मात्रा सर्वाधिक 1,86,000 टन है और यह वैश्विक उत्पादन का 86 प्रतिशत है। उत्पादन के हिसाब से इसके बाद क्रमशः वियतनाम, ब्राजील, रूस और फिर भारत का दर्ज़ा है। भारत में विरल केमिकल एलिमेंट्स वाले खनिज का भण्डार 6.9 मिलियन टन है। चीन में यह भण्डार 44 लाख मिलियन टन आंका गया है। अमरीका भी इन धातुओं को हासिल करने के मामले में चीन द्वारा की जाने वाली सप्लाई पर ज्यादातर निर्भर है। अमरीका का सामरिक महत्व का डिफेन्स प्रोडक्शन 90 प्रतिशत तक चीन द्वारा की जाने वाली सप्लाई पर टिका है। चीन में विरल एलिमेंट्स की सबसे बड़ी खदान मंगोलिया में बयानओबो नामक स्थल पर है। विरल खनिजों के बिना दुनिया का कोई देश एडवांस्ड टेक्नोलॉजी में न तो रिसर्च कर सकता है और न ही इनसे कोई उत्पाद बना कर तकनीक में बढ़त हासिल कर सकता है। केमिस्ट्री की पीरियाडिक टेबल के अनुसार 17 विरल तत्व -सेरियम, डिस्प्रोसियम, अर्बियम, युरोपियम, गैडोलीनियम, होल्मियम, लैंथेनम, ल्यूटेटियम, नियोडिमियम, प्रेसियोडिमियम, प्रोमेथियम, समैरियम, स्कैंडियम, टेरबियम, थ्यूलियम, येटरबियम और येट्रियम हैं। प्रेसियोडिमियम सर्वाधिक मांग वाली विरल धातु है जिसका उपयोग आर्क-लाइटनिंग लैंप में इस्तेमाल होने वाले कार्बन इलेक्ट्रोड, कांच की पॉलिशिंग में उत्प्रेरक, पवन टर्बाइनों और मोटरों में मौजूद स्थायी चुम्बक, वेल्डर और ग्लास बॉल का निर्माण, विमान इंजन में इस्तेमाल होने वाली उच्च-शक्ति वाली कठोरतम धातुएं बनाने के लिए मैग्नीशियम के साथ मिश्र धातु एजेंट के रूप में, मिशमेटल के घटक के तौर पर एक ऐसी सामग्री बनाने में जिसका उपयोग लाइटर के लिए चकमक पत्थर बनाने और में मोशन पिक्चर उद्योग में कार्बन आर्क-लाइट, स्टूडियो लाइटिंग और प्रोजेक्टर लाइट के लिए किया जाता है। उच्च-तीव्रता वाले स्थायी चुम्बक जो हाइब्रिड कारों और पवन टर्बाइनों में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रिक मोटर और जनरेटर के लिए और हाइब्रिड ऑटोमोबाइल के लिए निकल मेटल हाइड्राइड रिचार्जेबल बैटरी में प्रेसियोडिमियम का इस्तेमाल किया जाता है। डिस्प्रोसियम वास्तव में ही रेयर अर्थ मेटल है। इसका उपयोग परमाणु नियंत्रण छड़ों में इसके उच्च तापीय न्यूट्रॉन क्रॉस-सेक्शन के लिए, डेटा भंडारण में इसकी उच्च चुंबकीय संवेदनशीलता और मैग्नेटोस्ट्रिक्टिव सामग्रियों में किए जाने के अलावा अवरक्त विकिरण के स्रोत के रूप में अन्य तत्वों के साथ जोड़ कर किया जाता है। आयनकारी विकिरण को मापने के लिए डोसिमीटर में और उच्च शक्ति वाले नैनोफाइबर बनाने के लिए इसका उपयोग जाता है। जाहिर है भविष्य में विरल धातुएं और अधातु जीवन-मरण का कारण बनेंगें।

**विरल धातुओं की सप्लाई को सुनिश्चित करने के लिए भारत ने आत्मनिर्भरता के लिए एक प्रभावी ढांचा स्थापित करने हेतु सन 2025 में राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन शुरू किया है। इसके तहत, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण को 2024 से 2031 तक 1200 अन्वेषण परियोजनाओं को पूरा करने के लिए नियुक्त किया गया है।**

हमें यह नहीं मालूम होता कि सोलर पेनल्स इन्स्टाल करने वाली भारत की बड़ी कंपनियां फोटोवोल्टेइक सैल्स खुद क्यों नहीं बनाती। आयात करके चीन को हम क्या एक बड़ा बिजनेस दे रहे हैं या विरल धातुओं के उसके खजाने के ख़त्म होने का इंतज़ार करना चाहते हैं? फोटोवोल्टेइक सैल्स के निर्माण में अरसे से सिलिकॉन का उपयोग किया जाता रहा है, लेकिन नए पदार्थों और तकनीक के इस्तेमाल के बाद थिन-फिल्म टेक्नोलॉजी के कारण अब नए फोटोवोल्टेइक सैल्स अधिक कुशल और कारगर पाए गएं हैं। सिलिकॉन निर्भरता को कम करने के लिए सामग्री विज्ञान में अमॉर्फस सिलिकॉन, कैडमियम टेल्यूराइड (सीडीटीई), कॉपर इंडियम गैलियम सेलेनाइड (सीआईजीएस और पेरोव्स्काइट्स का उदय नवाचार लाया है। भारत को चीन से रेयर अर्थ एलिमेंट्स की सप्लाई अभी बंद है। अधिकांश मात्रा में विरल एलिमेंट्स का भारत द्वारा आयात किया जाता है। चीन ने इनके निर्यात के लिए व्यापार लाइसेंस को अनिवार्य किया है और साथ में एक डिप्लोमेटिक नीति भी लागू की है कि किस देश को देना है और किस को नहीं। चीन की सरकार चाहती है कि आयातक देश इस बात का लिखित में आश्वासन दे कि इन विरल धातुओं का इस्तेमाल फ्रंटियर डिफेन्स टेक्नोलॉजी के विकास और निर्माण के लिए नहीं किया जाएगा। यह एक मुसीबतजदा शर्त है। हाल ही में इन तत्वों के लिए बढ़ती वैश्विक दौड़ के कारण यह हुआ है। भारत की वर्तमान खपत हालांकि कम है और व्यवधानों के कारण आपूर्ति अभी तक असुरक्षित है, लेकिन भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत की अनेक निर्णायक परियोजनाओं को पूरा करने के लिए विरल धातुओं और अधातुओं की मांग बढ़ने से आयात निर्भरता हमें जोखिम में डाल सकती है। इसीलिए कुछ वर्ष पहले ही कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडियन इंडस्ट्री ने भारत सरकार से एक रेयर अर्थ डेवलपमेंट कारपोरेशन बनाने की मांग भी की थी। इसी के मद्देनज़र भारत सरकार ने सन 2012 में रेयर अर्थ्स एंड एनर्जी क्रिटिकल एलिमेंट्सः ए रोडमैप एंड स्ट्रेटेजी फॉर इंडिया', दस्तावेज तैयार किया था। इस रिपोर्ट में दिए गए सुझावों पर कैसा और कितना अमल हुआ है, ज्ञात नहीं है क्योंकि ऐसी जानकारी अक्सर क्लासिफाइड होती है। इन धातुओं के खनन, एक्सट्रैक्शन और प्रोसेसिंग के लिए स्पेशल स्किल्ड वर्कर्स और विशेष मशीनरी युक्त इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होती है। राष्ट्र की सुरक्षा और इकॉनोमिक डेवलपमेंट के लिए भारत ने 30 खनिज धातुओं और अधातुओं को महत्वपूर्ण माना है।

विरल धातुओं की सप्लाई को सुनिश्चित करने के लिए भारत ने आत्मनिर्भरता के लिए एक प्रभावी ढांचा स्थापित करने हेतु सन 2025 में राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन शुरू किया है। इसके तहत, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण को 2024 से 2031 तक 1200 अन्वेषण परियोजनाओं को पूरा करने के लिए नियुक्त किया गया है। पिछले तीन वर्षों के दौरान, जीएसआई ने विरल खनिजों की उपलब्धता और खनन करने के लिए 195 अन्वेषण परियोजनाएं शुरू की हैं। परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत रेयर अर्थ्स इंडिया, लिमिटेड एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम भारत में दुर्लभ खनिज मोनाजाइट से उच्च शुद्ध ऑक्साइड के रूप में उत्पादन करने के लिए अधिकृत किया गया है जिसके अंतर्गत भारत के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में तीन और आरक्षित भंडारों के दोहन के लिए आशय पत्र दिए जाने के साथ ही रेयर अर्थ एलिमेंट्स का घरेलू उत्पादन बढ़ाने की योजना है ताकि इस खनिज से हमें अनेक विरल धातु एक साथ प्राप्त हो सकें। यह एक स्ट्रेटेजिक इनिशिएटिव है। आधिकारिक डेटा से पता चलता है फिलहाल दुर्लभ धातुओं का हमारा आयात 2270 टन है जिसमें से अधिकांश आयात चीन से और बाकी का जापान, रूस, कोरिया और अन्य देशों से हुआ। इसमें चीन से प्राप्त विरल धातुओं का हिस्सा 59 प्रतिशत है। भारत की यह निर्भरता वैश्विक विरल धातु खनन और प्रसंस्करण में चीनी प्रभुत्व के कारण है।

## प्रसंगवश

# भगदड़ में सतर्कता और समझदारी ही सुरक्षा

बेंगलुरु के चन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत दुखद और हृदय विदारक घटना है। वास्तव में भगदड़ की घटनाएं तब घटित होतीं हैं जब भीड़ अपना नियंत्रण खो देती है। बहुत बार अफवाहों के फैलने, खौफ,डर या घबराहट और सीमित जगह के कारण भी भगदड़ की घटनाएं घटित हो जातीं हैं। खराब भीड़ प्रबंधन जैसे कि पर्याप्त सुरक्षाकर्मी या निकास के लिए स्पष्ट मार्ग न होना भी भगदड़ का कारण बन जाता है। बेंगलुरु में जो घटना घटित हुई है, उसमें एक लाख से भी ज्यादा फ़ैंस रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत (18 साल बाद आईपीएल ट्रॉफी की जीत का जश्न मनाने के लिए) का जश्न मनाने के लिए स्टेडियम के बाहर जमा हुए थे। वास्तव में, जब यह हादसा हुआ, उस समय स्टेडियम का गेट नहीं खुला था और बड़ी संख्या में लोग एक छोटे से गेट को धक्का देकर तोड़ने की कोशिश कर रहे थे कि इसी दौरान अचानक भगदड़ मच गई। यह ठीक है कि किसी टीम की जीत पर दर्शकों का उत्साह स्वाभाविक ही होता है लेकिन बड़े आयोजन की तैयारियां बहुत ही माकूल होनी चाहिए। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह पूरी घटना कहीं न कहीं प्रशासन की लापरवाही और भीड़ प्रबंधन में विफलता को ही दर्शाती है। यदि समय रहते भीड़ को नियंत्रित करने के वैकल्पिक उपाय, जैसे कि पर्याप्त वैरिकेडिंग, अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, आपातकालीन निकासी की व्यवस्था इत्यादि पहले से की गई होती तो ऐसी हृदयविदारक घटना को टाला जा सकता था। घटना के संदर्भ में मीडिया के हवाले से यह भी सामने आया है कि आरसीबी ने अपने प्रशंसकों को मुफ्त पास बांटे, जिसकी वजह से अचानक भीड़ इतनी बढ़ गई। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि भगदड़ की इस त्रासदी के दर्द ने जीत की ख़ुशी को ख़त्म कर दिया है। सच तो यह है कि लोग आरसीबी की आईपीएल में जीत के जश्न का गवाह बनने आए थे, लेकिन इस त्रासदी ने अनेक परिवारों को वह दर्द दिया है, जो वो शायद ही कभी भुला पाएंगे। हमारे देश में अब तक भगदड़ की अनेक घटनाएं सामने आ चुकीं हैं, लेकिन दुःख इस बात का है कि हम ऐसी त्रासदियों से सबक नहीं लेते हैं और लापरवाही के कारण बहुत बार बड़ी घटनाएं घटित हो जातीं हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि भगदड़ एक गंभीर खतरा है, जिससे बचने के लिए हमें सतर्क रहने और उचित उपाय करने चाहिए। कुछ समय पहले ही उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेला के दौरान मौनी अमावस्या के दिन मची भगदड़ में 30-40 लोगों की मौत हो गई थी। वास्तव में,भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता या अभाव की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। अक्सर भगदड़ मचने के पीछे जो कारण निहित होते हैं उनमें क्रमशः मनोरंजन कार्यक्रम, एस्केलेटर और मूविंग वॉकवे, खाद्य वितरण, जुलूस, प्राकृतिक आपदाएं, धार्मिक आयोजन, धार्मिक/अन्य आयोजनों के दौरान आग लगने की घटनाएं, दंगे, खेल आयोजन, मौसम संबंधी घटनाएं आदि शामिल होते हैं। बैरिकेड्स, अवरोध, अस्थायी पुल, अस्थायी संरचनाएं और पुल की रेलिंग का गिरना, दुर्गम क्षेत्र (पहाड़ियों की चोटी पर स्थित धार्मिक स्थल जहां पहुंचना मुश्किल है), फिसलन युक्त या कीचड़ युक्त मार्ग, संकरी गलियां एवं संकरी सीढ़ियां, खराब सुरक्षा रेलिंग, कम रोशनी वाली सीढ़ियां, बिना खिड़की वाली संरचना, संकीर्ण एवं बहुत कम प्रवेश या निकास स्थान, आपातकालीन निकास का अभाव भी बहुत बार भगदड़ के कारण बन सकते हैं। अप्रभावी भीड़ प्रबंधन तो भगदड़ मचने का कारण है ही। बहुत बार यह देखा जाता है कि किसी एक प्रमुख निकास मार्ग पर ही लोगों की निर्भरता होती है,जो भगदड़ का कारण बन जाती है। आज अक्सर यह भी देखने को मिलता है कि किसी कार्यक्रम विशेष के लिए क्षमता से अधिक लोगों को अनुमति दे दी जाती है। बहुत से स्थानों पर उचित सार्वजनिक संबोधन प्रणाली का भी अभाव होता है, जिससे सूचना देने में दिक्कत आती है। भीड़ अनेक बार गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार अपनाती है और सुरक्षा नियमों का ठीक से पालन नहीं करती है। वास्तव में सार्वजनिक आयोजनों के दौरान भीड़ को प्रबंधित करने के लिए पूर्व में ही गहन प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए तथा साथ ही साथ भीड़ को प्रबंधित करने के लिए हमारे पास अच्छी योजनाएं भी होनी चाहिए।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

# ड्रोन बना युद्ध का प्रमुख हथियार

ड्रोन ने दुनिया भर में युद्ध का तरीका बदल दिया है। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकाने तबाह किए तो पाकिस्तानी सेना ने सैकड़ों की संख्या में ड्रोन भेजकर हमले किए। पाकिस्तान के ड्रोन हमलों को भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में खत्म कर दिया। इससे पहले इजरायल-गाजा और रूस-यूक्रेन वॉर में भी ड्रोन का जमकर इस्तेमाल किया गया। इससे एक बात साफ हो गई है कि ड्रोन अब सिर्फ तकनीक नहीं हैं, अब ये युद्ध की दिशा बदलने वाला हथियार हैं।

हाल ही में यूक्रेन ने रूस के काफी भीतर उसके 5 एयरबेस और 41 बॉम्बर, लड़ाकू विमानों को तबाह कर दुनिया को चौंका दिया है। बल्कि विश्व स्तब्ध है कि यूक्रेन के पास ऐसी जंगी प्रौद्योगिकी भी है, जो 2000 किमी. से 6000 किमी. की दूरी तक सफल, असरदार, विध्वंसक हमला कर सकती है। जो देश अभी तक यूक्रेन की आर्थिक और सैन्य मदद करते रहे हैं, वे भी हैरान हैं और आत्ममंथन कर रहे हैं। रूस के ये बॉम्बर ऐसे थे, जो परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने में भी सक्षम थे। रूस ने इन्हीं विमानों के जरिए यूक्रेन के कई शहरों पर हवाई हमले किए थे और शहरों को खंडहर बना दिया था। इतिहास के पन्ने पलटे तो दूसरे विश्व युद्ध से पहले ब्रिटेन ने रिमोट से चलने वाली डीएच82बी क्वीन बी ड्रोन बनाया गया। 'ड्रोन' शब्द की उत्पत्ति इसी नाम से हुई है। यह किसी भी लक्ष्य की जानकारी लेने के लिए इस्तेमाल किया जाने लगा था। 'क्वीन बी' को दुनिया का सबसे पहला आधुनिक ड्रोन माना गया था। 'क्वीन बी' का उपयोग ब्रिटेन के रॉयल एयर फोर्सेस में किया गया था। इस ड्रोन की सफलता के बाद ही अमेरिका ने अपना ड्रोन प्रोग्राम शुरू किया था। अमेरिका ने ब्रिटेन में ड्रोन के सफल होने के बाद अपने यहां ड्रोन बनाने शुरू कर दिए। अमेरिका ने वियतनाम वॉर के दौरान पहली बार छोटे रिमोट कंट्रोल ड्रोन 'रयान एक्यूएम 91' का इस्तेमाल किया था। अमेरिकी आर्मी ने इसका इस्तेमाल बड़े पैमाने पर उत्तरी वियतनाम में दुश्मन की जासूसी करने के लिए किया था। 'रयान एक्यूएम 91' दो कैमरों से लैस था। 9/11 के बाद अमेरिका ने आतंकवाद के खिलाफ अभियान में हेलफायर मिसाइल प्रीडेटर ड्रोन का बड़े लेवल पर इस्तेमाल किया। यह ड्रोन 24 घंटे उड़ान भरने में सक्षम था। एक समय तक ड्रोन तकनीक और ड्रोन इंडस्ट्री पर अमेरिका, ब्रिटेन और इजरायल का कब्जा था। साल 2015 के बाद ड्रोन तकनीक वैश्विक हो गई। दरअसल यूक्रेन ने जो ड्रोन्स इस्तेमाल किए, उन्हें एआई से संचालित किया गया। यह वैज्ञानिक नवाचार यूक्रेन का ही है अथवा किसी देश ने उसे मुहैया कराया है, यह रहस्य फिलहाल नहीं खुल पाया है, लेकिन इतना लगता है कि इन ड्रोन्स को 'एआई एलगोरिथ्म' पर प्रशिक्षित किया गया होगा! एल्गोरिथ्म कम्प्यूटर विज्ञान की भी एक अवधारणा है। यह किसी विशिष्ट कार्य को करने के लिए दिए गए निर्देशों की एक प्रक्रिया भी है, जिसने रूसी बॉम्बर विमानों की पहचान की और उन पर निर्णायक प्रहार कर उन्हें 'मिट्टी-मलबा' बना दिया। यूक्रेन के इस 'ऑपरेशन मकडज़ाल' ने स्पष्ट कर दिया है कि इस ड्रोन हमले ने युद्ध को बदल दिया है। हम किसी पक्ष की जीत या हार की भविष्यवाणी नहीं कर रहे, लेकिन यह एक भयानक सच है कि रूस-यूक्रेन युद्ध 3 साल 3 महीने से जारी है और यूक्रेन अभी पराजित होने की स्थिति में नहीं है। दोनों देशों के बीच समझौता-वार्ता हुई है, युद्धबंदियों को रिहा करने की बुनियादी सहमति बनी है, लेकिन युद्धविराम के लिए फिलहाल सहमति दूर-दूर तक नहीं दिखती। अब तो पृष्ठभूमि में ड्रोन हमला भी झलक रहा है। हालांकि रूस ने शुरुआत में दावा किया था कि युद्ध 7-10 दिन चलेगा और यूक्रेन पराजय स्वीकार कर लेगा। रूस पर यूक्रेन के इस हमले को 'पर्ल हॉर्बर' हमले के बराबर माना जा रहा है। अमेरिका पर उस हमले के बाद ही जापान के हिरोशिमा-नागासाकी शहरों पर अमेरिका ने एटम बम गिराए थे। विध्वंस का वह इतिहास सभी जानते हैं और अमेरिका को द्वितीय विश्व युद्ध में उतरने को विवश किया गया था। पुतिन के नंबर दो दिमित्री मेदवेदेव ने भी अब परमाणु हमले की धमकी दी है, लिहाजा पूरा विश्व चिंतित है। बहरहाल यदि वर्ष 2024 एफपीवी ड्रोन का था, तो 2025 के बीते सप्ताह तक 'फाइबर ऑप्टिक एफपीवी ड्रोन' का दौर था। ये ड्रोन रूसी सेनाओं का नवाचार था। यूक्रेन ने उसे भी पार कर लिया है और एआई संचालित ड्रोन्स का इस्तेमाल कर रूस पर बेहद घातक प्रहार किया है। साफ है कि आने वाले युद्ध एआई संचालित, स्वायत्त ड्रोन से ही लड़े जाएंगे। जिस भी देश की रक्षा प्रणाली में उन्नत तकनीक के ड्रोन भी शामिल हैं, उस देश की सेना कई गुना ताकतवर हो जाती है।



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

**यूक्रेन ने जो ड्रोन्स इस्तेमाल किए, उन्हें एआई से संचालित किया गया। यह वैज्ञानिक नवाचार यूक्रेन का ही है अथवा किसी देश ने उसे मुहैया कराया है।**


## सोशल फोरम

# संतुलित दृष्टिकोण जरूरी

आज भारत जिस दौर से गुजर रहा है, उसमें एक गहरी मानसिक और बौद्धिक बेचैनी दृष्टिगोचर होती है। एक ओर अतीत के गौरवगान में डूबा राष्ट्र है, तो दूसरी ओर वर्तमान की विफलताओं और भविष्य की अनिश्चितताओं से घिरा हुआ समाज। ऐसे में यह प्रश्न प्रासंगिक हो जाता हैः क्या भारत आत्ममुग्ध ऐतिहासिक चेतना में फंसा हुआ है? और क्या यह उसकी प्रगति में बाधा बन रही है? भारत का अतीत निस्संदेह सांस्कृतिक, दार्शनिक और बौद्धिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध रहा है। किंतु इस अतीत को देखने की दृष्टि में संतुलन का अभाव दिखाई देता है। अतिगौरव का मोहः हम विश्वगुरु थे, हमने शून्य खोजा, "हमारे वेदों में सब विज्ञान है-ऐसी घोषणाएं एक सांस्कृतिक आत्मविश्वास नहीं, बल्कि एक प्रकार की मनोवैज्ञानिक क्षतिपूर्ति बन जाती हैं। वे न तो वैज्ञानिक समीक्षा की कसौटी पर उतरती हैं, न भविष्य निर्माण के लिए व्यवहार्य कार्यक्रम बनाती हैं।

भारतीय शिक्षा प्रणाली ने न तो इतिहास का आलोचनात्मक बोध विकसित किया, न भविष्य की कल्पना करने की प्रेरणा दी। हमारी पाठ्यचर्या में अतीत या तो स्तुति के भाव में आता है, या औपनिवेशिक लज्जा में दबा रहता है। परिणामस्वरूप, युवा पीढ़ी या तो पश्चिमी आदर्शों की नकल करती है या पुनरुत्थानवादी मिथकों में अपनी पहचान खोजती है। जब समाज को वर्तमान में न्याय, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं में निरंतर विफलता का सामना करना पड़ता है, तब वह सांस्कृतिक स्मृति में शरण लेता है। अतीत एक मनोवैज्ञानिक सुरक्षित स्थान बन जाता है, जो वर्तमान की कटुता से राहत देता है-भले ही वह राहत काल्पनिक हो। भारत को न तो अपने भूतकालीन सांस्कृतिक उपलब्धियों पर अति गौरव करना चाहिए, न अपनी ऐतिहासिक भूलों पर लज्जित और निरुत्साहित होना चाहिए। न ही उन गलतियों को तर्कों से छुपाना चाहिए। भारत को चाहिए कि वह-अतीत से प्रेरणा ले, पर उसमें फंसे नहीं,अपनी भूलों से सीखे, पर उनमें गुलाम न हो जाए, और अपने वर्तमान की समस्याओं को सुलझाते हुए, भविष्य का एक न्यायपूर्ण, बौद्धिक और सृजनशील मार्ग बनाए।

–फेसबुक वॉल से



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

# क्या डगमगाएगा भारत का ईवी सपना

'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत भारत सरकार इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग को मजबूत बनाने की दिशा में कई प्रयास कर रही है, लेकिन इन प्रयासों को झटका तब लगा जब विश्व की अग्रणी ईवी निर्माता कंपनी टेस्ला ने भारत में उत्पादन संयंत्र स्थापित करने में रुचि नहीं दिखाई। वहीं दूसरी ओर, चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स के निर्यात पर नई पाबंदियां लगाकर भारत के ऑटो उद्योग के सामने एक नई चुनौती खड़ी कर दी है। इन दोनों घटनाओं का भारत के ईवी बाजार, निवेश माहौल और राजस्व संभावनाओं पर गहरा असर पड़ेगा।

टेस्ला क्यों नहीं चाहती भारत में बनाना वाहनः टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने स्पष्ट किया है कि भारत में उच्च आयात शुल्क के चलते वह अपनी कारें भारत में बेचना लाभकारी नहीं समझते। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों पर 60प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक का आयात शुल्क लगता है। टेस्ला चाहती थी कि सरकार पहले आयात पर छूट दे जिससे कंपनी बाजार को परख सके, जबकि भारत सरकार की नीति साफ थी- 'भारत में बनाओ तभी टैक्स छूट पाओ'। इसी मतभेद के चलते टेस्ला ने फिलहाल भारत में निवेश से किनारा कर लिया और इंडोनेशिया जैसे देशों की ओर रुख कर लिया, जहां बैटरी मटेरियल्स की सुलभता, सरकारी प्रोत्साहन और बाजार की लचीलता अधिक है।

भारत को क्या होगा नुकसानः टेस्ला के आने से भारत को जो लाभ मिल सकते थे, उनमें सबसे अहम था विदेशी निवेश और तकनीकी स्थानांतरण। अनुमान के अनुसार, अगर टेस्ला भारत में गीगाफैक्ट्री खोलती, तो अगले 10 वर्षों में करीब 50,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष राजस्व उत्पन्न होता। लाखों रोजगार बनते और भारत की इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक में एक बड़ा उछाल आता। इसके अलावा, टेस्ला की मौजूदगी विदेशी निवेशकों के लिए भारत को अधिक आकर्षक बनाती। अब टेस्ला के ना आने से ये संभावनाएं फिलहाल धूमिल हो गई हैं। टेस्ला जैसी दिग्गज कंपनी की अनुपस्थिति में टाटा मोटर्स, महिंद्रा, ओला इलेक्ट्रिक और एमजी मोटर्स जैसी भारतीय कंपनियों को बाजार में थोड़ी राहत जरूर मिल सकती है, लेकिन ये राहत ज्यादा लंबी नहीं चलेगी। उपभोक्ताओं की तकनीकी अपेक्षाएं बढ़ रही हैं और यदि भारत को वैश्विक ईवी मानचित्र पर अपनी मजबूत पहचान बनानी है, तो उसे वैश्विक तकनीकों और प्रतिस्पर्धा का सामना करना ही होगा।

टेस्ला की दूरी के बीच भारत के ईवी उद्योग को एक और झटका तब लगा जब चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स के निर्यात पर नियंत्रण कड़ा कर दिया। लैंथेनम, नीओडिमियम, टेरबियम, और डिस्प्रोसियम जैसे खनिजों का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहन बैटरियों, मोटर मैग्नेट्स और अन्य इलेक्ट्रिक घटकों में होता है। चीन दुनिया में रेयर अर्थ खनिजों का लगभग 60 प्रतिशत उत्पादन करता है। ऐसे में उसकी ओर से निर्यात सीमाएं भारत जैसे देशों के लिए चिंता का कारण बन जाती हैं।

फिलहाल भारत अपनी रेयर अर्थ जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा चीन से ही आयात करता है। लेकिन अब समय आ गया है कि भारत अपने आंतरिक संसाधनों की ओर ध्यान दे। आंध्र प्रदेश, झारखंड और राजस्थान में इन खनिजों की उपस्थिति पाई गई है। इन क्षेत्रों में वैज्ञानिक खनन और प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना के लिए सरकार को प्राथमिकता देनी होगी।

साथ ही, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और वियतनाम जैसे देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी करके भारत को अपने आयात स्रोतों में विविधता लानी होगी। वहीं भारतीय अनुसंधान संस्थानों और स्टार्टअप्स को बैटरी रीसाइक्लिंग, सॉलिड-स्टेट बैटरियां और सोडियम-आयन जैसी नई तकनीकों पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा ताकि चीन की निर्भरता कम हो सके।

क्या यह संकट भारत को आत्मनिर्भर बना सकता हैः टेस्ला का न आना और चीन की पाबंदियां निश्चित रूप से भारत के ईवी मिशन के लिए एक बड़ी चुनौती हैं, लेकिन हर चुनौती में एक अवसर छिपा होता है। यदि भारत इस मौके को सही रणनीति से साध ले-जैसे टेक्नोलॉजी में निवेश, खनिज संसाधनों का उपयोग, और विदेशी सहयोग- तो यह संकट भारत के लिए एक बदलावकारी मोड़ बन सकता है। आने वाले समय में भारत को यह तय करना होगा कि वह इन वैश्विक दबावों के आगे झुकेगा या आत्मनिर्भरता के रास्ते पर मजबूती से आगे बढ़ेगा। यदि सरकार और उद्योग जगत मिलकर काम करें, तो भारत न केवल एक सशक्त ईवी बाज़ार बन सकता है, बल्कि वैश्विक निर्यात केंद्र के रूप में भी उभर सकता है।



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

**भारत को क्या होगा नुकसान : टेस्ला के आने से भारत को जो लाभ मिल सकते थे, उनमें सबसे अहम था विदेशी निवेश और तकनीकी स्थानांतरण।**

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# पौधरोपण कर वृक्ष नहीं तो जीवन नहीं का दिया संदेश

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले भर में हुए आयोजन, पर्यावरण व पेड़ों के संरक्षण को किया जागरूक

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर जगह-जगह पौधरोपण किया गया। साथ ही वातावरण को दूषण रहित बनाने पर जोर दिया गया। सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान द्वारा संचालित डॉ राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय अल्लीपुर में विश्व पर्यावरण के दिवस अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान की अध्यक्ष स्नेहिल पांडे ने पर्यावरण के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वृक्षों के द्वारा हमें जीवन मिलता है, इन्हें नष्ट नहीं करना चाहिए। वृक्ष नहीं तो जीवन नहीं, क्योंकि वृक्षों से हमें ऑक्सीजन मिलती है, इसलिए सभी को वृक्ष लगाने चाहिए, जिससे पर्यावरण संतुलन बना रहे और समाज के लोग किसी व्याधि से रहित होकर जीवन जी सके।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सामाजिक वानिकी वन एवं वन्यजीव प्रभाग के संयोजन मे महाराणा प्रताप राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय मे महाकुम्भ के सफल आयोजन की स्मृति में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती ने महाविद्यालय परिसर में पवित्र त्रिवेणी वृक्ष पीपल, बरगद व नीम के पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन का सन्देश दिया। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा ने पत्नी भूमिका व बेटे राघव के साथ पौधरोपण किया।

रेलवे स्टेशन पर विश्व पर्यावरण पखवाड़ा पर कई कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रमों में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही पर्यावरण को बचाने को लेकर भी जानकारी दी गई। रेल अधिकारियों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वच्छता अभियान चलाया और रेल यात्रियों को स्टेशन व देश को साफ सुथरा बनाने में सहयोग की मांग की। एक पेड़ मां के नाम महाकुम्भ के सफल आयोजन की स्मृति में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को विवेकानंद सभागार परिसर में जिलाधिकारी अनुनय झा ने पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी व अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मॉलश्री तथा अन्य अधिकारियों ने अशोक का वृक्ष लगाया। एक पेड़ मां के नाम महाकुम्भ की स्मृति में आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह ने शहीद उद्यान में पौधरोपण किया। पौधरोपण करके पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर व सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।


जीडीसी में पौधरोपण करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती। अमृत विचार


मल्लावां में पौध रोपित करतीं नगर पालिका अध्यक्ष तबसुम। अमृत विचार


परिवार के साथ पौध लगाते भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा।


अल्लीपुर में पर्यावरण के प्रति जागरूक करते लोग। अमृत विचार

### पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार का काम नहीं

**हरदोई, अमृत विचार।** श्री वेणी माधव विद्यापीठ स्कूल में कुबेर लाल जन सेवा संस्थान द्वारा संस्थान की संस्थापिका निरमा देवी के नेतृत्व में स्कूल प्रांगण में कई पौधे लगाने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी हमारी मां है हमें यह समझना होगा कि पर्यावरण का संरक्षण केवल सरकार या कुछ बड़ी संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं है। यह हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। हम में से हर एक व्यक्ति अपने छोटे-छोटे प्रयासों से एक बड़ा बदलाव ला सकता है।


पौध लगाते नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रूपेश अंजाना।


सेंट जेवियर्स स्कूल में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते बच्चे।

### स्कूल में पौधरोपण कर बच्चों ने दिया संदेश

**हरदोई, अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस पर सेंट जेवियर्स स्कूल के बच्चों ने गमलों में पौधे लगाए। इन पौधों को लोगों को भेंट कर पेड़ लगाने के लिए जागरूक किया। प्राचार्य मौसमी ने कहा कि बच्चों की इस पहल से बड़ों को भी पौधरोपण पर पर्यावरण सुधार के लिए प्रेरित करेगी। इसके साथ ही बच्चों ने विद्यालय परिसर में भी पेड़ लगाकर पर्यावरण को साफ स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।


गोपामऊ में पौधरोपण करते चेयरमैन व ईओ डीके भार्गव।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

**हरदोई, अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी गुरुवार को नगर पंचायत क्षेत्र में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोपामऊ में पर्यावरण दिवस पर लोगों को शपथ दिलाई गई। नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी वली मोहम्मद, अधिशासी अधिकारी डीके भार्गव ने अम्बेडकर पार्क में पौधरोपण किया। प्लास्टिक मुक्त अभियान के अन्तर्गत थैला वितरण कर लोगों को जागरूक किया। कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें। इस पहल से पर्यावरण में सुधार आएगा। बेनीगंज में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रुपेश अंजाना, वरिष्ठ लिपिक विजय कुमार तिवारी, कंप्यूटर ऑपरेटर कामरान अंसारी ने नगर पंचायत कर्मचारियों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। हरियावां संवाददाता के अनुसार स्थानीय सीएचसी पर अधीक्षक अंकुर त्रिपाठी के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों को पर्यावरण के प्रति शपथ दिलाई गई। शाहाबाद तहसील परिसर में एसडीएम तान्या सिंह ने पौधरोपण किया। इसके अलावा कई सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। बिलग्राम में नगर पालिका परिषद ने सुभाष पार्क में पौधरोपण का आयोजन किया। मल्लावां में नगर पालिका अध्यक्ष तबसुम ने सभासदों के साथ बंदीपुर स्थित गेस्ट हॉउस सहित अन्य स्थानों पर पौधरोपण किया। उन्होंने अपने आस-पास पौधे लगाने को लेकर कहा ताकि पर्यावरण स्वछ और सुंदर बना रहे। इस अवसर पर ईओ राजेश राणा, मंडल अध्यक्ष अजीत कश्यप, सभासद मंगत राम कनोजिया, भाष्कर मिश्र, मयंक अग्निहोत्री, सगीर अहमद, तेज सिंह राठौर, सलीमुद्दीन, राहुल पाठक, मेराज, आशू सहित तमाम लोग रहे। अतरौली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया तथा हेलमेट वितरित किया।

### पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो हम सब भी सुरक्षित व स्वस्थ रहेंगे : संजय अवस्थी

**हरदोई, अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस पर राष्ट्रीय संयोजक हरित एवं स्वच्छ भारत संजय अवस्थी ने पौधरोपण किया। उनके साथ यज्ञा सिंह और ललित पांडेय ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण के संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया। संजय अवस्थी ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित एवं समृद्ध रखने के लिए वृक्ष बहुत आवश्यक हैं। प्रकृति की रक्षा हम सबका दायित्व है, पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो हम स्वस्थ रहेंगे। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण तथा समाज में जागरूकता लाने की आवश्यकता है। पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण करने व प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करने पर बल दिया जाए।

## एक नजर

### देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने में युवती पर रिपोर्ट

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाली युवती पर अतरौली थाने के उपनिरीक्षक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उपनिरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि अतरौली थाना क्षेत्र के गांव कोयली खेरवा निवासी सावित्री देवी पुत्री सोहनलाल की ओर से अपने सोशल मीडिया प्लेट फार्म पर देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने से समाज में रोष है। थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कण्डेय सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### जातिसूचक टिप्पणी और मारपीट का मामला दर्ज

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र निवासी ईश्वरलाल पासी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पर जातिसूचक टिप्पणी व मारपीट का केस दर्ज किया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। ईश्वरलाल ने बताया कि 10 मार्च को वह खेत में पानी लगाने जा रहा था, तभी बलेंदा गांव के सूरज राठौर और श्रीराम राठौर ने उसे रास्ते में रोक लिया और खेत जाने से मना किया, विरोध करने पर जातिसूचक गालियां दीं। इसके बाद आरोपियों ने लोहे की रॉड व बांका से वार घायल कर दिया। शोर सुनकर जब ग्रामीण दौड़े तो आरोपी भाग निकले। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### सनमानी वैश्य समाज का सामूहिक विवाह कल

**हरदोई, अमृत विचार।** नगर के राम जानकी मंदिर परिसर में सनमानी वैश्य समाज के सामूहिक दहेज रहित विवाह का शुभारंभ आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल शनिवार को करेंगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र गुप्ता ने बताया कि 11 बजे इस समारोह का शुभारंभ होगा।

### प्रधानपति पर दबंगई के बल पर जमीन कब्जे का आरोप

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** सुलह समझौता के बाद प्रधानपति पर जमीन पर अवैध रूप कब्जे का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की गई है। पीड़ित बुजुर्ग ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए कार्यवाही की मांग उठाई है। थाना क्षेत्र के गांव कनकोहरी मजरा नरायणपुर ग्रांट के जोगी प्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी है। वहीं प्रधानपति अनिल कुमार गौतम ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

## निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे में प्रवेश न करने की अपील

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** एक्सप्रेस-वे पर वाहनों न चलने के निर्देश जिला प्रशासन ने दिए हैं। बताते चले कि जिले में गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माणाधीन है,जिसका अधिकांश भाग बन चुका है, लेकिन अभी संचालन सरकार द्वारा शुरू नहीं हुआ है। अभी कई जगह पर काम भी चल रहा है, लेकिन आसपास के रहने वाले लोगों ने एक्सप्रेस-वे का प्रयोग करना शुरू कर दिया है। जिला प्रशासन ने एक्सप्रेस-वे पर न चलने की सलाह दी है। नगर मजिस्ट्रेट/विशेष भूमि अध्यापित अधिकारी सुनील कुमार त्रिवेदी ने पुलिस अधीक्षक को भी एक्सप्रेस-वे के अनाधिकृत प्रयोग की सूचना दी है। श्री त्रिवेदी ने कहा कि इस अर्धनिर्मित मार्ग पर चलना खतरनाक है, वहीं कई जगह काम चलने से श्रमिकों को भी वाहनों से खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर चलना चलना अधिकृत है। ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस कार्यवाही भी कर सकती है।

## खाई में बाइक पलटने से युवक की मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ननिहाल से लौटे रहे युवक की बाइक गोपामऊ-पिसावां रोड पर भकुरहा पुल के पास बेकाबू होकर खाईं में पलट गई। गंभीर रूप से घायल युवक को एम्बुलेंस-108 से सीएचसी टड़ियावां पहुंचाया गया, वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।



टड़ियावां थाने के रजुआताला टेनी निवासी सर्वेश कुमार का 20 वर्षीय पुत्र हिमांशु कुमार उर्फ रवि 1 जून को अपने ननिहाल सीतापुर जिले के नेवादा थाना पिसावां गया था। बुधवार को वहां लौट रहा था। रास्तें में गोपामऊ से पिसावां रोड पर टड़ियावां थाने के गोमती नदी के भकुरहा पुल के पास उसे तेज़ रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी,जिससे हिमांशु उर्फ रवि बुरी तरह से घायल हो गया। हादसे का पता होते ही वहां भीड़ लग गई। एम्बुलेंस-108 की मदद से उसे सीएचसी टड़ियावां पहुंचाया गया,लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। वह चार भाई-बहनों में बड़ा था, उसकी शादी साल 2023 की 5 मई को टड़ियावां थाने के अलीशाबाद से हुई थी। उसके परिवार में अकेली पत्नी दुर्गा देवी है।

### श्रद्धालुओं की ट्रॉली में डंपर ने मारी टक्कर, तीन घायल

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** बिलग्राम-कन्नौज मार्ग पर छिबरामऊ गांव के पास एक सड़क हादसा हुआ। गंगा स्नान के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर ट्राली को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी ।हादसे में दो श्रद्धालु घायल हो गए। घटना बुधवार रात 9बजे के आसपास घटी। सीतापुर जनपद के मिश्रिख क्षेत्र के केवां खेड़ा गांव की ट्रैक्टर ट्राली से श्रद्धालु स्नान करने राजघाट जा रहे थे इसी बीच छिबरामऊ के निकट डंपर नेट टक्कर मार दी जिसमें घायलों में सीतापुर के कंवा खेरा निवासी 32 वर्षीय रोहित पुत्र फेरूलाल और लिदौडा मिश्रिख निवासी 65 वर्षीय श्री राम पुत्र सोहन घायल हो गए। ये सभी छिबरामऊ राजघाट पर गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने ट्रैक्टर ट्राली को टक्कर मार दी। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद श्री राम की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## जिले में अच्छी बारिश होने की जताई जा रही उम्मीद

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** जिले में जल्द ही अच्छी बारिश होने की बात मौसम वेधशाला प्रभारी ने बताई है। गुरुवार को सुबह से ही बादल छाए रहे। बादलों की आवाजाही होती रही। छह किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलती रहीं। कई दिनों ने तेज धूप की मार झेल रहे जिलेवासियों को गुरुवार को भी राहत महसूस हुई। छह किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलती रही, जिससे न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्शियस पहुंच गया। मौसम वेधशाला प्रभारी के अनुसार जल्द ही जिले में अच्छी बारिश होगी। उधर ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों ने धान की बुवाई शुरू कर दी है। बुवाई के बाद पौध तैयार होने में समय लगेगा। बरसात होने पर किसानों ने खेतों में धान की रोपाई करने की तैयारियां अभी से शुरू कर दी है।

## गंगा दशहरा : राजघाट पर लोगों ने स्नान कर की पूजा-अर्चना

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** पौराणिक राजघाट पर गंगा दशहरा के पवित्र अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मान्यता है कि इसी दिन माता गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था, जिसके कारण गंगा स्नान का विशेष धार्मिक महत्व है। लोगों का विश्वास है कि इस दिन स्नान और दान-पुण्य करने से पापों से मुक्ति मिलती है और जीवन में सुख, समृद्धि व सौभाग्य की प्राप्ति होती है। राजघाट पर भक्ति और उत्साह का माहौल रहा, जहां श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा की। इस पावन पर्व पर गंगा तट श्रद्धा और आस्था से सराबोर रहा।


गंगा दशहरा पर स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

## संपत्ति के बंटवारे में बहू ने वृद्ध ससुर को जमीन पर गिराकर पीटा, वीडियो वायरल

**हरदोई, अमृत विचार।** संपत्ति के बंटवारे को लेकर बहू ने अपने वृद्ध ससुर को जमीन पर गिराकर पीटा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मौके पर लोगों की भीड़ भी मौजूद थी लेकिन वह तमाशबीन ही बनी रही। 'अमृत विचार' वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सफेद धोती-कुर्ता पहने एक बुज़ुर्ग ज़मीन पर पड़ा हुआ है, पीली साड़ी पहने महिला उसका गिरेबान पकड़ कर खींच रही है, उसने बुज़ुर्ग की लातों से पिटाई की। वायरल वीडियो में पीटे जा रहे बुज़ुर्ग के आसपास भीड़ तो खड़ी है, लेकिन कोई उसे बचाने आगे नहीं आया। पूछताछ में सामने आया कि वायरल वीडियो सुरसा थाने के बरहा गांव का है। पीली साड़ी पहने महिला बहू और धोती-कुर्ता पहने बुज़ुर्ग उसका ससुर बताया गया है। दरअसल बहू अपने ससुर से जायदाद में हिस्सा मांग रही है। जानकारी के अनुसार हिस्सा मांग रही बहू ने वृद्ध ससुर की कभी एक गिलास पानी तक नहीं दिया। वायरल वीडियो का सबसे शर्मनाक पहलू रहा कि वहां भीड़ तो इकट्ठा थी, लेकिन कोई उस बुज़ुर्ग को बचाने के लिए आगे नही आया। पुलिस का कहना है कि तहरीर आते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध हालात में बालक की पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत

संवाददाता, कछौना, हरदोई

**अमृत विचार।** 10 वर्षीय बालक की संदिग्ध परिस्थितियों में पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है।



ग्राम सभा खजोहना के मजरा कहलईया निवासी परमाईलाल का पुत्र विपल्व बुधवार शाम 3 बजे से लापता था। गुरुवार सुबह उसका शव गांव के बाहर पानी की टंकी के पास गड्ढे में मिला। पिता परमाईलाल ने बताया कि बेटे के लापता होने के बाद से ही उसकी तलाश कर रहे थे, ग्रामीणों ने शव मिलने की सूचना परिजनों को दी। प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस ने समय पर खोजबीन की होती तो शायद घटना नहीं होती। प्रभारी निरीक्षक के अनुसार, गड्ढे के ऊपर चड्डी-बनियान रखी हुई थी। उनका मानना है कि नहाने गया बालक गहराई का अंदाजा न लगा सका और उसकी डूबकर मौत हो गई। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।

आयोजन | केन्द्र में मोदी सरकार की 11वीं वर्षगांठ पर उपलब्धियों को लेकर हुई कार्यशाला

## सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की 11वीं वर्षगांठ की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जिला कार्यालय पर भाजपा ने कार्यशाला का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनहित कार्यों एवं लोककल्याण योजनाओं का संवाद के मध्य से बूथ स्तर तक प्रचार प्रसार करना है। श्री लोधी कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यशाला के माध्यम से हमें यह सुनिश्चित करना है कि विकसित भारत का अमृतकाल एवं सेवा सुशासन और गरीब कल्याण में सरकार के कार्यों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जन जन तक पहुंचना है।


कार्यशाला को संबोधित करते जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी।

कार्यक्रम का संचालन अभियान संयोजक जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने किया। कार्यशाला में उपस्थित रहे पूर्व जिला अध्यक्ष राम बहादुर सिंह, जिला उपाध्यक्ष सिद्ध प्रताप मौर्या, राजेश अग्निहोत्री, एडवोकेट कर्मवीर सिंह, संजय सिंह, प्रीतेश दीक्षित जिला महामंत्री अनुराग मिश्र मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


भंडारे में शर्बत वितरित करतीं कनुप्रिया सिंह। अमृत विचार

### गंगा दहशरा पर हुआ हनुमान चालीसा पाठ

**हरदोई, अमृत विचार।** गंगा दशहरा के पावन पर्व पर श्री सिद्धबली हनुमान मंदिर नघेटा रोड हरदोई मंदिर प्रांगण में 108 हनुमान चालीसा पाठ सैकड़ो भक्तों के द्वारा पूर्ण भक्ति अनुराग से गायन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। जैसा कि शिव पुराण में वर्णन मिलता है .गंगा दशहरा के दिन देवी गंगा की पूजा होती है। इस दिन गंगा स्नान, दान-पुण्य और गंगा आरती का भी आयोजन किया जाता है। गंगा दशहरा को गंगावतरण दिवस के नाम से भी जाना जाता है। माना जाता है कि इसी दिन माँ गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था। ऐसे पावन अवसर के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम की आयोजक कीर्ति सिंह व कनुप्रिया सिंह ने ठंडा शर्बत, सब्जी, पूड़ी, बूँदी मिष्ठान भोजन वितरण भंडारे के रूप में किया गया। इस अवसर पर एकेडमिक हेड अश्वनी कुमार दीक्षित, शोभित बाजपेयी, प्रेमकुमार सिंह, दीपक द्विवेदी, रविकांत दीक्षित, सोनम पाण्डेय, हनी पाण्डेय, नीलम सिंह आदि सैकड़ो की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

### वन डे वन प्रॉब्लम के तहत पुलिस ने की कार्रवाई

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा जनपद में चलाए जा रहे वन डे वन प्रॉब्लम के तहत मझिला पुलिस ने प्राप्त तहरीर का मौके पर निस्तारण किया। 4 जून को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान थाना मझिला क्षेत्र के निवासी व्यक्ति ने प्रार्थना पत्र दिया था। एसपी ने उक्त प्रार्थना पत्र का त्वरित संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी मझिला को प्राथमिकता के आधार पर मौके पर जाकर समस्या का उचित निस्तारण को कहा था। इसके अलावा वन डे वन प्राब्लम के तहत बेहटा गोकुल पुलिस ने पीड़ित की भूमि से अवैध कब्जा हटवाकर आरोपी को गिरफ्तार किया है। क्षेत्र के निवासी ने एसपी के समक्ष उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र दिया कि विपक्षी द्वारा आवेदक की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किया गया है तथा आवेदक के साथ गाली-गलौज व मारपीट की गयी। प्रभारी निरीक्षक बेहटा गोकुल व राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की। पुलिस व राजस्व की टीम ने पीड़ित की भूमि से अवैध कब्जा हटवाया। जिसके बाद पीड़ित ने अपनी भूमि पर निर्माण शुरू कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 6 नामजद आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद अमर सिंह गिरफ्तार किया गया।

### बेरोजगारों को मिलेगा बिना ब्याज का ऋण : डीएम

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के सम्बन्ध में जनपद के पत्रकारों से संवाद किया। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत चार साल तक बिना ब्याज का ऋण बेरोजगारों को व्यापार के लिए दिया जाएगा। इस वर्ष जिले में 2700 ऋण वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। सभी ब्लाक व पालिका मुख्यालय पर शिविर लगाकर बेरोजगारों से आवेदन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना अंतर्गत कोई भी युवा जो 21 वर्ष से 40 वर्ष की आयु के हैं और जिन्होंने 8वीं क्लास पास कर ली है, उनको 5 लाख तक का ब्याज मुक्त लोन सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। युवा इस ब्याज मुक्त ऋण का चार साल में भुगतान कर पाएंगे। जो भी युवा मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाना चाहते हैं वह विकास खण्ड और निकाय स्तर लगाए गए कैम्पों में जाकर अपना आवेदन फार्म जमा कर सकते हैं और सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ पा सकते हैं।


जानकारी देते डीएम अनुनय झा।

# सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत और चार घायल

## अजगैन, सफीपुर, हसनगंज कोतवाली, औरास और बिहार थानाक्षेत्रों में हुईं घटनाएं, परिजनों में कोहराम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** अलग-अलग क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। हादसे अजगैन, सफीपुर व हसनगंज कोतवाली, बिहार और औरास थानाक्षेत्र में हुए। सूचना पर पहुंची संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजकर शव पोस्टमार्टम को भेजे हैं।

**लोडर की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ व युवक की जान, नवाबगंज:** दही थानाक्षेत्र स्थित अटेसुवा गांव निवासी देशराज (55) पुत्र स्व. पुरई, उसी गांव का निवासी बुद्धिलाल (28) पुत्र स्व. शोभा व विशाल (22) पुत्र राकेश एक बाइक से ताड़ी पीने जैतीपुर गए थे। वापस लौटते समय अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नवाबगंज-जैतीपुर संपर्क मार्ग स्थित एक फैक्ट्री के पास डंपर को ओवरटेक कर रहे लोडर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुचे नवाबगंज चौकी प्रभारी मुकुल दुबे ने घायलों को नवाबगंज सीएचसी भेजा। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने देशराज को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो अन्य को प्राथमिक इलाज देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन वहां पहुंचने से पहले बुद्धिलाल की भी मौत हो गई। वहीं घायल को इमरजेंसी वार्ड में रखा गया है। देशराज वेल्डिंग का काम करता था और बुद्धिलाल टेलर था। दोनों की दुकान कोतवाली क्षेत्र के देवरी मोड़ पर पड़ोस में थी। घायल विशाल के मुताबिक बाइक उसकी थी लेकिन, घटना के समय बाइक बुद्धिलाल चला रहा था। देशराज की मौत की खबर मिलते ही पत्नी मालती बदहवाश हो गई। उसके तीन बच्चों में विवाहित बेटियां कमला, विमला व बेटा संजीत हैं। बुद्धिलाल की मौत से बड़े भाई जगदीश, शिवकंठ, उमाशंकर व बहनें मैंका व कलावती का रो-रोकर बुरा हाल है।

**डीसीएम की टक्कर से युवक की गई जान, साथी गंभीर, उन्नाव:** हसनगंज कोतवाली अंतर्गत रसूलपुर बकिया गांव निवासी देवी प्रसाद (26) पुत्र स्व. चंद्रपाल खेती करता था। गुरुवार सुबह वह गांव के निवासी दोस्त सुंदरम यादव (27) के साथ उसके रिश्तेदार के घर रैनापुर गया था। जहां से दोनों किसी काम से असोहा थानाक्षेत्र के कालूखेड़ा जा रहे थे। तभी थानाक्षेत्र के असोहा-कालूखेड़ा मार्ग पर पहाड़पुर गांव के मोड़ के पास तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर से दोनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने देवी प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। सुंदरम की हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।

**अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार गंभीर, रेफर, सफीपुर:** कोतवाली क्षेत्र के सरांय अख्तियारपुर गांव निवासी रामबाबू (45) पुत्र छोटेलाल गुरुवार दोपहर साइकिल से सफीपुर कस्बा जा रहा था। तभी हुलासी कुंआ चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे एम्बुलेंस चालक ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।


अजगैन हादसे के बाद सीएचसी में मौजूद बदहवास परिजन। अमृत विचार

### कुत्ते से टकराकर फिसली बाइक, युवक की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार :** बिहार थानाक्षेत्र के भितरी गांव निवासी राकेश (40) खेती कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। बुधवार को किसी काम से वह रायबरेली गए थे। जहां से लौटते समय सेमरी चौराहा के पास उनकी बाइक के सामने अचानक कुत्ता आने से वह उससे टकराकर सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर उन्हें रायबरेली के एम्स ले जाया गया। जहां उनकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव मोर्चरी भेजा है। चाचा भोला ने बताया कि राकेश की मौत से उसकी पत्नी सीमा, दो बेटियां आंचल व अर्चना के साथ मां फूलमती बेहाल हैं। वह तीन भाइयों में बड़ा था। एसओ राहुल सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### एक्सप्रेस-वे पर ट्रक की टक्कर से कार सवार युवक की मौत

**औरास, अमृत विचार :** लखनऊ के आलमबाग कोतवाली क्षेत्र के गीता पल्ली मोहल्ला निवासी केके सिंह दवाओं का व्यवसाय करते हैं। गुरुवार भोरपहर उनका बड़ा बेटा आदित्य सिंह (24) अपने छोटे भाई अभय (21) के साथ लखनऊ के सरोजनी नगर थानाक्षेत्र के जयरामपुरी निवासी चालक मोहित के साथ कार से व्यवसाय के सिलसिले में एक मीटिंग में शामिल होने आगरा जाने को निकले थे। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर औरास थानाक्षेत्र के कोइलिया खेड़ा गांव के पास किमी संख्या-271 के पास किनारे खड़ी कर सभी लघुशंका के लिए उतर गए। वापस लौटकर जैसे ही चालक ने कार स्टार्ट की तभी पीछे से आए ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। इसमें तीनों को गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने आदित्य को मृत घोषित कर दिया। वहीं उसके छोटे भाई अभय को प्राथमिक इलाज के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया। हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजन शव देख बेहाल हो गए। आदित्य की अभी शादी नहीं हुई थी। जवान बेटे की मौत से मां सुनीता व पिता रो-रोकर बेहाल रहे। एसओ भुवन सिंह मौर्य ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।


आदित्य की फाइल फोटो।

## सार-संक्षेप

### भाग्य देवी मंदिर के लिए भूमि पूजन विधि-विधान से संपन्न


भूमि पूजन के दौरान हवन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** राजधानी मार्ग स्थित गंगा धाम नेतुवा परिसर में गुरुवार को भाग्य देवी मंदिर के निर्माण कार्य की शुरुआत भूमि पूजन के साथ हुई। आचार्य जगदीश ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिविधानपूर्वक पूजा-अर्चना कराई। मंदिर प्रांगण में नींव खुदवाकर वैदिक रीति से न्यू पूजन संपन्न हुआ। पूजा उपरांत सामूहिक हवन का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान राम नारायण यादव, रमेश सिंह, अंकित यादव, राजकुमार चतुर्वेदी, कांति मोहन गुप्ता, सुधाकर पाठक, राजेंद्र यादव, लक्ष्मी नारायण कानूनगो, सतेन्द्र, डॉ. अनिल, खुशी राम विश्वकर्मा, रामनरेश यादव, अरविंद यादव, नवनीत शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे। मंदिर निर्माण को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल रहा।

### दुर्गा मंदिर का दानपात्र तोड़कर नकदी ले गए चोर

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मगरवारा चौकी अंतर्गत गोकुल बाबा मंदिर के पास बने दुर्गा मंदिर में बीती रात चोर धावा बोलकर दानपात्र तोड़कर नकदी उठा ले गए। सुबह पूजा करने पहुंचे पुजारी ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के मगरवारा गांव स्थित प्रसिद्ध गोकुल बाबा मंदिर के पास गलगलहा प्रधान प्रमोद शर्मा के परिजनों ने मंदिर का निर्माण करा दुर्गा जी प्रतिमा की स्थापना कराई थी। मंदिर की देखरेख व पूजन के लिए कोतवाली क्षेत्र के देवीखेड़ा गांव निवासी निर्भय कुमार मंदिर में पुजारी हैं। रोज की तरह वह बुधवार शाम आरती पूजन के बाद मंदिर बंद कर घर लौट गए। गुरुवार सुबह उन्होंने मंदिर के मुख्यद्वार का ताला टूटा देखा तो उनके होश उड़ गए। अंदर रखा दानपात्र भी टूटा था और उससे नकदी गायब थी। पुजारी की सूचना पर चौकी पुलिस पहुंची और जांच की। मंदिर में चोरी होने से श्रद्धालुओं में भी आक्रोश रहा।

### चालक व ईएमटी ने एम्बुलेंस में कराया महिला का प्रसव

अमृत विचार सफीपुर। एम्बुलेंस से लाई जा रही महिला को समस्या होने पर चालक व ईएमटी ने सड़क किनारे रुककर डाक्टर से परामर्श लेकर सफल प्रसव करा जच्चा-बच्चा को सीएचसी में भर्ती कराया। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के ददलहा निवासी जुलेखा पत्नी मुन्ना को गांव से लेकर एम्बुलेंस सीएचसी आ रही थी कि ददलहा-सफीपुर मार्ग स्थित गांव सनहा के पास जुलेखा की तबियत बिगड़ने लगी। इस पर चालक मुलायम सिंह ने गाड़ी सड़क किनारे रोकी ओर ईएमटी सचिन कुमार ने डाक्टर से फोन पर परामर्श लेकर सफल प्रसव कराया। अधीक्षक डा. राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि महिला को चौथा बच्चा हुआ है। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। दोनों स्वस्थ्य हैं।

# बीमारी से तंग आकर अधेड़ ने की आत्महत्या

संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जगनीखेड़ा में एक अधेड़ ने बीमारी से परेशान होकर मालगाड़ी के नीचे गर्दन रखकर आत्महत्या कर ली।

जानकारी के अनुसार, पंकज दुबे (50) पुत्र सूरज कुमार जगनीखेड़ा स्थित सपा नेता मिंटू निषाद के घर किराये पर रह रहा था। वह पिछले काफी समय से पेट की गंभीर बीमारी से जूझ रहा था और कानपुर के केपीएम अस्पताल में इलाज करा रहा था, लेकिन राहत न मिलने के कारण मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। गुरुवार शाम पंकज अप लाइन पर पोल संख्या 67/6 और 67/7 के बीच ऋषिनगर के पास होम सिग्नल के पास पहुंचा और खड़ी मालगाड़ी के पहियों के नीचे अपनी गर्दन रख दी। जैसे ही मालगाड़ी चली, उसकी गर्दन धड़ से अलग हो गई और मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी शाम करीब सात बजे डाउन ट्रैक से गुजर रही ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस के लोको पायलट ने शव देखकर स्टेशन मास्टर को दी। इसके बाद सूचना जीआरपी को दी गई। मौके पर पहुंचे जीआरपी चौकी प्रभारी ने शव की तलाशी ली, जिसमें सुसाइड लेटर बरामद हुआ। पत्र में पंकज ने बीमारी से तंग आकर आत्महत्या करने की बात लिखी थी।

### गाजियाबाद में दीवार गिरने से मजदूर की मौत

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** पुरवा कोतवाली अंतर्गत भीखमपुर गांव निवासी अशोक (28) पुत्र रामनरेश गाजियाबाद के दादरी में एक ठेकेदार के अधीन भवन निर्माण कार्य में मजदूरी करता था। बीती 23 मई को वह गांव से गाजियाबाद गया था। बड़े भाई अशोक ने बताया कि बुधवार को सूचना मिली कि काम करते समय दीवार गिरने से वह गंभीर घायल हो गया। इस पर नई दिल्ली में मजदूरी करने वाला छोटा भाई बसंत गाजियाबाद पहुंचा। लेकिन, तब तक अशोक की मौत हो गई थी। ठेकेदार ने एंबुलेंस से जबरन शव घर भेज दिया। गुरुवार भोरपहर शव घर पहुंचते परिजनों में कोहराम मच गया। बड़े भाई के प्रार्थनापत्र पर पुरवा पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पति की मौत से पत्नी संध्या बेहाल है। उसके एक डेढ़ साल की बेटी पल्लवी है। अशोक चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था।

# हरदोई रेलखंड के स्टेशनों के यार्डों में लगेंगे सीसीटीवी

**कवायद**

- आए दिन अराजक तत्वों द्वारा ट्रेनों को पलटाने की साजिश रचने को लेकर की गई तैयारी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** भारतीय रेलवे को अराजक तत्वों द्वारा लगातार निशाना बनाया जा रहा है। जिसको ध्यान में रखते हुए मंडल रेल कार्यालय मुरादाबाद की ओर से मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी स्टेशनों के यार्डो में सीसीटीवी को लगाए जाने के निर्देश जारी किए हैं।

सभी रेलवे स्टेशनों के अधिकारियों को स्टेशनों के दोनों छोर पर यार्डों में सीसीटीवी लगाए जाने को लेकर स्थान चिन्हित कर कैमरा की संख्या भेजने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद से अधिकारी क्षेत्र के सभी स्टेशनों के यार्डों में सीसीटीवी लगाए जाने के लिए स्थान चिह्नित कर रहे हैं। हरदोई रेलवे स्टेशन पर पूर्व व पश्चिम यार्ड में अधिकारियों ने स्थान चिह्नित किया। रेलवे स्टेशन के यार्डों में लगने वाले सीसीटीवी की मॉनिटरिंग रेलवे सुरक्षा बल के कंट्रोल रूम में होगी।

### संडीला समेत सभी हाल्ट स्टेशनों के यार्ड भी होंगे सीसीटीवी से लैस



**हरदोई, अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर अधिकारियों द्वारा पूरब और पश्चिम यार्ड में सीसीटीवी लगाए जाने को लेकर निरीक्षण किया। स्थानीय रेल अधिकारियों ने पूरब और पश्चिम दिखा के यार्डो में सीसीटीवी लगाए जाने के लिए स्थान चिह्नित कर लिया है। हरदोई रेलवे स्टेशन के पूरब और पश्चिम यार्ड में लगभग 65 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने हैं। जल्द ही हरदोई रेलवे स्टेशन के दोनों छोर यार्ड में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए नजर आ जाएंगे। हरदोई रेलखंड के अंतर्गत आने वाले करना, मसीत, बघौली, उमरताली, दलेल नगर, संडीला, बालामऊ टोडरपुर, बेहटागोकुल, कौढ़ा, शाहाबाद समेत अन्य रेलवे स्टेशन के यार्ड के दोनों छोर पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने को लेकर अधिकारी स्थान चिह्नित कर सीसीटीवी कैमरा की संख्या निर्धारित कर रहे हैं जल्द ही सभी रेलवे स्टेशनों पर लगने वाले सीसीटीवी कैमरो की संख्या मंडल रेल कार्यालय को भेजी जाएगी जहां से स्वीकृति मिलते ही हरदोई रेलवे स्टेशन समेत हरदोई रेल खंड के अंतर्गत आने वाले सभी रेलवे स्टेशनों पर यार्ड के दोनों छोर पर सीसीटीवी कैमरे लगा दिये जाएंगे। रेल अधिकारियों ने बताया कि हाल में हुई घटनाओं को लेकर रेल प्रशासन ने यार्ड के दोनों छोर पर सीसीटीवी कैमरो को लगाए जाने का कार्य कराए जाने को लेकर जानकारी मांगी है। मंडल रेल कार्यालय से स्वीकृति मिलने के बाद सीसीटीवी कैमरों को लगाए जाने का कार्य किया जाएगा। जिससे रेलवे ट्रैक की सुरक्षा बेहतर हो सके और अराजकतत्वों पर भी नकेल कसी जा सके।

### पति व बच्चों को छोड़ महिला भतीजे संग फरार

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक महिला अपने बच्चों को लेकर पति के भतीजे के साथ फरार हो गई है। घटना या 3 जून की है, जब पति घर पर नहीं था। गुरुवार को पति ने थाने पर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि उसका भतीजा सूरज उसकी पत्नी को फुसलाकर भगा ले गया है। घटना के बाद पति ने दोनों को फोन कर घर वापस लौटने के लिए समझाया, लेकिन वह नहीं माने। जिसके बाद उसने पुलिस को तहरीर दी है। थाना प्रभारी कौशल किशोर यादव ने बताया कि आरोपी भतीजे सूरज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, पुलिस जांच कर रही है।


पीस कमेटी की बैठक करते सीओ। अमृत विचार

### आपसी सौहार्द के साथ मनाएं बकरीद का त्यौहार : सीओ

**संवाददाता, कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** बकरीद के त्यौहार के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी बघौली की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया, जिससे नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, सभासद गण सहित मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रतिभाग किया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा बकरीद का त्यौहार मिलजुलकर आपसी सौहार्द व भाई चारा से मनाए। इस त्यौहार पर कुर्बानी देने की परंपरा है, लेकिन इस कुर्बानी को सार्वजनिक स्थल पर न करें। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी बिल्कुल न करें। ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे आपसी सौहार्द खराब हो। कुर्बानी करने वाले पशुओं के अवशेष खुले में न फेंके। अराजकतत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी। प्रत्येक ग्राम सभा में सुरक्षा समितियां से संवाद बना रहेगा। कोई शिकायत आने पर अलाजकतत्वों के खिलाफ ठोस कार्यवाई अमल में लाई जाएगी।

### ईदुल अज़हा : दूर-दूर से आए खरीदारों ने लगाई बकरों की बोली

**हरदोई, अमृत विचार।** ईदुल अज़हा आने में दो ही दिन बचें है, गुरुवार को अब्दुल पुरवा नखासे में काफी भीड़ देखी गई। बकरों की बोली लगाते हुए उनकी खरीद करने के लिए काफी दूर-दूर से खरीददार वहां पहुंचे, देर शाम तक वहां खरीद होती रही। सबसे ज़्यादा देशी बकरों की मांग रही, साथ ही गंगा पारी, जमुना पारी और बरबरा नस्ल के बकरों पर भी खरीददारों की नज़रे टिकी रहीं। ईदुल अज़हा जिसे बकरीद कहा जाता है, शनिवार को मनाई जाएगी। ईदुल अज़हा में अल्लाह की राह में कुर्बानी होती है। गुरुवार को अब्दुल पुरवा नखासा था, वहां सुबह होते ही खरीददार पहुंचने लगे। टड़ियावां के अलीशाबाद के भन्नू ने बताया कि उसका देशी नस्ल का बकरा था, जिसकी उसे सही कीमत मिल गई, कुइयां के कामता का कहना है कि उसकी गंगा पारी नस्ल के बकरों की उम्दा जोड़ी थी, जिसे बहुत दूर से आए खरीददार खरीद ले गया। वैसे देशी नस्ल के बकरों की खूब मांग रही, उसके अलावा दूसरी नस्लों के बकरे भी अच्छी कीमत में बेंचे गए।



# सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पर गैंगस्टर की कार्रवाई

संवाददाता, हरदोई



**कार्रवाई**

- वीरेंद्र सिंह वीरे पर हत्या, लूट और डकैती का है आरोप, पहले से दर्ज हैं 28 मामले
- अधिवक्ता हत्याकांड में शामिल सारे आरोपियों पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचार।** हत्या, लूट और डकैती जैसे संगीन मामलों में आरोपी रहे सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह वीरे समेत 8 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। बता दें कि पिछले साल 30 जुलाई को शहर में सुपारी दे कर शूटरों से कराई गई अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा की हत्या में वीरे यादव आरोपी था, अभी कुछ ही दिनों पहले उसकी रिहाई हुई थी। एसएचओ कोतवाली शहर संजय त्यागी की तहरीर पर वीरे समेत आठ लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है।

एसएचओ कोतवाली शहर श्री त्यागी की तहरीर पर पूर्व सपा ज़िलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह वीरे यादव निवासी बरगद आ पुरवा थाना अरवल के अलावा आदित्यभान सिंह निवासी मुन्ने मियां चौराहा, राजवीर महावत, रामसेवक उर्फ लल्ला और रामू महावत निवासी जोगीपुर कोतवाली शहर, कोतवाली शहर के रामनगर कॉलोनी निवासी नृपेन्द्र त्रिपाठी, धर्मशाला रोड निवासी शिखर गुप्ता और झरोइया निवासी नीरज के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। बतातें चलें कि पिछले साल 30 जुलाई को शहर के सिनेमा चौराहे पर अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा की उनके चैंबर में घुस कर गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने आनन-फानन में एक्शन लेते हुए सारे आरोपियो को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया था कि प्रापर्टी के लिए भाड़े के शूटरों से हत्या कराई गई थी। वीरे यादव को गैंगस्टर गैंग का सरगना बताते हुए उसे गिरोह बना कर ठगी करने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस के मुताबिक वीरे यादव के ऊपर पहले से ही हत्या, लूट और डकैती जैसे 28 संगीन मामले दर्ज है, साथ ही हिस्ट्रीशीटर और ज़िलाबदर भी किया जा चुका है।

### मुख्यमंत्री ने सपा पर बोला था हमला

**हरदोई, अमृत विचार।** वीरेंद्र सिंह के अपराधों की गंभीरता का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन के भीतर वीरेंद्र सिंह उर्फ वीरे यादव का नाम लेते हुए समाजवादी पार्टी पर हमला बोला था। मुख्यमंत्री ने सपा को घेरते हुए कहा था कि उसने हिस्ट्रीशीटर और जिला बदर को जिलाध्यक्ष बनाया।

**मांग** प्रदर्शन कर 20 सूत्री ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को भेजा

# आयोग गठन को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के बैनर तले गुरुवार को किसानों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने किसान आयोग बनाने की मांग जोर तरीके से उठाई। प्रदर्शन के पश्चात 20 सूत्री ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री को भेजा।

गुरुवार को प्रदर्शन करने पहुंचे किसानों ने केंद्र व राज्य सरकार से किसान आयोग गठित करने की मांग की। प्रदेश सचिव लल्ला सिंह ने कहा कि आजादी के बाद से अब तक किसान अपनी समस्याओं का हल नहीं पा रहा है। उसकी फसल का मूल्य भी उसे उचित नहीं मिल पा रहा है। बुवाई के समय खाद बीज की कालाबाजारी सरकारें नहीं रोक पा रही है। इन सब समस्याओं को दूर कराने के लिए किसान आयोग का गठन किया जाए, जिससे किसानों की मूलभूत समस्याएं दूर हो सके। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने दो लाख तक का कर्ज माफ करने तथा बिना ब्याज के केसीसी ऋण उपलब्ध कराने की मांग की। घरौनी स्वामित्व प्रमाण पत्र तत्काल दिलाने की मांग की। इसके अलावा तमाम स्थानीय समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के पश्चात 20 सूत्री ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को भेजा गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजेश गौतम, अजय पाल गौड़, सविता देवी, कृष्णा राजपूत सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।


मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते किसान। अमृत विचार

### दीवार तोड़कर घर का सामान उठा ले गए दबंग, सुनवाई नहीं

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** बीमार युवक के साथ दबंगों ने जबरन उसकी दीवार को तोड़ते हुए घर में रखे सामान पर कब्जा कर लिया। उसने पुलिस को घटना की तहरीर पर देते हुए रिपोर्ट दर्ज की मांग उठाई। लेकिन पुलिस ने उसके मामले में कोई सुनवाई नहीं की। सारे मामले में एसपी से शिकायत दर्ज कराते हुए कार्यवाही की मांग उठाई है। थाना क्षेत्र के गांव बरौली निवासी चंद्र प्रकाश ने एसपी नीरज कुमार जादौन से शिकायत में कहा है कि उसकी बीमारी के चलते गांव के चार दबंगों ने बीती 9 मई की शाम को आरोपितों ने उसकी दीवार तोड़ते हुए घर में रखे सामान को अपने कब्जे में ले लिया। पीड़ित चंद्र प्रकाश ने उसने घटना की स्थानीय पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। लेकिन पुलिस ने सुनवाई की। उसने घटना के दौरान सारे हमलावरों के कृत्यों को कैमरे में कैद कर लिया और पुलिस को दिखाई। बावजूद इसके मामले पर ध्यान नहीं दिया गया।



### किसानों को सरकार की योजनाओं व नई तकनीकि की दी जानकारी

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन 12 जून तक जनपद की कुल 135 ग्राम पंचायतो में किया जा रहा है। जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिको एवं कृषि के सहयोगी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने किसानों को नई तकनीकी जानकारी व कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रयोगशाला से खेत तक है। विकास खण्ड भरखनी के ग्राम पाण्डेपुर में विधायक सवायजपुर माधवेन्द्र प्रताप सिंह, रानू ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। जिसमें उनके द्वारा किसानों के हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही पीएम किसान, फार्मर रजिस्ट्री, डिजिटल काप सर्वे, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, फसल बीमा आदि योजनाओ की जानकारी दी। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक सतीश कुमार, कृषि रक्षा अधिकारी विनीत कुमार शुक्ला, खण्ड विकास अधिकारी भरखनी अशोक द्विवेदी, रवि किरण वैज्ञानिक के साथ ही ग्राम प्रधान व प्रगतिशील किसानों के द्वारा भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रमों में कुल 1713 पुरूष किसान एवं 607 महिला किसानों ने प्रतिभाग किया।



कलक्ट्रेट में पौधरोपण करते जिलाधिकारी गौरांग राठी। अमृत विचार



कलक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ पौधरोपण करते विधायक पंकज गुप्ता। अमृत विचार

# जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने किया पौधरोपण

## विश्व पर्यावरण दिवसः पौधरोपण महाअभियान-2025 के लिये जिले को 57 लाख 1 हजार 920 पौधरोपण का है लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** विश्व पर्यावरण दिवस पर कलक्ट्रेट परिसर में वन विभाग द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें विधायक सदर पंकज गुप्ता, विधायक मोहान बृजेश रावत, जिलाधिकारी गौरांग राठी, सीडीओ कृति राज ने अनार, नींबू, मौसमी व आंवला के पौधे लगाए।

कार्यक्रम में पौध भंडारा के तहत जन प्रतिनिधियों व जिलाधिकारी द्वारा स्कूली बच्चों को नींबू, आंवला, अनार व अमरूद आदि प्रजाति के करीब 500 पौध बांटे गए। कार्यक्रम की थीम विश्व स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना विषय पर जिलाधिकारी ने मौजूद लोगों को जागरूकता का संदेश देते हुए सभी को एक पेड़ मां के नाम रोपित कर उसकी सुरक्षा करने का संकल्प दिलाया। इसमें डीएम ने जनपदवासियों से एक पेड मां के नाम पर लगाने की अपील की।

इस अवसर पर सीडीओ व परियोजना निदेशक ने विकास भवन परिसर में बेल व जामुन आदि के पौधे लगाए। इसके अलावा पुरवा रेंज के अन्तर्गत अग्निशमन केन्द्र पुरवा में रेनू अध्यक्ष नगर पंचायत पुरवा व प्रेमा देवी ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने पाकड़, आम, नीम व मालाबार आदि के 12 पौधे व नवाबगंज रेंज के अन्तर्गत गांव खेरवा अलादादपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय में जामुन व आम आदि के 25 पौधे व पीपल, बरगद, नीम व त्रिवेणी के पौधे लगाए गये। वहीं, हसनगंज रेंज के अन्तर्गत औरास पौधशाला व बांगरमऊ रेंज के अन्तर्गत ग्राम तकिया निगोही के वृद्धाश्रम प्रांगण में पौधों का रोपण किया गया। बीघापुर रेंज में भी पशु चिकित्सालय खरझारा में विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान रुद्रपुर, ग्राम प्रधान बैगुलाल खेड़ा व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि तथा पशुचिकित्साधिकारी आदि ने बरगद, पीपल, नीम, आंवला व सेमल के पौधे लगाए। कलक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान बेनहर इन्टरनेशनल स्कूल के शिक्षक, विद्यार्थी, उप प्रभागीय वनाधिकारी बांगरमऊ व वन विभाग व कलेक्ट्रेट का स्टाफ मौजूद रहा।

**पौधरोपण कर उनकी देखरेख का लिया संकल्प, औरासः** गुरुवार को नगर पंचायत औरास क्षेत्र के शास्त्री नगर मोहल्ला स्थित वन विभाग की चौकी पर विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ की थीम पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने व प्लास्टिक मुक्त परिवेश बनाने की अपील की गई। नगर अध्यक्ष राकेश कुमार के नेतृत्व में छाया व फलदार वृक्षों का रोपण किया गया। इसी क्रम में सीएचसी प्रभारी अनूप तिवारी के द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों के साथ स्वास्थ्य केंद्र परिसर में वृक्षारोपण किया गया। खंड विकास कार्यालय परिसर में ब्लॉक प्रमुख ज्ञानेंद्र सिंह व खंड विकास अधिकारी दीप शिखा वर्मा के नेतृत्व में ब्लॉक कर्मियों ने वृक्षारोपण किया। इसमें सैकड़ों पौधे रोपित कर उनकी देखरेख कर तैयार करने का संकल्प भी लिया गया। इसमें शिवम अग्निहोत्री, विजय तिवारी, राजेश कुमार, सुरेंद्र कनौजिया, अतीक, रज्जन, तकनीकी सहायक शिवमोहन सिंह, अनवर अली व देशराज यादव, कपिल सिंह आदि उपस्थित रहे।



पौधरोपण करते ब्लॉक प्रमुख ज्ञानेंद्र सिंह व खंड विकास अधिकारी दीप शिखा वर्मा।

### उच्च प्राथमिक विद्यालय भानपुर में हुआ पौधरोपण

**उन्नाव, अमृत विचार :** राज्य परियोजना कार्यालय से मिले निर्देशों के क्रम व बीएसए संगीता सिंह के नेतृत्व में उच्च प्राथमिक विद्यालय भानपुर हसनगंज में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत पर्यावरण दिवस मनाया गया। खंड शिक्षाधिकारी अरुणोदय के सहयोग से एक पेड़ मां के नाम गतिविधि के अंतर्गत छात्रों ने अपनी मां के नाम पर पेड़ लगाए। साथ ही उन्होंने इन पेड़ों के साथ विद्यालय की वनस्पति व आसपास प्राकृतिक धरोहर की देखभाल करने की शपथ भी ली।

### विधायक व अधिकारियों ने लगाया एक पेड़ मां के नाम

**बांगरमऊ, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को वन क्षेत्राधिकारी द्वारा तकिया स्थित वृद्धाश्रम और नगर पालिका भवन में पालिथीन प्रयोग के विरुद्ध जागरूकता अभियान व पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर विधायक श्रीकांत कटियार ने परिसर में एक पेड़ मां के नाम रोपित किया। नगर पालिका चेयरमैन रामजी गुप्ता ने पालिका भवन में कर्मचारियों की पालिथीन व प्लास्टिक के प्रयोग के विरुद्ध आयोजित रैली में भाग लिया। साथ ही उन्होंने ईओ आवास परिसर में मां के नाम छायादार व फलदार वृक्ष की पौध भी रोपित की। इसके अलावा वन क्षेत्राधिकारी नीरज विद्यार्थी ने ग्राम तकिया निगोही स्थित वृद्धाश्रम परिसर में बरगद, पीपल, नीम, पाकड़, अमरूद, कटहल व बालम खीरा आदि पौधे लगाए। उन्होंने संगोष्ठी में लोगों को प्लास्टिक के दुष्परिणाम की जानकारी दी। गोष्ठी में उप रेंजर राजीव कुमार व प्रदीप कुमार, वन दरोगा अवधेश अवस्थी व पप्पू यादव आदि वन कर्मियों के अलावा वृद्धाश्रम के प्रबंधक पीएन सिंह व उन्नाव पब्लिक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य आरबी सिंह ने भी भाग लिया। पालिका कर्मियों की जागरूकता रैली में चेयरमैन रामजी गुप्ता, बीडीओ निशा सागर विश्वकर्मा, ईओ गुंजन गुप्ता, वरिष्ठ लिपिक रवींद्र कुमार, मुकेश, सुनील, सुरेन्द्र यादव व नारायन गुप्ता आदि पालिका कर्मी शामिल हुए।



बांगरमऊ में पौधरोपण करते विधायक श्रीकांत कटियार। अमृत विचार

### लोगों से की प्लास्टिक व पालीथिन का उपयोग न करने की अपील

**गंजमुरादाबाद, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर ब्लाक के सहायक विकास अधिकारी द्वारा गांव रूरी सादिकपुर में प्लास्टिक व कचरे की सफाई और गांव को प्लास्टिक मुक्त करने का अभियान चलाया गया। उन्होंने ग्रामीणों को प्लास्टिक उपयोग न करने की सलाह दी। सहायक विकास अधिकारी उपेंद्र नाथ पांडेय के नेतृत्व में क्षेत्र के गांव रूरी सादिकपुर में गुरुवार को प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत गांव गांव की गलियों में घूमकर प्लास्टिक व कचरा एकत्र किया गया। उन्होंने लोगों से प्लास्टिक व पालीथिन का उपयोग न करने की अपील की। कार्यक्रम में प्रधान विनोद कुमार व वीडीओ संजीव कुमार ने सहयोग किया।



गांव से प्लास्टिक व कचरा एकत्र करते लोग। अमृत विचार

# हर किसान तक पहुंचेंगी सरकार की योजनाएं

संवाददाता, परियर उन्नाव

**अमृत विचारः** सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के मरौंदा मझवारा व मरौंदा सूचित गावों में विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत किसानों को कृषि, बागवानी, पशुपालन सहित सभी विभागों की योजनाओं की जानकारी एक साथ दी गई। यह कार्यक्रम किसानों को जागरूक कर उनकी कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत उन्नाव जिले के मरौंदा व मरौंदा सूचित गांव में किसानों की जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के कृषि क्षेत्र को विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप ढालने का आह्वान करता है। इसमें बताया गया कि सभी विभागों ने अपनी योजनाओं और कार्यों की जानकारी किसानों को दी। इसका उद्देश्य किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना और कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीकों व कार्यप्रणालियों के प्रति उन्हें जागरूक करना है। कृषि अधिकारियों ने यह भी कहा कि किसानों ने उनकी बातों को ध्यान से सुना। हमने उनसे आग्रह किया कि वे जो कुछ यहां सीखे हैं उसे अपने घरों और खेतों में लागू करें और उन किसानों को भी बताएं जो इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए हैं। विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के दौरान ग्राम पंचायत मरौंदा मझवारा में कृषि विभाग विकासखंड सिकंदरपुर सिरोसी द्वारा कराया गया। जिसमें ग्राम प्रधान आलोक तिवारी, सीआईएसएच रहमान खेड़ा लखनऊ के वरिष्ट वैज्ञानिक डॉ. अंशुमान सिंह व कृषि वैज्ञानिक केंद्र धौरा के वैज्ञानिक डॉ. रत्ना सहाय, इंजी. रमेश मौर्य, पशुपालन विभाग व कृषि विभाग की टीम की उपस्थिति में अभियान सफलतापूर्वक ग्राम प्रधान आलोक तिवारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें कृषि विभाग की समस्त योजनाओं जैसे मृदा परीक्षण, फसल बीमा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसलों का बीमा, ड्रोन से पोषक तत्वों के छिड़काव व पशुओं के केसीसी, कृत्रिम के गर्भाधान, पशुओं के विशेष रोग व उपचार के बारे में चर्चा की गई ड्रोन दीदी आदि व सब्सिडी के बारे में कृषकों को बताया गया।



किसानों को जानकारी देते कृषि अधिकारी। अमृत विचार

### कृषि संकल्प अभियान

# किसानों को दी सिंचाई की नई तकनीक अपनाने की सलाह

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचारः** विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ककरौरा ग्राम पंचायत में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों से सीधा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि एवं पशुपालन विभाग के विशेषज्ञों ने किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने, पशुपालन की आधुनिक विधियों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम में मौजूद कृषि वैज्ञानिक डॉ. गोविंद कुमार, डॉ. रत्ना सलोनी एवं डॉ. रमेश चंद्र मौर्य ने किसानों को वैज्ञानिक विधियों से खेती करने के गुर बताए। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीक व उचित फसल चक्र अपनाकर किसान न केवल लागत घटा सकते हैं बल्कि उत्पादन भी बढ़ा सकते हैं। साथ ही मिट्टी की जांच, जैविक खाद के उपयोग और सिंचाई की नई तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। कृषि विभाग से उपस्थित शशिकांत ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपना पंजीकरण समय से कराएं और दस्तावेजों को अद्यतन रखें। पशुपालन विभाग से आए अमरनाथ यादव ने पशुपालकों को सलाह दी कि जानवरों की देखभाल वैज्ञानिक ढंग से करें। उन्होंने बताया कि समय-समय पर जानवरों को कीड़ों की दवा देना जरूरी है जिससे वे स्वस्थ रहें। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने जैविक खेती पर जोर देते हुए कहा कि रासायनिक खादों के अधिक प्रयोग से भूमि की उर्वरता घट रही है। ऐसे में जैविक खेती को बढ़ावा देना जरूरी है।

**आस्था** लौटते समय रास्ते में पड़ने वाले बाबा बलखंडेश्वर मन्दिर व जानकी कुण्ड आश्रम में मन्दिरों में भक्तों ने किया जलाभिषेक

# गंगा दशहरा के अवसर पर हर-हर गंगे के उद्घोष से गूंजे घाट

संवाददाता, परियर उन्नाव

**अमृत विचारः** गंगा अवतरण व दशहरा के अवसर पर गुरुवार को भोर पहर से ही श्रद्धालुओं स्थानीय गंगातट पर स्नान करने के बाद पूजा अर्चना कर तीर्थ पुरोहितों को दान दक्षिणा दी। रास्ते में पड़ने वाले शिवालयों में जल अभिषेक कर मंगल कामना की।

स्थानीय ब्रमहावर्त गंगा तट पर श्रद्धालुओं के जत्थे बुधवार की शाम से ही आना शुरु हो गए थे। रात में कीर्तन भजन के बाद सुबह ब्रह्ममुहूर्त में गंगा स्नान कर पूजा अर्चना की और मौके पर मौजूद तीर्थ पुरोहितों को दान दक्षिणा दी। वापस लौटते समय रास्ते में पड़ने वाले बाबा बलखंडेश्वर मन्दिर व जानकी कुण्ड आश्रम में मन्दिरों में जलाभिषेक कर परिवार की मंगल कामना की। स्थानीय पुलिस द्वारा कई जगह पर बेरिकेटिंग की गई थी।कोतवाली प्रभारी एस एन तिवारी,परियर चौकी प्रभारी अनिल कुमार राजपूत सहित काफी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार धीरेन्द्र त्रिपाठी,राजस्व निरीक्षक मोहम्मद अनीस,राजस्व उप निरीक्षक प्रदीप कमल आदि मौजूद रहे।क्षेत्रीय लोगो द्वारा बाबा बलखंडेश्वर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।



परियर गंगातट पर स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### गंगा दशहरा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगा दशहरा के अवसर पर गुरुवार को श्रद्धालुओं ने सुबह से ही गंगा में आस्था की डुबकी लगा कर पुण्य कमाया। जिसके बाद स्नानार्थियों ने घाट पर सत्य नारायण की कथा भी सुनी। सुबह से दोपहर तक घाटों पर लोगों का स्नान चलता रहा। वहीं स्नान के दौरान लोगों ने गंगा तट पर खूब सेल्फी भी ली। गंगा दशहरा के अवसर पर नगर व आस पास के स्थानों से सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया। श्रद्धालुओं की भीड़ नगर के सभी घाटों पर देखी गई। कुछ श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर बैठे पंडों को दान दक्षिणा देने के अलावा सत्य नारायन की कथा का भी श्रवण किया। ऐसी मान्यता है कि इस दिन गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुई थी। ऐसे मौके पर स्नान करने से पूर्व में किए गये पाप कर्म नष्ट हो जाते हैं। मान्यताओं अनुसार, गंगा दशहरा के दिन प्रातः गंगा स्नान करना चाहिए। संभव न हो तो पास की किसी नदी या तालाब में ही स्नान करना चाहिए। इसके बाद भगवान की पूजा करने के साथ ही गरीबों, ब्राह्मणों को दान-दक्षिणा देना चाहिए। ऐसे करने से सिर्फ अनजाने में किए गए पापों से मुक्ति मिलती है बल्कि जीवन में शांति भी आती है। भक्तों पर मां गंगा की कृपा सदैव बनी रहती है। गंगा तट पर सुबह से लेकर दोपहर तक स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं शाम को नित्य गंगा आरती सेवा समिति की ओर से महाआरती का आयोजन किया गया। गंगा की आरती के समय का नजारा विहंगम हो गया। घंटा घड़ियाल से घाट गूंज उठे। इसके साथ ही पदाधिकारियों ने मां गंगा में दीप दान भी किये। दीप दान होने से गंगा की धारा दीपों की रोशनी से टिमटिमा उठी।

## सार-संक्षेप

### पर्यावरण दिवस पर नगर में हुआ वृहद पौधारोपण



गंगाघाट कोतवाली में पौधरोपण करने जाते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को नगर के विभिन्न स्थानों पर पर्यावरण प्रेमियों और नगर पालिका के तत्वावधान में वृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और हरियाली बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। नगर पालिका गंगाघाट द्वारा अभियान के तहत गगनीखेड़ा स्थित कान्हा गौशाला में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ईओ मुकेश कुमार मिश्रा, पशु चिकित्सक डॉ. लाल बहादुर, एसबीएम प्रभारी अनूप शुक्ला सहित नगर पालिका के कई कर्मचारियों ने भाग लिया और विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। इसी क्रम में पोनी रोड अवधपुरी निवासी समाजसेवी व पर्यावरण प्रेमी देवी प्रसाद मौर्य ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनूठी पहल करते हुए गंगाघाट कोतवाली में इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार मिश्रा समेत पुलिस स्टाफ को पौधे वितरित किए। देवी प्रसाद मौर्य और उनके परिजन पर्यावरण को लेकर काफी संवेदनशील हैं। उन्होंने अपने घर की छत पर विविध प्रजातियों के पौधों की बागवानी तैयार कर रखा है और हर वर्ष सैकड़ों लोगों को पौधे वितरित करते हैं। वहीं शुक्लागंज वेलफेयर सोसाइटी की ओर से अजय बाजपेई, विनय गुप्ता, दिनेश दुबे, विनोद तिवारी आदि ने पौधरोपण किये।

### फीडर दो किया गया स्थानांतरित, गुल रही बिजली

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** उपभोक्ताओं की लगातार बढ़ती संख्या और बार-बार हो रहे फॉल्ट से परेशान फीडर दो की बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों ने बड़ा कदम उठाया है। सरैयां स्थित शुक्लागंज सब स्टेशन से जुड़े फीडर दो का आधा लोड फीडर चार में स्थानांतरित कर दिया गया। पिछले महीने से फीडर दो के विभक्तिकरण की तैयारियां चल रही थीं। इसके तहत पोनी रोड तिराहा से झंडा चौराहा तक नए पोल और एचटी लाइन डाली गई। बुधवार को पिलर पाइलिंग और लोड ट्रांसफर की प्रक्रिया के चलते सुबह से ही फीडर 2, 4 और 5 की आपूर्ति बाधित रही। कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद रात साढ़े दस बजे फॉल्ट ठीक कर दोनों फीडरों की आपूर्ति बहाल की। उपखंड अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि अब फीडर दो से जुड़े कई मोहल्लों की आपूर्ति फीडर चार से की जा रही है, जिससे बार-बार फॉल्ट की समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि पोनी रोड झंडा चौराहा, बम बम चौराहा, अवधपुरी, डाकतार कॉलोनी, ब्रह्मनगर, श्रीनगर, सराजा लॉन, अवस्थी फार्म, बिंदा नगर, माली कुआं और नाथू खेड़ा को फीडर 4 से जोड़ा गया है।

### रंगदारी मांगने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** कोतवाली प्रभारी पी के मिश्रा ने बताया कि 24 फरवरी 2025 को पेट्रोल पंप संचालक सुधांशु पांडेय ने शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम पिपरी स्थित पेट्रोल पंप पर काम करते समय आदर्श निगम ने उन्हें कॉल कर 20,000 की मांग की और धमकी दी कि रकम न देने पर सोशल मीडिया पर बदनाम कर देगा। पीड़ित द्वारा पहले चरण में 5,000 ट्रांसफर किए जाने के बाद भी आरोपी 15,000 की लगातार मांग करता रहा। इस शिकायत पर थाना गंगाघाट में रंगदारी समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की गई। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी आदर्श निगम निवासी पोनी रोड बिंदा नगर को सहजनी स्थित महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल के पास से गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया। आरोपी के खिलाफ पूर्व में गैंगस्टर एक्ट समेत नौ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक कृष्णकांत, हे.का. अमर सिंह, सुभाष सिंह, नीलेश वर्मा व कांस्टेबल वीरेंद्र शामिल रहे।

### चकबंदी प्रक्रिया का विरोध कर ग्रामीणों ने किया हंगामा

**संवाददाता सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव जगदीशपुर में प्रस्तावित चकबंदी प्रक्रिया को लेकर गुरुवार को भारी हंगामा देखने को मिला। सैकड़ों ग्रामीणों ने चकबंदी कार्य का विरोध करते हुए राजस्व टीम को खेतों से खदेड़ दिया और मौके पर वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि जगदीशपुर एक आम पट्टी क्षेत्र है। जहां चकबंदी प्रक्रिया लागू नहीं होनी चाहिए। इस संबंध में ग्राम पंचायत द्वारा वर्ष 2016, 2023 व 2025 में हुई खुली बैठकों में चकबंदी के विरोध में प्रस्ताव पारित किया गया था। जिसे विभाग को भेजा गया। इसके बावजूद विभागीय टीम ने नाप-जोख कार्य शुरू कर दिया, जिससे नाराज ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। वहीं सहायक चकबंदी अधिकारी हरीशंकर ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी बात उच्चाधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी और आगे की कार्रवाई उनके निर्देश के अनुसार ही की जाएगी। इस पूरे घटनाक्रम से क्षेत्र में चकबंदी को लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई है।

### महायज्ञ के साथ 18 बटुकों का हुआ उपनयन संस्कार

**उन्नाव, अमृत विचार :** माखी के प्रसिद्ध टीकादास में धार्मिक अनुष्ठान के चौथे दिन महायज्ञ व यज्ञोपवीत कार्यक्रम संपन्न हुआ। वहीं चौथे दिन भी मंदिर पूजन अर्चन के लिए भक्तों की कतारे लगी रहीं। टीकादास धाम में प्रति वर्ष की भांति नवदिवसीय हनुमंत महायज्ञ के चौथे दिन 18 बटुकों का उपनयन संस्कार कराया गया। बटुकों में अरूण पांडेय, पवन तिवारी, अंकित दीक्षित, लालजी, मयंक, रामजी, आशीष, आदर्श, पुष्पेंद्र आदि बटुकों का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उपनयन संस्कार हुआ। कार्यक्रम में मंदिर के महंत बृजेशपुरी नागा बाबा पंचदशनाम जूना अखाडा, अंकुर मिश्रा, पुनीत मिश्रा, गोपाल वाजपेई, विशाल, आशीष, विजय, अमन, विनोद सिंह, मनोज मिश्रा, संजय सिंह, भोला सिंह, पप्पू सिंह आदि रहे।

### रोजगार मेले में 68 बेरोजगारों को मिला रोजगार

**उन्नाव, अमृत विचार :** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा गुरुवार को आयोजित हुए रोजगार मेले में तीन कंपनियों ने 68 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। जिसमें लार्सन एंड टुब्रो नामक कंपनी द्वारा 19, सुपर हाउस द्वारा 20 व ब्राइट फ्यूचर द्वारा 27 अभ्यर्थियों को प्राथमिक रूप से चयनित किया गया।

### भगवान परशुराम की मूर्ति की हुई स्थापना

**फतेहपुर चौरासी, अमृत विचार :** विकासखंड फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के गांव हफीजाबाद में कल्याणी नदी के पास स्थित बलखंडेश्वर मंदिर परिसर में नवनिर्मित परशुराम मंदिर में बीती 1 जून से चल रहे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में गुरुवार को पांचवे दिन वेद मंत्रों के साथ भगवान परशुराम की मूर्ति की स्थापना की गई। प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराने का कार्य आचार्य प्रवीण दीक्षित एवं सहयोगी के द्वारा कराया गया। समाजसेवी डॉक्टर शशांक शेखर शुक्ला और उनकी पत्नी पूजा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के प्रमुख यजमान रहे। गुरुवार को मूर्ति की स्थापना के साथ ही बलखंडेश्वर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों कन्याओं व हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं समाजसेवी एवं पूर्व महाप्रबंधक जलकर विभाग राजीव बाजपेई व कांग्रेस नेत्री आरती बाजपेई द्वारा संगोष्ठी में आए क्षेत्र के प्रबुद्धजनों एवं भगवान परशुराम के मंदिर निर्माण में रहे सहयोगियों को मोमेंटो व अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री नकुल दुबे, कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष आरती बाजपेई, सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव, सीके त्रिपाठी, सफीपुर चेयरमेन सौरभ बाजपेई, आलोक त्रिपाठी आदि रहे।

### श्याम महोत्सव में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** पोनी रोड बिंदा नगर में बुधवार को खाटू श्याम नरेश का भव्य महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। आयोजक राजू सविता के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बाबा श्याम के दरबार को पुष्पों और दूधिया रोशनी से मनोहारी रूप में सजाया गया था। कार्यक्रम में कानपुर और लखनऊ से आए भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक श्याम भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

## युवती को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज (उन्नाव):** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पर उसी गांव की एक 18 वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगा है। पीड़िता के पिता ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि 3 जून को गांव का ही युवक मोहित गौतम उनकी बेटी को अपने साथ बहला-फुसलाकर ले गया। घटना के बाद से युवती घर नहीं लौटी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोहित गौतम के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

**तलाश गुमशुदा**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बेटा सामिर पुत्र मासूक अली बीती 24 मई को सुबह साढ़े 10 बजे घर से बिना किसी को कुछ बताए कहीं चला गया है। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला है। गुमशुदा सामिर का हुलिया इस प्रकार है। आयु करीब 16 वर्ष, रंग सांवला, कद करीब 5 फीट, काली टी-शर्ट व सफेद पैंट पहने है। यदि उक्त सामिर किसी सज्जन को कहीं दिखे तो कृपया इन नंबरों पर संपर्क करें। **मो. नं.-** 9129262768, 6394428813

**गुड्डी** पत्नी मासूक अली,
निवासी- गांव चन्दनखेड़ा मजरा उतमानपुर, फतेहपुर चौरासी।

## एक नजर

### फ्लिपकार्ट को रिजर्व बैंक से कर्ज देने का लाइसेंस मिला

**नई दिल्ली।** वालमार्ट समर्थित ई-कॉमर्स मंच फ्लिपकार्ट ने बताया कि उसे भारतीय रिजर्व बैंक से कर्ज देने का लाइसेंस मिल गया है। सूत्रों ने बताया कि इस कदम से फ्लिपकार्ट के लिए ग्राहकों को सीधे ऋण देने का रास्ता साफ हो सकता है। उन्होंने ऐसे विशिष्ट उदाहरणों का उल्लेख किया, जिनमें ग्राहक कई बार अपने द्वारा चुने गए उत्पादों के भुगतान के लिए ईएमआई मॉडल चुनते हैं।

### मई में 211 करोड़ से अधिक आधार प्रमाणीकरण लेनदेन

**नई दिल्ली।** आधार धारकों ने मई 2025 में 211 करोड़ से अधिक प्रमाणीकरण लेनदेन किए, जिससे ऐसे लेनदेन की स्थापना के बाद से अब कुल संख्या 15,223 करोड़ से अधिक हो गई है। इसके अतिरिक्त मई 2025 में 15 .49 करोड़ फेस प्रमाणीकरण लेनदेन दर्ज किए गए। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने इस संबंध आंकड़े जारी करते हुए कहा कि मई में आधार प्रमाणीकरण लेनदेन पिछले महीने की तुलना में अधिक हैं।

# रेपो दर में 0.25% कटौती की उम्मीद

## रियल एस्टेट कंपनियों ने कहा- इससे मकानों की मांग बढ़ने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले रियल एस्टेट कंपनियों ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती की उम्मीद जताई है। रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष निकाय क्रेडाई और नारेडको का कहना है कि भारतीय रिजर्व बैंक शुक्रवार को रेपो दर में कम से कम 0.25 प्रतिशत कटौती कर सकता है। उद्योग संगठनों ने कहा कि इससे मकानों की मांग बढ़ने के साथ क्षेत्र को गति मिलेगी।

आरबीआई की दर तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक चार जून को शुरू हुई। रियल एस्टेट संगठनों के शीर्ष निकाय क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा, "हम रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत की कटौती की उम्मीद कर रहे हैं। इससे आवास मांग में काफी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि कम से कम 0.25 प्रतिशत कटौती होनी चाहिए। पटेल ने कहा, पिछले तीन महीनों में आवास की मांग थोड़ी धीमी रही है। इसलिए, दर में कटौती से बिक्री में सुधार करने में काफी मदद मिलेगी।



● क्रेडाई और नारेडको का दावा- रेपो रेट घटने कई कई क्षेत्रों पर पड़ेगा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष प्रभाव

आरबीआई ने फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की है। नारेडको के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी हरि बाबू ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र हमेशा आरबीआई की मौद्रिक नीति पर कड़ी नजर रखता है, क्योंकि इसका आवास की मांग पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि रियल एस्टेट अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण चालक है, जिसका सीमेंट और इस्पात से लेकर फर्नीचर और साज-सज्जा तक 200 से अधिक क्षेत्रों से संबंध है।

हरिबाबू ने कहा, इसलिए रेपो दर में कटौती से न केवल आवास की मांग बढ़ेगी, बल्कि समग्र आर्थिक वृद्धि को भी बढ़ावा मिलेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होगा।" अंसल हाउसिंग के निदेशक कुशाग्र अंसल ने कहा, आवास कर्ज की ईएमआई पर ब्याज दर में कटौती का सीधा असर पड़ता है। अगर आरबीआई फिर से कटौती करता है तो मध्यम वर्ग के लिए घर खरीदना और आसान हो जाएगा।

### गवर्नर मल्होत्रा आग पेश करेंगे मौद्रिक नीति समीक्षा

**मुंबई।** आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा शुक्रवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्क लगाए जाने के कारण उत्पन्न व्यापार तनाव के बीच आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए लगातार तीसरी बार प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0 .25 प्रतिशत या इससे अधिक की कटौती की उम्मीद है। आरबीआई की दर तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति की तीन-दिवसीय बैठक चार जून को शुरू हुई थी। रिजर्व बैंक ने बृहस्पतिवार को बताया कि मल्होत्रा छह जून दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे मौद्रिक नीति की घोषणा करेंगे। अधिकांश विशेषज्ञों का मानना है कि आरबीआई इस बार भी रेपो में 0 .25 प्रतिशत कटौती करेगा। हालांकि, एसबीआई की शोध रिपोर्ट में 0 .50 प्रतिशत की बड़ी कटौती की बात कही गई है।

## दूसरे दिन भी सेंसेक्स 444 अंक ऊपर चढ़ा

**मुंबई।** विदेशी पूंजी के ताजा प्रवाह और मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच बृहस्पतिवार को आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी आने से स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में करीब 444 अंक और निफ्टी में 131 अंक की तेजी रही।

विश्लेषकों ने कहा कि रिजर्व बैंक की तरफ से नीतिगत ब्याज दर में एक और कटौती किए जाने की उम्मीद में निवेशकों की सकारात्मक धारणा ने भी बाजार को तेजी दी। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 443.79 अंक यानी 0.55 प्रतिशत चढ़कर 81,442.04 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 912.88 अंक बढ़कर 81,911.13 पर पहुंच गया था लेकिन मुनाफावसूली हावी होने से बढ़त सीमित हो गई।

# एआई इंजन 'नमस्ते' देगा होटल उद्योग की प्रामाणिक जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

होटल एवं आतिथ्य क्षेत्र के बारे में मनचाही जानकारी जुटाने के एक मंच के तौर पर कृत्रिम मेधा (एआई) पर आधारित सर्च इंजन 'नमस्ते' पेश किया गया है। इसकी मदद से कुछ सेकंड में ही आतिथ्य उद्योग से जुड़े किसी भी सवाल का जवाब जुटाया जा सकता है।

इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईआईएचएम) और कोलकाता स्थित वैश्विक गहन-प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता एन्टिओवी टेक्नोलॉजीज ने बुधवार को इसे राष्ट्रीय राजधानी में पेश किया। इसका उद्देश्य एआई का इस्तेमाल कर सीखने, निर्णय लेने और नवाचार को सशक्त बनाना है, ताकि आतिथ्य बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत हो।

आईआईएचएम के चेयरमैन सुबर्नो बोस ने इस बारे में कहा, यह आतिथ्य के बारे में सीख देने के तरीके और भविष्य में आतिथ्य व्यवसाय के संचालन के तरीके को बदलने जा रहा है। 'नमस्ते जीपीटी' छात्रों, शिक्षकों और आतिथ्य व्यवसाय चलाने वालों के लिए एक अविश्वसनीय सहायक साबित होगा। उन्होंने इसे आतिथ्य क्षेत्र का भविष्य बताते हुए कहा कि यह काम को अधिक कुशल, व्यवस्थित और सुगठित बना देगा। इसके अलावा यह मौजूदा समय में कार्यों पर खर्च किए जाने वाले समय को आधे से भी कम कर देगा।



● एडीबी ने किया 80 करोड़ डॉलर की मदद का अनुमोदन, भारत ने जताई दुरुपयोग की आशंका

# रेटिंग में सीमा पर तनाव का रखेंगे ख्याल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी रेटिंग एजेंसी मूडीज भारत की रेटिंग का मूल्यांकन करते समय भारत-पाकिस्तान के बीच हाल के संघर्ष पर भी विचार करेगी। एक सूत्र ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

रेटिंग एजेंसी के प्रतिनिधियों ने यहां वित्त मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाकात के दौरान यह बात कही। मूडीज ने इस समय भारत को स्थिर दृष्टिकोण के साथ 'बीएए-3' रेटिंग दी हुई है जो सबसे कम निवेश ग्रेड रेटिंग है। एक सूत्र ने कहा, "रेटिंग एजेंसी अपने सरकारी रेटिंग मूल्यांकन में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को भी ध्यान में रखेगी।" जम्मू कश्मीर के पहलगाम में भीषण आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान के नियंत्रण वाले इलाकों में मौजूद आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था।





● मूडीज ने वित्त मंत्रालय के अफसरों से मुलाकात के दौरान की घोषणा

मूडीज ने पिछले महीने कहा था कि दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने से भारत में कोई बड़ा आर्थिक गतिरोध नहीं आएगा। लेकिन यह पाकिस्तान के लिए एक झटका होगा क्योंकि इसका विदेशी मुद्रा भंडार दबाव में आ सकता है और वृद्धि को प्रभावित कर सकता है। मूडीज को इससे भारत की आर्थिक गतिविधि में बड़े व्यवधान की आशंका नहीं है क्योंकि इसके पाकिस्तान के साथ आर्थिक संबंध बहुत कम हैं। हालांकि, मूडीज ने पिछले महीने वर्ष 2025 के लिए भारत के जीडीपी वृद्धि अनुमानों को 6.5 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था।

## शुल्क पर स्थगित वार्ता के बीच ट्रंप ने की शी चिनफिंग से बात

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बृहस्पतिवार को बातचीत की। यह वार्ता ऐसे समय हुई है, जब दोनों देशों के बीच शुल्क वार्ता स्थगित होने से वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न हुई है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने बातचीत की पहल की। अमेरिका की तरफ से फिलहाल इस पर कोई टिप्पणी नहीं आई है। ट्रंप ने एक दिन पहले कहा था कि चिनफिंग के साथ किसी समझौते पर पहुंच पाना मुश्किल है। ट्रंप ने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था, मैं शी को हमेशा पसंद करता हूं, करता रहा हूं और करता करूंगा। लेकिन वह बहुत सख्त हैं और उनके साथ कोई समझौता कर पाना बेहद मुश्किल है। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता, 12 मई को दोनों देशों के बीच शुल्क दरों को कम करने के समझौते के तुरंत बाद कुछ समय के लिए रुक गई थी। हालांकि अन्य मुद्दों पर वार्ता जारी रही।

# भारत-किर्गिस्तान के बीच द्विपक्षीय संधि लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और किर्गिस्तान के विदेश मंत्री झीनबेक कुलुबाएव मोल्दोकनोविच ने बृहस्पतिवार को द्विपक्षीय निवेश संधि को लागू करने के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस संधि से भारत और किर्गिस्तान के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने और सीमापार निवेश को प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी।

भारत सरकार और किर्गिज गणराज्य की सरकार के बीच 14 जून, 2019 को बिश्केक में द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर हस्ताक्षर किए गए थे। अब यह संधि पांच जून, 2025 से प्रभावी हो गई है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नई निवेश संधि 12 मई, 2000 को लागू पिछले समझौते की जगह लेगी।



● नई संधि ने जून 2019 में बिश्केक में हुए बीआईटी की जगह ली

● टिकाऊ वृद्धि पर जोर, पसंदीदा राष्ट्र की पहचान हटाना प्रमुख विशेषता

मंत्रालय ने कहा, भारत-किर्गिज बीआईटी द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और सुरक्षित एवं पूर्वानुमानित निवेश परिवेश को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर है। बीआईटी का उद्देश्य दूसरे देश के क्षेत्र में किसी भी देश के निवेशकों के हितों को बढ़ावा देना और उनकी रक्षा करना है।

बीआईटी की कुछ विशेषताओं में टिकाऊ वृद्धि पर जोर देना और सबसे पसंदीदा राष्ट्र की पहचान हटाना शामिल है। द्विपक्षीय निवेश संधि में कुछ अपवाद भी हैं। इसका मतलब है कि सरकारें कुछ मामलों में अपनी नीतियों को लागू करने के लिए स्वतंत्र रहेंगी। इनमें पर्यावरण, लोगों का स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, सार्वजनिक नैतिकता और व्यवस्था बनाए रखने जैसे अपवाद शामिल हैं। इसके अलावा निवेशकों और सरकार के बीच कोई विवाद होने पर पहले स्थानीय स्तर पर मामले को सुलझाने की कोशिश की जाएगी।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### आईबीसीए प्रमुख को क्रिस्टल कॉम्पस अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' (आईबीसीए) के महानिदेशक एसपी यादव को भारत में 'बंगाल टाइगर' की आबादी को विलुप्ति के कगार से बचाने में उत्कृष्ट योगदान पर 'क्रिस्टल कॉम्पस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार को 'भूगोल का ऑस्कर' कहा जाता है जिसे 2012 में रूसी भूगोल सोसायटी ने स्थापित किया था। यादव को यह पुरस्कार 29 मई को 'मास्को इंटरनेशनल हाउस ऑफ म्यूजिक' में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

### 21वीं मंजिल से कूदकर महिला ने की आत्महत्या

**पुणे।** पुणे में एक आवासीय इमारत की 21वीं मंजिल से कूदकर 25 वर्षीया महिला आईटी पेशेवर ने आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने बताया कि अभिलाषा भाऊसाहेब कोथिंभिरे ने 31 मई को हिंजवडी इलाके में आत्महत्या कर ली। बुधवार तड़के करीब 4 :30 बजे महिला दोपहिया वाहन से क्राउन ग्रीन सोसाइटी पहुंची, इसके बाद वह 21वीं मंजिल पर अपने दोस्त के घर गई और वहां से छलांग लगा दी। महिला ने एक सुसाइड नोट छोड़ा, जिसमें लिखा है, मेरी जीने की इच्छा खत्म हो चुकी है। मैं अब नहीं जीना चाहती।

### कोरोना संक्रमण से सात और मरीजों की मौत

**नई दिल्ली।** देशभर में कोराना संक्रमण धीरे-धीरे बढ़ रहा है। कुल सक्रिय मामलों की संख्या गुरुवार सुबह बढ़कर 4866 पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से सात और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 51 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार एक जनवरी से अब तक 51 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1245 मामले सामने आये हैं। जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं।

### स्कूल में बाउंसर रखने पर हाईकोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बृहस्पतिवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वारका को शुल्क विवाद के कारण अपने परिसर में छात्रों के प्रवेश को रोकने के लिए बाउंसर का इस्तेमाल करने के लिए फटकार लगाई। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि शिक्षण संस्थान में इस तरह की प्रथा का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि वित्तीय चूक के कारण किसी छात्र को सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा करना और डराना न केवल मानसिक उत्पीड़न है, बल्कि इससे बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य और आत्मसम्मान को भी ठेस पहुंचती है।

# हाईकोर्ट कराए भगदड़ की जांच: भाजपा

## कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- आरसीबी की विक्ट्री परेड में हादसे के लिए सरकार जिम्मेदार

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भाजपा ने गुरुवार को आईपीएल विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न से पहले एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ की घटना की मौजूदा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से न्यायिक जांच करवाने और प्रत्येक मृतक के परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने भगदड़ के लिए कांग्रेस शासित कर्नाटक सरकार को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा कि यह घटना शासन की आपराधिक विफलता दर्शाती है। विजयेंद्र ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर घोर लापरवाही के ज़रिए जश्न को तबाही में बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, यह कोई दुर्घटना नहीं थी, इसे टाला जा सकता था और ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि राज्य सरकार अपने लोगों की सुरक्षा करने के अपने मौलिक कर्तव्य में विफल रही। जब दो लाख से ज्यादा प्रशंसक जमा हुए थे, तब भीड़ को नियंत्रित करने, पुलिस की कोई तैयारी नहीं थी और कोई सुरक्षा प्रोटोकॉल भी नहीं था।



● भीड़ नियंत्रित करने को नहीं थी कोई तैयारी, मृतकों के परिवार को 50 लाख रुपये दे सरकार

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि जब स्टेडियम में अराजकता फैली हुई थी, तब मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, उनके डिप्टी डीके शिवकुमार और अन्य कैबिनेट सहयोगी विधान सौध के पास आईपीएल खिलाड़ियों के साथ सेल्फी लेने में व्यस्त थे। उन्होंने कहा, ऐसे समय में जब मौतों की खबरें पहले से ही आ रही थीं, मंत्री फोटो सेशन में व्यस्त थे। यह असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा है।

मुख्यमंत्री के इस बयान पर गंभीर आपत्ति जताते हुए कि यह त्रासदी स्टेडियम में हुई थी, न कि सरकार की सीट के पास विजयेंद्र ने कहा, यह जिम्मेदारी से बचने का प्रयास है। जब लाखों लोग जश्न एकत्र हुए, तो पुलिस को विधान सौध के आसपास वीआईपी क्षेत्र की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। राज्य जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहा।

### सरकार शोक में, भाजपा कर रही राजनीति: डीके

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने जश्न के दौरान हुई भगदड़ की घटना को व्यक्तिगत- पारिवारिक त्रासदी' बताते हुए कहा कि इस घटना से राज्य सरकार गहरे सदमे और दुख में है। किसी ने भी इतनी भारी भीड़ की उम्मीद नहीं की थी। उन्होंने कहा, भाजपा और जद-एस हमेशा राजनीति करते हैं। शिवकुमार ने कहा, हमारे मुख्यमंत्री सदमे में हैं। गृह मंत्री सदमे में हैं। पूरी सरकार शोक में है। कुछ मिनट पहले मैं रो रहा था। ये हमारे लोग थे। नुकसान हमारा है। कर्नाटक और बेंगलुरु की छवि को नुकसान पहुंचा है। परिवारों को नुकसान उठाना पड़ा है। सरकार इस दुर्घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेती है और वह इस चूक की पूरी जांच करेगी।

### रेलयात्रियों की आधार आईडी का सीआरआईएस करेंगे

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (सीआरआईएस) को यात्री की पहचान स्थापित करने के लिए उसके आधार आईडी को सत्यापित करने के लिए अधिकृत किया है। 27 मई को जारी गजट अधिसूचना में कहा गया है, रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड, अधिसूचित करता है कि सीआरआईएस को हां/नहीं या ईकेवाईसी प्रमाणीकरण सुविधा का उपयोग करके टिकट जांच कर्मचारियों, चालक दल के सदस्यों और यात्रियों की पहचान स्थापित करने के लिए स्वैच्छिक आधार पर आधार सत्यापन की अनुमति दी जाती है। इसके एक सप्ताह बाद, चार जून 2025 को, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट किया, "भारतीय रेलवे जल्द ही तत्काल टिकट बुक करने के लिए ई-आधार सत्यापन का उपयोग करना शुरू करेगा।

# उत्तरी सिक्किम में फंसे 59 पर्यटकों को किया एयरलिफ्ट

**गंगटोक, एजेंसी**

● मौसम साफ होने के बाद फिर शुरू किया गया बचाव अभियान

मौसम साफ होने के बाद फिर शुरू किए गए बचाव अभियान के तहत अत्यधिक बारिश से प्रभावित उत्तरी सिक्किम से 59 पर्यटकों को बृहस्पतिवार सुबह गंगटोक वापस लाया गया। ये लाचुंग में करीब एक सप्ताह से फंसे तकरीबन 109 पर्यटकों में शामिल थे।

मौसम साफ होने के बाद सुबह गंगटोक के पास पाकयोंग हवाई अड्डे से दो एमआई-17वी5 हेलीकॉप्टर उत्तरी सिक्किम के चातेन रवाना हुए। अधिकारियों ने बताया कि एक हेलीकॉप्टर से 39 पर्यटक लौटे, दूसरे हेलीकॉप्टर से 20 को लाया गया। इनमें दो विदेशी शामिल हैं। सिक्किम राष्ट्रीयकृत परिवहन ने इन पर्यटकों को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी पहुंचाने के लिए बसें तैनात की हैं। जो लोग हवाई मार्ग से सिलीगुड़ी के निकट बागडोगरा जाना चाहते हैं, उनके लिए पाकयोंग हवाई अड्डे पर अतिरिक्त हेलीकॉप्टर रखा गया है। दो हेलीकॉप्टर एनडीआरएफ और बिजली कर्मियों तथा एयरटेल के इंजीनियरों के साथ रवाना हुए। बिजली महकमे और एयरटेल के इंजीनियर आवश्यक सेवाओं को बहाल करने के लिए वर्षा प्रभावित क्षेत्र में काम करेंगे।

### नए सीमा प्रहरी



देश की सेना को बृहस्पतिवार को सीमाओं की रक्षा के लिए अग्निवीरों का नया बैच मिला। श्रीनगर के जेएकेएलआई रेजिमेंटल सेंटर में गुरुवार को हुई पासिंग आउट परेड में शामिल अग्निवीर। एजेंसी

## सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में माओवादियों का नेता ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 40 लाख रुपये के इनामी माओवादी नेता नरसिंह चालम उर्फ सुधाकर को मार गिराया है। पिछले महीने बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू को मार गिराए जाने के बाद इस कार्रवाई से माओवादियों को एक और बड़ा झटका लगा है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में उस समय गोलीबारी हुई जब सुरक्षाबलों का एक संयुक्त दल नक्सलियों के वरिष्ठ कैडरों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिलने के आधार पर नक्सल विरोधी अभियान पर निकला था।

## निर्वाचन आयोग की नई प्रणाली के जरिए तेज होगी चुनाव बाद आंकड़ों की रिपोर्टिंग

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने चुनाव के बाद विभिन्न सांख्यिकीय रिपोर्ट तैयार करने के लिए अपनी प्रणाली को एक उन्नत तंत्र के जरिए सुव्यवस्थित किया है, जो पहले की उस व्यवस्था की जगह लेगा जिसमें ज्यादा समय लगता है।

आयोग का कहना है कि स्वचालन और डेटा एकीकरण का लाभ उठाते हुए नई प्रणाली तेजी से रिपोर्टिंग सुनिश्चित करती है। 'इंडेक्स कार्ड' एक गैर-वैधानिक, चुनाव के बाद का सांख्यिकीय रिपोर्टिंग प्रारूप है जिसे चुनाव संबंधी डेटा हासिल करने के लिए विकसित किया गया है। इसे कई आयामों में डेटा का प्रसार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, मसलन, उम्मीदवार, मतदाता, डाले गए वोट, गिने गए वोट, पार्टी-वार और उम्मीदवार-वार मत प्रतिशत, लिंग-आधारित मतदान रुझान, क्षेत्रीय विविधताएं और राजनीतिक दलों का प्रदर्शन।

# सुप्रीम निर्देश: जल्द निपटाए जाएं मकान मालिक और किराएदारों के विवाद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए संपत्ति मालिकों-किराएदारों के बीच विवाद में फैसला होने में देरी पर चिंता जताई है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बंबई हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से वहां लंबित ऐसे मामलों की समीक्षा करने का अनुरोध किया है।

सुप्रीम कोर्ट प्रति वर्ग फुट दर पर विवाद से संबंधित हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध अपीलों पर सुनवाई कर रहा। यह मामला हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड द्वारा मुंबई स्थित हरचंद्राय हाउस को किराए पर लेने से संबंधित है। पीठ ने कहा कि कुछ मामलों में वादियों को विवादों के निपटारे के लिए वर्षों इंतजार करना पड़ता है। जब मकान मालिक-किराएदार विवाद की बात आती है तो एक पक्ष के संपत्ति के लाभ से वंचित होने और दूसरे पक्ष के ऐसी संपत्ति के स्वामित्व से प्राप्त होने वाले मौद्रिक लाभ से वंचित होने का पहलू भी शामिल होता है। अदालतों का कर्तव्य है कि सुनिश्चित करें कि उनके कारण किसी भी पक्ष को परेशानी न हो।

● शीर्ष कोर्ट ने कहा- विवादों में देरी से दोनों पक्षों को होता है नुकसान

अदालत ने कहा कि ऐसे विवादों में देरी से दोनों पक्षों को खामियाजा भुगतना पड़ता है। कुछ मामलों में मकान मालिक को संपत्ति नहीं मिलने के कारण नुकसान उठाना पड़ता है, या उससे मिलने वाली मौद्रिक राशि नहीं मिल पाती है। किरायेदार को यह नुकसान होता है कि अंतिम निर्णय आने पर उसे थोड़े समय में बड़ी रकम चुकाने का निर्देश दिया जाता है।

## पीएम मोदी की यात्रा से पहले जम्मू-कश्मीर में कड़ी सुरक्षा

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर यात्रा के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री कश्मीर रेल लिंक का उद्घाटन करेंगे और कटरा में 46,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर पूरे जम्मू-कश्मीर में उच्च सुरक्षा अलर्ट जारी कर दिया गया है और पुलिस, अर्द्धसैनिक बलों, सेना और खुफिया एजेंसियों के अधिकारी व्यक्तिगत रूप से स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि आयोजन स्थलों के आसपास भारी सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं और कड़ी निगरानी के लिए ड्रोन समेत नवीनतम उपकरण तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि घुसपैठ और राष्ट्रविरोधी तथा विध्वंसक तत्वों की आवाजाही रोकने के लिए सीमाओं और अंदरूनी इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है।

# संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को दोहरी जिम्मेदारी मिलने पर भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र में दो जिम्मेदारियां मिलना भारतीय विदेश नीति के पतन की दुखद दास्तां है। वैश्विक समुदाय पाकिस्तान की ओर से आतंकवाद के प्रायोजन को लगातार वैध ठहराना कैसे जारी रख सकता है।


पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद तालिबान प्रतिबंध समिति के अध्यक्ष और यूएनएससी आतंकवाद विरोधी समिति के उप प्रमुख की जिम्मेदारी मिली है। कांग्रेस के मीडिया विभागके प्रमुख पवन खेड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 9 मई को आईएमएफ ने पाकिस्तान को एक अरब डॉलर दिए। ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद विश्व बैंक ने 40 अरब डॉलर देने का फैसला किया। 3 जून को एडीबी ने 80 करोड़ डॉलर दिए। उन्होंने कहा कि अब 4 जून को पाकिस्तान को यूएनएससी तालिबान प्रतिबंध समिति के अध्यक्ष और यूएनएससी आतंकवाद विरोधी समिति के उप प्रमुख के रूप में चुना गया। उन्होंने कहा, बेशक, यह हमारी अपनी विदेश नीति के पतन की दुखद दास्तां है लेकिन वैश्विक समुदाय पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद के प्रायोजन को लगातार वैध ठहराने की अनुमति कैसे दे सकता है।

● पवन खेड़ा ने कहा- ये हमारी विदेश नीति के पतन की दुखद दास्तां



# दूसरे चार दिवसीय मैच में नजरें केएल राहुल पर

नॉर्थम्पटन, एजेंसी



इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शृंखला से पहले केएल राहुल की नजरें लाल गेंद के प्रारूप में अभ्यास पर होंगी जब भारत ए टीम शुक्रवार से इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरा और आखिरी अनधिकृत टेस्ट खेलने उतरेगी। भारत के अधिकांश हिस्सों में मानसून होने के कारण राहुल ने टेस्ट टीम से पहले अभ्यास के लिये ब्रिटेन पहुंचने का फैसला किया। पहला टेस्ट 20 जून से शुरू होगा।

शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम शुक्रवार को मुंबई से रवाना होगी। इंग्लैंड में दो शतक लगा चुके राहुल भारतीय टेस्ट टीम के सबसे सीनियर सदस्य हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से विदा ले चुके हैं। राहुल ने 58 टेस्ट में 33 . 57 की औसत से रन बनाये हैं लेकिन उन्हें अधिकांश सफलता शीर्ष क्रम में मिली है। अब देखना है कि वह इसी क्रम पर उतरते हैं या इसमें बदलाव किया जाता है। गिल और साइ सुदर्शन को भी दूसरा चार दिवसीय मैच खेलना था लेकिन आईपीएल के कारण नहीं खेल सके। दोनों को लीड्स पर होने वाले पहले टेस्ट से पूर्व सिर्फ टीम के भीतर अभ्यास मैच खेलने का मौका मिल सकेगा। टेस्ट टीम के सदस्यों में से छह ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहला मैच खेला जो ड्रॉ रहा। तेज गेंदबाज आकाश दीप दूसरे मैच में खेलेंगे। यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन और करूण नायर ने पहले मैच में रन बनाये थे। ऐसी संभावना है कि रूतुराज गायकवाड़ और ईशान किशन को इस मैच में मौका दिया जाये। तेज गेंदबाज हरफनमौला के लिये शार्दुल ठाकुर और नीतिश रेड्डी में से एक का चयन होगा। दोनों ने कैंटरबरी में पहला मैच खेला लेकिन ठाकुर ने रेड्डी से ज्यादा गेंदबाजी की। फिटनेस कारणों से रेड्डी आईपीएल में भी ज्यादा नहीं खेल सके थे। अगर एक बार फिर सपाट पिच मिलती है तो राहुल एंड कंपनी के लिये तैयारियों के लिहाज से यह अच्छा नहीं होगा। इंग्लैंड लायंस के लिये तेज गेंदबाज जोश टंग और क्रिस वोक्स प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे जिन्हें पहले टेस्ट के लिये इंग्लैंड टीम में जगह दी गई है। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर का चोट के कारण भारत के खिलाफ खेलना संदिग्ध है। गुस एटकिंसन भी पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं ।

### भारत ए से इंग्लैंड लायंस का आखिरी टेस्ट मैच

**भारत ए :** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करूण नायर, ध्रुव जुरेल, नीतिश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन, मानव सुतार, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कम्बोज, खलील अहमद, रूतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे।

**इंग्लैंड लायंस :** जेम्स रियू (कप्तान), फरहान अहमद, जोर्डन कॉक्स, रिकी फ्लिंटॉफ, एमिलियो गे, टॉम हैंस, जॉर्ज हिल, मैक्स होल्डन, बेन मैकिनी, एडी जैक, अजीत सिंह डेल, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

**मैच दोपहर 3 . 30 बजे से**

### भारत-इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला, पहला मैच 20 जून से होगा शुरू

# पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में वोक्स

लंदन, एजेंसी

तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स को लीड्स में भारत में खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पांच टेस्ट की शृंखला के पहले मैच के लिए गुरुवार को इंग्लैंड की 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। अब तक 57 टेस्ट में 181 विकेट लेने के अलावा 1970 रन बनाने वाले 36 साल के वोक्स ने 2018 में हुई श्रृंखला के दौरान लाड्र्स टेस्ट में भारत पर इंग्लैंड की बड़ी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

वोक्स ने उस मैच में नाबाद 137 रन बनाने के अलावा 4 विकेट चटकाए, जिससे इंग्लैंड ने पारी और 159 रन से जीत दर्ज की। वोक्स के अलावा तेज गेंदबाज जोश टंग को इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने 20 जून से शुरू हो रहे टेस्ट से पूर्व तैयारी करने को कहा है। इसलिए ये दोनों खिलाड़ी नॉर्थम्पटन में शुक्रवार से भारत ए के खिलाफ शुरू हो रहे इंग्लैंड लॉयन्स के दूसरे अनौपचारिक



टेस्ट में खेलेंगे। जून 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट पदार्पण करने के बाद जेमी ओवरटन को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उन्हें हालांकि बर्मिंघम में वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 मई को पहले वनडे अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान दाएं हाथ की छोटी अंगुली में चोट लगी थी। ईसीबी ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि हाल में संपन्न आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स से खेलने वाले 31 साल के ओवरटन की चोट की इंग्लैंड की चिकित्सा टीम रोजाना आकलन और समीक्षा करेगी।

इग्लैंड की टीम की कमान बेन स्टोक्स के हाथों में होगी। टीम में शोएब बशीर के रूप में एकमात्र स्पिनर है। आईपीएल चैंपियन आरसीबी से खेलने वाले युवा बल्लेबाज जैकब बेथेल और तेज गेंदबाज सैम कुक, तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्स और वारविकशर के जैकब बेथेल और क्रिस वोक्स भी टीम में है।

### भारत की कप्तानी करेंगे गिल

भारत अपना इंग्लैंड दौरा 20–24 जून तक हेडिंग्ले में होने वाले पहले टेस्ट से शुरू करेगा जबकि दूसरा टेस्ट 2–6 जुलाई तक एजबेस्टन में, तीसरा टेस्ट 10–14 जुलाई तक लॉड्र्स में, चौथा 23–27 जुलाई ओल्ड ट्रैफर्ड में और पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से 4 अगस्त तक ओवल में होगा। बदलाव से गुजर रहे भारत की कप्तानी शुभमन गिल करेंगे क्योंकि टीम रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना खेल रही है, जिन्होंने मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था। स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पिछले साल टेस्ट को अलविदा कह दिया था। मोहम्मद शमी को इस दौरे में नहीं हैं।

## खेल डायरी

### दिल्ली जीएम ओपन शतरंज में 1.21 करोड़ की पुरस्कार राशि

**नई दिल्ली।** दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज प्रतियोगिता के 21वें सत्र का आयोजन सात से 14 जून तक होगा जिसमें 15 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 1 .21 करोड़ रुपये होगी। दिल्ली शतरंज संघ (डीसीए) द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में तीन रेटिंग आधारित वर्गों में 20 ग्रैंडमास्टर हिस्सा लेंगे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के तत्वावधान में आयोजित दिल्ली जीएम ओपन क्लासिकल प्रारूप में एशिया का सबसे बड़ा शतरंज आयोजन है। दिल्ली शतरंज संघ (डीसीए) के अध्यक्ष भरत सिंह चौहान ने कहा, दिल्ली जीएम ओपन ने पिछले दो दशक से भारतीय शतरंज की नींव को मजबूत करने में मदद की है।

### शीर्ष स्कोर के साथ महिला स्कीट पहले पायदान पर पहुंची

**भोपाल।** पंजाब की गनीमत सेखों ने शॉटगन राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन (टी3) के क्वालिफिकेशन में 116 का शीर्ष स्कोर बनाकर महिला स्कीट में भारत की रैंकिंग में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया। भोपाल स्थित मध्यप्रदेश राज्य अकादमी निशानेबाजी परिसर में बुधवार को आयोजित प्रतियोगिता में उनके राज्य के ही अभय सिंह सेखों ने पुरुषों की टी3 प्रतियोगिता में क्वालिफिकेशन में 120 का शीर्ष स्कोर बनाकर पुरुषों की स्कीट रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया। दोनों निशानेबाज हालांकि फाइनल में चौथे स्थान पर रहे। गनीमत 60 निशाने की निर्णायक श्रृंखला में 40वें निशाने के बाद बाहर हो गईं और उन्होंने कुल 32 सही निशाने लगाये। अभय ने फाइनल में 35 सटीक निशाने लगाये। ओलंपियन अनंतजीत सिंह नरुका ने शानदार प्रदर्शन के साथ पुरुष वर्ग का खिताब जीता।

### मैच फिक्सिंग में श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सेनानायके दोषी

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व आफ स्पिनर सचित्र सेनानायके को हम्बनटोटा उच्च न्यायालय ने लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के दौरान साथी खिलाड़ी को मैच फिक्सिंग के लिये ललचाने का दोषी पाया है। अटार्नी जनरल के विभाग ने कहा कि देश में हाल ही में शुरू किये गए भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत राष्ट्रीय स्तर के किसी खिलाड़ी को पहली बार मैच फिक्सिंग का दोषी पाया गया है। उन्हें 2023 में गिरफ्तार करके जमानत पर छोड़ दिया गया था। 40 वर्ष के सेनानायके ने 2012 से 2016 के बीच श्रीलंका के लिये एक टेस्ट, 49 वनडे और 24 टी20 मैच खेलकर 78 विकेट लिये हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कोलंबो किंग्स के लिये खेल रहे थारिंडु रत्नायके को फिक्सिंग की पेशकश की थी।

### भारतीय तीरंदाज अंताल्या विश्व कप से खाली हाथ लौटे

**अंताल्या (तुर्किये)।** भारतीय तीरंदाज पिछले विश्व कप की अपनी सफलता को दोहराने में विफल रहे और गुरुवार को तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कंपाउंड और रिकर्व दोनों वर्गों में टीम स्पर्धाओं से खाली हाथ लौटे। पिछले महीने शंघाई में दूसरे चरण में स्वर्ण (पुरुष) और रजत (महिला) जीतने वाली कंपाउंड टीमें इस बार पदक की दौड़ में पिछड़ गईं। ऋषभ यादव, कई विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता अभिषेक वर्मा और मौजूदा विश्व चैंपियन ओजस देवताले की भारतीय कंपाउंड टीम को शुरुआती दौर में चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम को रोमांचक मुकाबले में निचली रैंकिंग वाली चीनी ताइपे ने मात्र एक अंक से 242–241 हराया। मधुरा धमनगांवकर, ज्योति सुरेखा वेन्नम और चिकिथ तनमपर्थी की महिला कंपाउंड टीम भी कांस्य पदक मैच में हार गयी।

### अगले ओलंपिक में मेरा निशाना शीर्ष पायदान पर: कुसाले

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं। कुसाले पेरिस में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में ओलंपिक पदक जीतने वाले देश के पहले निशानेबाज बने थे। 2021–22 विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले कुसाले अब तक की सफलता से संतुष्ट नहीं हैं और बड़े पदक चाहते हैं। उन्होंने कहा, मेरा बड़ा लक्ष्य अगला ओलंपिक है।

# सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में

## इंडोनेशिया ओपन : पीवी सिंधू महिला एकल के दूसरे दौर में हारकर हुईं बाहर

जकार्ता, एजेंसी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने गुरुवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू महिला एकल के दूसरे दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

2023 के चैंपियन सात्विक और चिराग ने रासमुस गेम्के और फ्रेड्रिक सोगार्ड की डेनमार्क की जोड़ी को 68 मिनट में 16-21, 21-18, 22-20 से हराया। पिछले हफ्ते सिंगापुर ओपन सुपर 750 के सेमीफाइनल में पहुंचे सात्विक और चिराग के रूप में प्रतियोगिता में अब भारत की एकमात्र चुनौती बची है। सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी अगले दौर में मैन वेई चोंग और काई वुन टी की मलेशिया की सातवीं वरीय जोड़ी से भिड़ेगी।

सात्विक ने कहा कि आज के दिन ऐसा लगा जैसे हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि यह रणनीति गलत होने के बारे में नहीं था, हम बस अंक गंवा रहे थे। हमने लगभग 15 से 20 अंक अपनी गलतियों से गवांए। वे अंक नहीं जीते - हमने



उन्हें सौंप दिए। सात्विक ने कहा कि पहले गेम में स्कोर 15-15 था और फिर अचानक यह 21-15 पर आ गया। मुझे लगा कि हम पर्याप्त रूप से एकाग्र नहीं थे। लेकिन फिर भी हमें भरोसा कायम रखा और एक समय में एक अंक लेते रहे।

इससे पहले निर्णायक गेम में हार के साथ सिंधू को आठवें नंबर की खिलाड़ी थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। निर्णायक गेम में एक समय 15-11 से आगे चल रहीं सिंधू को मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम के लिए यह निराशाजनक दिन रहा जब सतीश करुणाकरन और आद्या वरियथ की मिश्रित युगल जोड़ी के अलावा गायत्री गोपीचंद और त्रीशा जॉली की महिला युगल जोड़ी भी हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। सतीश और आद्या को देचापोल पुआवारानुक्रो और सुपिसारा पेइवसाम्प्रान की थाईलैंड की छठी वरीय जोड़ी के खिलाफ सिर्फ 25 मिनट में 7-21, 12-21 से हार झेलनी पड़ी। गायत्री और त्रीशा को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद युकी फुकुशिमा और मायु मात्सुमोतो की जापान की जोड़ी के खिलाफ 46 मिनट में 13-21, 22-24 से शिकस्त मिली।

### मैं अपने प्रदर्शन से काफी खुश हूं: सिंधू



सिंधू ने कहा कि मुझे लगता है कि मुझे इसे जीत में बदलना चाहिए था। मैं तीसरे गेम में 16–13 से आगे थी लेकिन मुझे लगता है कि वहां से भी खेल थोड़ा तेज था इसलिए मुझे और अधिक नियंत्रण बनाना पड़ा। वहां से उसने बढ़त बना ली और मुझे लगता है कि मैंने स्कोर 18–18 से बराबर कर दिया। उस समय कोई भी जीत सकता था। लेकिन कुल मिलाकर मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। अगर मैं आज इसे जीत में बदल पाती तो यह अच्छा होता। हां, इस मैच और इस टूर्नामेंट से बहुत कुछ सीखने को मिला, सिंधू ने पहले गेम में 10–16 से पिछड़ने के बावजूद इसे जीता, लेकिन दूसरा गेम गंवा दिया। निर्णायक गेम में भी भारतीय खिलाड़ी 15–11 से आगे थी लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार गलतियां की जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा। चोचुवोंग ने इसका फायदा उठाया और लगातार पांच अंक के साथ मुकाबले में अपनी पकड़ मजबूत की और फिर मैच जीत लिया।

# कीस को हराकर गाफ सेमीफाइनल में पहुंची



**फ्रेंच ओपन**

- वाइल्ड कार्डधारी बोइसों से होगा सामना, पुरुष वर्ग में जोकोविच और सिनेर भी सेमीफाइनल में पहुंचे

पेरिस, एजेंसी

दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गाफ ने अमेरिका की ही मेडिसन कीस को 6-7, 6-4, 6-1 से हराकर फ्रेंच ओपन महिला युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी लोइ बोइसों से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त मिर्रा आंद्रीवा को 7-6, 6-3 से हराया।

बाईस वर्ष की बोइसों 1989 के बाद अपने पदार्पण ग्रैंडस्लैम में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई। उस समय मोनिका सेलेस और जेनिफर कैप्रियाती ने यह कमाल किया था। वह 1999 विम्बलडन में एमेली मोरेस्मो के बाद ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचने वाली सबसे युवा फ्रेंच खिलाड़ी हैं।

पुरुष वर्ग में नोवाक जोकोविच और नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनेर का सामना सेमीफाइनल में होगा। जोकोविच ने तीसरी रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 4-6, 6-3, 6-2, 6-4 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। वहीं सिनेर ने गैर वरीय अलेक्जेंडर बुबलिक को 6-1, 7-5, 6-0 से हराया।

# अगले आईपीएल में करूंगा दोगुना बेहतर प्रदर्शन : वैभव

मुंबई, एजेंसी

अपने पदार्पण सत्र में अमिट छाप छोड़ने वाले 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का कहना है कि वह अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी टीम राजस्थान रॉयल्स के लिए दोगुना बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। सूर्यवंशी ने अप्रैल में जयपुर में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 38 गेंद में सात चौकों और 11 छक्कों से 101 रन की पारी के दौरान किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज शतक (35 गेंद में) का रिकॉर्ड बनाया था।

इस तूफानी पारी के दौरान सूर्यवंशी आईपीएल में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम करने के अलावा 14 साल और 32 दिन की उम्र में पुरुष टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। आईपीएल की आधिकारिक वेबसाइट द्वारा साझा किए वीडियो में सूर्यवंशी ने कहा कि आईपीएल में खेलना हर किसी के लिए सपने जैसा है और मुझे पहले सत्र से बहुत सारी सकारात्मक चीजें मिलीं और मैंने यह भी सीखा कि मैं अगले सत्र में टीम के लिए क्या कर सकता हूं। रॉयल्स के निराशाजनक अभियान के बावजूद बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी ने व्यक्तिगत मोर्चे पर सफलता का स्वाद चखा जब मंगलवार को फाइनल के समापन के बाद उन्हें आईपीएल सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन का पुरस्कार दिया गया।

सूर्यवंशी ने कहा कि अगले साल मैं उन क्षेत्रों पर काम करूंगा जहां मैंने गलतियां कीं और टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। पहले सत्र से मिली सीख के बारे में सूर्यवंशी ने कहा, मेरी सीख यह है कि मुझे अपने प्रदर्शन से दोगुना बेहतर प्रदर्शन करना होगा, जिससे कि मेरी टीम भी अगले साल फाइनल में खेल सके और मैं इस पर ध्यान केंद्रित करूंगा कि अगले साल मैं टीम के लिए कितना योगदान दे



सकता हूं। सूर्यवंशी के प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें मुंबई के आयुष म्हात्रे के साथ इंग्लैंड के कई प्रारूप के दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम में भी चुना गया। म्हात्रे ने आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए सफल पदार्पण किया। सूर्यवंशी ने कहा कि यह नई प्रतियोगिता है। मैं पहली बार ब्रिटेन जा रहा हूं इसलिए यह एक नया अनुभव होगा। मैं अनुभव करूंगा कि वहां खेल कैसे चलता है।

### पाटीदार के भीतर सफलता के लिए ज्वालामुखी : खुरासिया

**नई दिल्ली।** आरसीबी को आईपीएल में पहली बार खिताब दिलाने वाले कप्तान रजत पाटीदार की तारीफ करते हुए जूनियर दिनों के उनके कोच अमय खुरासिया ने कहा कि संकल्प को पूरा करने की उनकी मजबूत इच्छाशक्ति उन्हें खास बनाती है। भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी खुरासिया लंबे समय तक इंदौर में मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एपीसीए) के अकादमी के मुख्य कोच रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में पाटीदार ने अपनी बल्लेबाजी और नेतृत्व कौशल में काफी सुधार किया है। खुरासिया ने पाटीदार को मजबूत इच्छाशक्ति वाली खिलाड़ी करार देते हुए कहा कि वह बाहर से बेहद सौम्य और शांत दिखते है लेकिन उनके अंदर सफलता के लिए ज्वालामुखी जैसी आग है।

# डब्ल्यूपीएल, प्रदेश लीग से भी मिल सकता है राजस्व : मंधाना

नई दिल्ली, एजेंसी

अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का मानना है कि डब्ल्यूपीएल और विभिन्न प्रादेशिक लीग ने साबित कर दिया है कि देश में महिला क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है और आर्थिक रूप से मजबूत भी।

मंधाना पहली महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में रत्नागिरी जेट्स की कप्तान होंगी। उन्होंने टीम द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा कि महिला क्रिकेट को इस तरह का मंच मिलना अद्भुत है। प्रदेश संघों और डब्ल्यूपीएल ने भी इसमें काफी मदद की है। इससे साबित होता है कि महिला क्रिकेट राजस्व बना सकता है जो बहुत अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि लोग अब महिला क्रिकेट में पैसे लगाने को तैयार हैं। खेल जितना पेशेवर होगा, उतना ही बेहतर होगा खासकर जमीनी स्तर के



क्रिकेटरों के लिए। भारत में इस समय महिला क्रिकेट में निवेश आ रहा है जिससे खिलाड़ी को निखरने में मदद मिल रही है। हमारे कैरियर में हमें काफी देर से फिटनेस और इन चीजों के महत्व के बारे में पता चला था। उन्होंने कहा, लेकिन मुझे यकीन है कि क्लब और बाकी पहल से इन खिलाड़ियों को इसकी बेहतर जानकारी होगी और वे अच्छी तैयारी से आएंगे।

### कोहली ने मानसिक अस्पष्टता से टेस्ट को अलविदा कहा: ग्रेग

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल का मानना है कि विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला उनके कौशल में गिरावट से नहीं बल्कि कुछ वर्षों में खेल के कारण उन पर पड़े असर की वजह से है। चैपल ने कहा कि कोहली ने उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए आवश्यक मानसिक स्पष्टता की कमी से संन्यास लिया



है। चैपल ने ईएसपीएनक्रिकइंफो पर लिखा, उनका फैसला कौशल में कमी की वजह से नहीं बल्कि इस बढ़ते एहसास की वजह से था कि अब वह उस मानसिक स्पष्टता को हासिल नहीं कर सकते, जिसने उन्हें इतना मजबूत बनाया था। उन्होंने स्वीकार किया कि उच्चतम स्तर पर जब तक दिमाग तेज और निर्णायक नहीं हो तब शरीर लड़खड़ाता है। कोहली ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने 123 टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 30 शतक की मदद से 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए।

# गुकेश समेत 15 भारतीय ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट में लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी गुकेश, अर्जुन एरिगैसी, आर प्रज्ञानानंदा, आर वैशाली और कोनेरू हम्पी समेत 15 भारतीय खिलाड़ियों ने उज्बेकिस्तान के समरकंद में 3 से 16 सितंबर तक होने वाले 2025 फिडे ग्रैंड स्विस और महिला ग्रैंड स्विस के लिए क्वालीफाई कर लिया है। फिडे ग्रैंड स्विस (ओपन) में गुकेश, एरिगैसी और प्रज्ञानानंदा के अलावा आठ अन्य भारतीय हिस्सा ले रहे हैं। इसमें अरविंद चिदंबरम,



विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा, निहाल सरीन, रौनक साधवानी, मुरली कार्तिकेयन, अभिमन्यु पौराणिक और आर्यन चोपड़ा शामिल है। वैशाली और हम्पी के साथ महिला ग्रैंड स्विस में हरिका द्रोणावल्ली और दिव्या देशमुख भी शामिल होंगी। वंतिका अग्रवाल इस टीम की रिजर्व खिलाड़ी है। शतरंज कैलेंडर में सबसे महत्वपूर्ण आयोजनों में से एक फिडे ग्रैंड स्विस खिलाड़ियों को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाने का सीधा रास्ता देता है।

# गिल को टेस्ट मैच बल्लेबाजी पर करना होगा काम : पोंटिंग

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि शुभमन गिल को अपनी टेस्ट बल्लेबाजी पर काम करना होगा और इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी की अतिरिक्त जिम्मेदारी के बीच उसे बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर उतरना चाहिए। विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत के लिए चौथे नंबर पर बल्लेबाजी को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं।

पोंटिंग ने कहा कि कप्तानी के शुरूआती दौर में गिल इस क्रम पर उतर सकते हैं। गिल का सफेद गेंद के प्रारूप में फॉर्म जबर्दस्त है। उसे टेस्ट बल्लेबाजी में काम करना होगा। अगर आप नए कप्तान हैं तो यह आसान नहीं होता। नए कप्तान के लिए अपनी बल्लेबाजी को लेकर सोचना आसान नहीं होता। भारत ने गिल को कप्तान बनाकर सही फैसला लिया है। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान ने कहा कि



- बोले- इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी की जिम्मेदारी के बीच बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर उतरना चाहिए

गिल लंबे समय तक कप्तानी करेंगे। पिछले सत्र में जब रोहित ने सिडनी टेस्ट नहीं खेलने का फैसला किया तो मेरी नजर में गिल कप्तान हो सकते थे। बुमराह की फिटनेस को लेकर आशंका थी और उस मैच के दौरान ही वह चोटिल हो गए थे। गिल को टेस्ट मैच बल्लेबाजी के मानसिक पहलू पर काम करना होगा। ऐसे महान टेस्ट बल्लेबाज भी हुए हैं जिनकी रक्षात्मक तकनीक उतनी अच्छी नहीं थी। वीरेंद्र सहवाग इसका अच्छा उदाहरण हैं। लेकिन अगर अपने स्ट्रोक्स पर नियंत्रण है तो तकनीक के बारे में सोचने की जरूरत नहीं है।

# अमेरिका ने इजराइल-हमास के बीच युद्ध विराम की मांग पर लगाया वीटो

- बंधकों की बिना शर्त रिहाई और सभी प्रतिबंधों को हटाने की मांग



वाशिंगटन/तेल अवीव/संरा, एजेंसी

अमेरिका ने गाजा में इजराइल और हमास आतंकवादियों के बीच स्थायी संघर्ष विराम की मांग को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर वीटो लगा दिया है। प्रस्ताव में गाजा में बंधकों की बिना शर्त रिहाई और गाजा में मानवीय सहायता की डिलीवरी पर लगे सभी प्रतिबंधों को हटाने की भी मांग की गयी है।

अमेरिका ने आईडीएफ और हमास आतंकवादियों के बीच गाजा में स्थायी युद्ध विराम की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के मसौदे पर वीटो लगा दिया है। इसने एन्क्लेव में सहायता आपूर्ति पर प्रतिबंध हटाने का भी आह्वान किया। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, संरा में कार्यवाहक अमेरिकी राजदूत डोरोथी शिया ने मतदान से पहले परिषद को बताया, अमेरिका ने स्पष्ट किया है कि हम ऐसे किसी भी उपाय का समर्थन नहीं करेंगे जो हमास की निंदा करने में विफल हो और हमास को निरस्त्र करने और गाजा छोड़ने का आह्वान न करे। उन्होंने 15 सदस्यीय परिषद में 10 देशों द्वारा रखे गए प्रस्ताव के बारे में कहा, यह प्रस्ताव जमीनी हकीकत को दर्शाने वाले युद्ध विराम तक पहुंचने के कूटनीतिक प्रयासों को कमजोर करेगा और हमास को बढ़ावा देगा। अन्य 14 सदस्यों ने 10 गैर-स्थायी सदस्यों द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।

## मांसपेशियों से नियंत्रण खोना ही पार्किंसन्स

कुछ हट के

पार्किंसन्स एक उम्र संबंधी मस्तिष्क से जुड़ी बीमारी है, जिसमें ब्रेन के कुछ हिस्से बहुत कमजोर या डैमेज हो जाते हैं। इसके कारण आमतौर पर लोग बहुत धीरे चलने-फिरने लगते हैं। उनके हाथ, पैर और सिर कांपने लगते हैं। इसके अलावा बैलेंसिंग की भी समस्या हो सकती है। ज्यादातर मामलों में इसका कोई स्पष्ट कारण पता नहीं है।

हालांकि, कुछ मामलों में देखा गया है कि यह अनुवांशिक कारणों से भी हो सकता है। इसका कोई स्थाई इलाज नहीं उपलब्ध है। समय पर इलाज मिलने से लक्षणों को गंभीर होने से रोका जा सकता है। साइंस जर्नल फ्रंटियर्स के मुताबिक, साल 2021 में पूरी दुनिया में 118 लाख लोगों को पार्किंसन्स था। अनुमान है कि 2050 तक पेशेंट्स की संख्या दोगुने से भी ज्यादा बढ़कर 252 लाख के करीब हो सकती है। पार्किंसन्स डिजीज में फिजिकल एक्टिविटीज और एक्सरसाइज का बहुत महत्व होता है क्योंकि इससे मसल्स मजबूत होती हैं, स्पीड सुधरती है और बैलेंस बनाए रखने में मदद मिलती है। प्रोटीन से भरपूर चीजें खाएं। मसल्स मजबूत बनाने और बॉडी एक्टिविटीज के लिए प्रोटीन जरूरी है।



**118** लाख से ज्यादा लोग 2021 तक पार्किंसन्स से पीड़ित

**2050** तक 252 लाख लोग हो सकते हैं इस बीमारी का शिकार

### बीमारी के लक्षण एवं क्यों होता है

- इस बीमारी के लक्षणों को मोटर (मूवमेंट से संबंधित) और नॉन-मोटर (जो मूवमेंट से नहीं जुड़े)- दो ग्रुप में बांटा जा सकता है। मुख्य रूप से ब्रेन में एक खास केमिकल डोपामिन की कमी के कारण होता है। यह केमिकल ब्रेन में स्ट्रायटम नामक हिस्से में होता है, जो मसल्स पर कंट्रोल और उसकी गति को नियंत्रित करता है। जब ब्रेन के इस हिस्से की सेल्स डैमेज होने लगती हैं या कमजोर होने लगती हैं तो पार्किंसन्स के लक्षण उभरते हैं।

### पार्किंसन्स के मुख्य कारण

- **जेनेटिक :** यह डिजीज कुछ मामलों में जेनेटिक हो सकती है। परिवार में किसी को पार्किंसन्स है तो उस व्यक्ति को खतरा दूसरों की अपेक्षा ज्यादा होता है।
- **आईडियोपैथिक :** ज्यादातर पार्किंसन्स मामलों का कारण पता नहीं चलता है। इसे आईडियोपैथिक पार्किंसन्स कहा जाता है, इस बीमारी का कारण स्पष्ट नहीं है।
- **एनवार्यनमेंटल :** कुछ मामलों में पेस्टिसाइड्स जैसे केमिकल्स से भी पार्किंसन्स होता है। कार्बन मोनोऑक्साइड व कुछ पॉइजन्स से भी खतरा बढ़ सकता है।
- **मस्तिष्क में सूजन :** मस्तिष्क में सूजन, जिसे एन्सेफलाइटिस कहा जाता है। इसके कारण भी कभी-कभी पार्किंसन्स के लक्षण उभर सकते हैं।

### एक्सरसाइज करेगी मदद

- चलने में सावधानी बरतें और स्पीड नियंत्रित करें, बहुत तेजी से न चलें।
- चलते समय हमेशा पैर की एड़ी को जमीन पर पहले रखें।
- अपने बॉडी पॉश्चर पर ध्यान दें। सीधे खड़े होने की कोशिश करें, ताकि शफ्लिंग यानी धीरे-धीरे चलने को रोका जा सके।
- पीछे की तरफ न चलें और न ही कुछ सामान उठाकर चलने की कोशिश करें।

## एक नजर

### बाइडन के ऑटोपेन इस्तेमाल के खिलाफ जांच का आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्षमादान देने और अन्य दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा ऑटोपेन का इस्तेमाल किए जाने की जांच करने का बुधवार को आदेश दिया। इसके अलावा अमेरिकी संसद के निचले सदन-प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं ने भी बाइडन के करीबी सदस्यों से पूछताछ का अनुरोध किया है।

### चीन ने ताइवान के 20 हैकर के खिलाफ वारंट किया जारी

**ताइपे।** चीन ने ताइवान की सत्तारूढ़ पार्टी की तरफ से देश में हैकिंग अभियान को अंजाम देने के आरोप में वहां (ताइवान) के 20 लोगों के खिलाफ बृहस्पतिवार को वारंट जारी किया। बीजिंग ने उस ताइवानी कंपनी के साथ व्यापार पर भी प्रतिबंध लगा दिया, जिसके मालिकों को चीनी अधिकारियों ने "ताइवान की स्वायत्तता का कट्टर समर्थक" बताया है। दक्षिणी शहर गुआंगझाउ की पुलिस ने बताया कि ताइवान की स्वायत्तता की समर्थक 'डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी' (डीपीपी) की ओर से हैकिंग अभियान निंग एनवेई नामक व्यक्ति के नेतृत्व में चलाया गया।

### यून व उनकी पत्नी की जांच के लिए विधेयक पारित

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की विधायिका ने पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल द्वारा दिसंबर में अल्पकालिक 'मार्शल लॉ' लगाए जाने और उनकी पत्नी के खिलाफ आपराधिक आरोपों की विशेष जांच शुरू करने के लिए गुरुवार को विधेयक पारित किए। कई महीनों की राजनीतिक उथल-पुथल के बाद मुखर उदारवादी नेता ली जे-म्यांग ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण किया और इसके एक ही दिन बाद उन्होंने अपदस्थ रूढ़ीवादी नेता यून के खिलाफ यह कदम उठाया।

### हज के लिए 15 लाख से ज्यादा मुसलमान सऊदी अरब पहुंचे

**अराफात।** इस साल हज करने के लिए दुनियाभर से 15 लाख से ज्यादा जायरीन सऊदी अरब पहुंचे हैं। एक प्रवक्ता ने बताया कि हज इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है और आर्थिक एवं शारीरिक तौर पर सक्षम मुस्लिम के लिए यह जरूरी माना जाता है कि वह एक बार हज जरूर करे।

# प्रधानमंत्री ने शुरू की 700 किलोमीटर लंबी अरावली ग्रीन वॉल परियोजना

## पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान का किया विस्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली उद्यान में एक पौधा लगाकर 'एक पेड़ मां के नाम' पहल को आगे बढ़ाया और राष्ट्रीय राजधानी से गुजरात तक फैली 700 किलोमीटर लंबी अरावली पर्वत श्रृंखला में पुनः वनरोपण करने की विशेष पहल की शुरुआत की।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विश्व की सबसे प्राचीन पर्वतमालाओं में से एक अरावली पर्वतमाला गुजरात, राजस्थान, हरियाणा से लेकर दिल्ली तक फैली है तथा यह क्षेत्र अनेक पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहा है और इनके समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हमारा ध्यान इस पर्वतमाला से जुड़े क्षेत्रों का कायाकल्प करने पर है। हम संबंधित स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर काम करेंगे और जल प्रणालियों में सुधार, धूल भरी आंधी पर अंकुश लगाने, थार रेगिस्तान के पूर्व की ओर विस्तार को रोकने आदि पर जोर देंगे। मोदी ने कहा, अरावली पर्वतमाला और उसके बाहर, पारंपरिक पौधरोपण विधियों के अलावा, हम नई तकनीकों को प्रोत्साहित करेंगे, विशेष रूप से शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में जहां जगह की कमी है। पौधरोपण गतिविधियों को जियो-टैग किया जाएगा और मेरी लाइफ पोर्टल पर उनकी निगरानी की जाएगी। प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं से इस आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने और पृथ्वी के हरित आवरण को बढ़ाने में योगदान देने का आग्रह भी किया। उन्होंने दिल्ली सरकार की सतत परिवहन पहल के तहत इलेक्ट्रिक बसों को भी हरी झंडी दिखाई।




दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली उद्यान में पौधा लगाकर 'एक पेड़ मां के नाम' पहल को आगे बढ़ाते प्रधानमंत्री मोदी।

### कहा- सरकार गरीबों के कल्याण, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को कहा कि उनके नेतृत्व वाली राजग सरकार गरीब कल्याण के लिए समर्पित है और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार अपने 11 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों से लोगों को अवगत कराने के लिए जन संपर्क अभियान शुरू करेगी। मोदी ने एक्स पर कहा कि राजग सरकार ने पिछले एक दशक से अधिक समय में सशक्तीकरण, बुनियादी ढांचे और समावेश पर ध्यान केंद्रित कर कई लोगों को गरीबी के चंगुल से बाहर निकालने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राजग ऐसे समावेशी और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें प्रत्येक नागरिक को सम्मान के साथ जीने का अवसर मिले। सरकार की सभी प्रमुख योजनाएं गरीबों के जीवन में बदलाव लेकर आई हैं। उन्होंने लिखा, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को बढ़ाया है।

# थरूर ने अमेरिका में कहा- भारत को किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं

- राष्ट्रपति ट्रंप के संघर्ष विराम में भूमिका निभाने के दावे पर कांग्रेस सांसद ने रखी भारत की बात

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत एवं पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष विराम में अपनी भूमिका को लेकर बार-बार किए जा रहे दावों के बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि भारत, अमेरिकी राष्ट्रपति पद का सम्मान करता है लेकिन नयी दिल्ली ने कभी नहीं चाहा कि वह किसी से मध्यस्थता करने के लिए कहे और किसी को हमें यह बताने की जरूरत नहीं कि हमें रुकना है।

सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के नेता थरूर मंगलवार दोपहर यहां पहुंचे और प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को अमेरिकी सांसदों एवं सरकारी अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। थरूर ने कहा, मैं बस इतना कह सकता हूं कि हम अमेरिका के राष्ट्रपति के पद और अमेरिकी राष्ट्रपति का बहुत सम्मान करते हैं। हम अपने लिए बस इतना ही कह सकते हैं कि हमने कभी किसी से मध्यस्थता करने के लिए नहीं कहना चाहा।

उन्होंने बुधवार को यहां नेशनल प्रेस क्लब में कहा कि भारत को पाकिस्तानियों को उन्हीं की भाषा में जवाब देने में कोई दिक्कत नहीं थी। उन्होंने कहा, जब तक वे आतंकवाद की भाषा का इस्तेमाल करते रहेंगे, हम बल की भाषा का इस्तेमाल करेंगे। इसके लिए किसी तीसरे पक्ष की जरूरत नहीं है। विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष थरूर इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। इस प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में सरफराज अहमद (झारखंड मुक्ति मोर्चा), जी. हरीश बालयोगी (तेलुगु देशम पार्टी), शशांक मणि त्रिपाठी (भारतीय जनता पार्टी), भुवनेश्वर कलिता (भारतीय जनता पार्टी), मिलिंद देवरा (शिवसेना), तेजस्वी सूर्या (भारतीय जनता पार्टी) और अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत संधू शामिल हैं।



अमेरिका में थरूर के नेतृत्व में पहुंचा प्रतिनिधिमंडल।

### भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने यूरोपीय संघ की नेता के समक्ष कश्मीर में सीमापार आतंकवाद का मुद्दा उठाया

**ब्रसेल्स।** भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को यहां एशिया मामलों की प्रभारी एवं यूरोपीय संसद की उपाध्यक्ष के साथ बैठक में कश्मीर में प्रगति को अस्थिर करने और सांप्रदायिक तनाव भड़काने के लिए सीमा पार से आतंकवाद के इस्तेमाल को लेकर चिंता व्यक्त की। यह प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को ब्रिटेन से बेल्जियम पहुंचा था। बेल्जियम और लक्जमबर्ग में भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एशिया मामलों की प्रभारी एवं यूरोपीय संसद की उपाध्यक्ष क्रिस्टेल शाल्डेमोस के साथ सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की एक सार्थक और रचनात्मक बैठक हुई। इसमें कहा गया है, कश्मीर में प्रगति को बाधित करने और स्थिति को सांप्रदायिक बनाने के लिए सीमा पार से आतंकवाद के इस्तेमाल के बारे में वरिष्ठ संसदीय स्तर पर जानकारी देने का यह एक अच्छा मौका है।

# हार्वर्ड में पढ़ने के इच्छुक विदेशी छात्रों के प्रवेश पर रोक के लिए ट्रंप ने उठाया कदम

- राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर शासकीय आदेश पर किए हस्ताक्षर

वाशिंगटन, एजेंसी

राष्ट्रपति ट्रंप ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ने के इच्छुक विदेशी छात्रों का देश में प्रवेश रोकने के लिए एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। यह आइवी लीग स्कूल से अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को दूर रखने का उनका नया प्रयास है। आइवी लीग हार्वर्ड विश्वविद्यालय समेत अमेरिका के आठ प्रतिष्ठित निजी विश्वविद्यालयों का समूह है।

ट्रंप ने बुधवार को एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए जिसमें घोषणा की गई है कि हार्वर्ड को मैसाचुसेट्स के कैम्ब्रिज स्थित अपने परिसर में विदेशी छात्रों को दाखिला देने की अनुमति देना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा होगा। ट्रंप ने आदेश में लिखा, मैंने यह तय किया है कि उक्त वर्णित विदेशी नागरिकों के वर्ग का प्रवेश अमेरिका के हितों के लिए हानिकारक है क्योंकि मेरे विचार में हार्वर्ड के आचरण ने इसे विदेशी छात्रों व शोधकर्ताओं के लिए अनुपयुक्त गंतव्य बना दिया है। यह देश के सबसे पुराने और सबसे धनी विश्वविद्यालय के साथ 'व्हाइट हाउस के टकराव की दिशा में एक और कदम है।

### संघीय अदालत की रोक के बाद भी कानूनी प्राधिकार का इस्तेमाल

बोस्टन की एक संघीय अदालत ने हार्वर्ड में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों पर रोक लगाने से गृह सुरक्षा विभाग को पिछले सप्ताह रोक दिया था लेकिन ट्रंप का आदेश एक अलग कानूनी प्राधिकार का इस्तेमाल करता है। उन्होंने बुधवार को इसी प्राधिकार का हवाला देते हुए यह भी घोषणा की कि 12 देशों के नागरिकों के अमेरिका आने पर रोक रहेगी तथा सात अन्य देशों के नागरिकों पर भी कुछ पाबंदियां होंगी।

## जापान की वार्षिक जन्म दर में रिकॉर्ड गिरावट

**तोक्यो।** जापान में नवजात शिशुओं की संख्या पूर्व के अनुमान से कहीं अधिक तेजी से घट रही है और गत वर्षों की तुलना में जापान में वार्षिक दर रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई है। सरकार द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों में यह खुलासा हुआ।

स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक 2024 में जापान में 6,86,061 बच्चों का जन्म हुआ, जो इससे पिछले वर्ष की तुलना में 5.7 प्रतिशत कम है। आंकड़ों के मुताबिक जापान में 1899 से जन्म लेने वाले बच्चों का रिकॉर्ड रखा जा रहा है और यह पहली बार है जब साल में बच्चों के जन्म लेने की संख्या सात लाख से भी नीचे आ गई है। यह लगातार 16वां साल है जब जन्मदर में गिरावट आई है। जापान में एक साल में सबसे अधिक 27 लाख बच्चों का जन्म 1949 में हुआ था।

## पर्यटकों का इंतजार



पहलगाम में आतंकी हमले के बाद कश्मीर में पार्यटकों की आवाजाही बहुत कम हो गई है। गुरुवार को डल झील में खाली खड़े शिकारे। एजेंसी

## गाजा पट्टी से दो इजराइली बंधकों के शव बरामद

**तेल अवीव।** इजराइल ने सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के दौरान बंधक बनाए गए दो इजराइली-अमेरिकी लोगों के शव बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। क्षेत्र के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, रातभर और बृहस्पतिवार को इजराइल की ओर से किये गये हमलों में कम से कम 13 लोग मारे गए, जिनमें तीन स्थानीय पत्रकार भी शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि जूडिह वीनस्टीन और गैड हग्गई के शव सेना और आंतरिक सुरक्षा एजेंसी 'शिन बेट' द्वारा चलाए गए एक विशेष अभियान के तहत बरामद कर इजराइल लाए गए हैं। नेतन्याहू ने कहा, इजराइल के सभी नागरिकों की ओर से मैं इनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

# नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ मुकदमा दायर



- पतंजलि भूमि सौदा मामले में 92 अन्य के खिलाफ भी मुकदमा

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल की भ्रष्टाचार रोधी एजेंसी ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट के अध्यक्ष माधव कुमार नेपाल के खिलाफ भूमि घोटाले के सिलसिले में एक मुकदमा दायर किया है। पद के दुरुपयोग की जांच संबंधी आयोग (सीआईएए) ने पतंजलि भूमि सौदा मामले में कथित संलिप्तता के लिए माधव नेपाल और 92 अन्य पर एक विशेष अदालत में मुकदमा दायर किया। इसपर, पतंजलि की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

सीआईएए ने आरोप लगाया कि पतंजलि ने कावरेपालनचोक जिले में भूमि सीमा छूट के तहत जमीन खरीदी थी। हालांकि, सरकारी रियायत के तहत अधिग्रहीत जमीन को कैबिनेट स्तर की मंजूरी के साथ बेच दिया गया था। साल 2010 में माधव की सरकार के दौरान कैबिनेट ने भूमि सीमा छूट के तहत भूमि की खरीद को मंजूरी दी थी। तय सीमा से अधिक भूमि बेची गई, जो कानून का उल्लंघन है। नेपाल में संभवतः यह पहली बार है कि भ्रष्टाचार रोधी संस्था ने किसी पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। पूर्व कानून मंत्री प्रेम बहादुर सिंह, पूर्व भूमि सुधार मंत्री डंबर श्रेष्ठ और पूर्व मुख्य सचिव माधव प्रसाद घिमिरे समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

साक्षात्कार — सांसद शशि थरूर ने पार्टी छोड़ने की अटकलों को खारिज कर कांग्रेसी नेताओं को सुनाई दो टूक

# राष्ट्रहित के लिए विदेश दौरे पर हूं, पार्टी के लिए नहीं

वाशिंगटन, एजेंसी

सांसद शशि थरूर ने उनके कांग्रेस छोड़ने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि जो कोई भी यह मानता है कि राष्ट्रीय हित में काम करना कोई पार्टी विरोधी गतिविधि है, उसे खुद से सवाल करने की जरूरत है। थरूर पहलगाम हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को भारत के रुख से अवगत कराने के लिए एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं और इस समय अमेरिका में हैं।

कुछ कांग्रेस नेताओं ने पहलगाम हमले के बाद सरकार के रुख का समर्थन करने के लिए थरूर की आलोचना की है। एक सहयोगी ने तो भाजपा का महाप्रवक्ता तक कह दिया।



थरूर ने बुधवार को एक साक्षात्कार में कहा, सच कहूं तो, जब कोई देश की सेवा कर रहा हो, तो मुझे नहीं लगता कि उसे इन चीजों के बारे में बहुत ज्यादा चिंता करने की जरूरत है। जब उनसे पूछा गया कि भारत लौटने पर वह अपने आलोचकों को क्या संदेश देंगे, तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जो कोई भी यह समझता है कि राष्ट्रीय हित में काम करना किसी प्रकार की पार्टी विरोधी गतिविधि है, उसे हमसे नहीं, बल्कि खुद से सवाल करने की जरूरत है। कई बार कुछ मुद्दों पर थरूर की टिप्पणियां कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक रुख से भिन्न रही हैं। सोशल मीडिया पर इस बात को लेकर चर्चा हो रही है कि क्या थरूर कांग्रेस में बने रहेंगे या भाजपा में शामिल होंगे।

इन अटकलों को लेकर थरूर ने कहा, मैं संसद का निर्वाचित सदस्य हूं। मेरे कार्यकाल के चार साल बाकी हैं। मुझे नहीं पता कि इस पर कोई सवाल क्यों पूछा जा रहा है।

### कहा- लोकतंत्र में राजनीतिक दलों द्वारा विरोध और आलोचना करना सामान्य बात

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना करते हुए हाल में कहा था कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का फोन आने के बाद उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया है। थरूर ने इस बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, ''लोकतंत्र में राजनीतिक दलों द्वारा विरोध करना, आलोचना करना और मांगें करना सामान्य बात है। उन्होंने कहा, हम यहां किसी पार्टी के राजनीतिक मिशन पर नहीं आए हैं। हम यहां एकजुट भारत के प्रतिनिधि के तौर पर आए हैं। थरूर ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल में तीन धर्मों और सात राज्यों से पांच राजनीतिक दल शामिल थे।

# ट्रंप-पुतिन वार्ता के बाद रूस का यूक्रेन पर हमला, 5 लोगों की मौत

कीव, एजेंसी

उत्तरी यूक्रेन के प्रिलुकी शहर पर बृहस्पतिवार को हुए ड्रोन हमले में एक शिशु, उसकी मां और दादी समेत कम से कम पांच लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार सुबह होने से कुछ समय पहले शहर के रिहाइशी इलाके में छह ड्रोन ने हमला किया।

यूक्रेन के गृह मंत्री इहोर क्लाइमेंको ने कहा कि हमले में जान गंवाने वाला बच्चा स्थानीय दमकल सेवा प्रमुख का पौत्र था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि स्थानीय अधिकारियों ने दमकल प्रमुख की पहचान 50 वर्षीय ओलेक्जेंडर लेबिड के रूप में की है। जेलेंस्की ने कहा, वह अपने ही घर पर हुई घटना पर प्रतिक्रिया देने पहुंचे थे। पता चला है कि शाहिद ड्रोन ने उनके घर पर हमला किया। हमले से कुछ घंटे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की थी।

ट्रंप के अनुसार, पुतिन ने बहुत दृढ़ता से कहा कि रूस रविवार को रूसी सैन्य हवाई अड्डों पर हुए यूक्रेन के आश्चर्यजनक ड्रोन हमलों का जवाब देगा। तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध को रोकने के लिए अमेरिका के नेतृत्व में किए गए कूटनीतिक प्रयासों से कोई महत्वपूर्ण प्रगति नहीं हुई है, तथा यह भीषण युद्ध बेरोकटोक जारी है। यूक्रेन राष्ट्रीय पुलिस ने कहा कि हमले में जान गंवाने वाले एक वर्ष के बच्चे की मां दरीना शिहिदा एक पुलिस अधिकारी थी।